

नवरात्रि का चौथा दिन

कुष्माण्डा

नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि देवी कुष्मांडा सूर्य को दिशा और ऊर्जा प्रदान करती हैं। इसलिए भगवान सूर्य देवी कुष्मांडा द्वारा शासित हैं।

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 350 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | रविवार | 06 अक्टूबर, 2024

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper




## प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र को दिया 56,000 करोड़ रुपये की योजनाओं का तोहफा

# कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेल रही : पीएम

### कांग्रेस का मकसद बांटो और सत्ता में रहो, वे दलित-आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझते

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में दर्शन किए
- संत सेवालाल और रामराव महाराज की समाधियों पर श्रद्धांजलि अर्पित की
- किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर 20,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे की रैली में कहा, कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एक ही मिशन है, बांटो और सत्ता में रहो। वह जानती है उसका वोट बैंक एक रहेगा। हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे, जश्न मनाएंगे। कांग्रेस को अर्बन नक्सल गैंग चला रहे हैं। वह देश विरोधियों के साथ खड़ी है। वे (कांग्रेस) सोचते हैं कि अगर हम सभी एकजुट हो जाएंगे, तो देश को बांटने का उनका एजेंडा फेल हो जाएगा। कांग्रेस की सोच शुरू से ही विदेशी रही है। अंग्रेजी हुकूमत की तरह कांग्रेस परिवार भी दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझता। इससे पहले उन्होंने वाशिम में कई परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि हाल ही में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई है। एक कांग्रेस नेता ड्रग्स रैकेट का सरगना है। कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेलकर मिलने वाले पैसे से चुनाव लड़ना चाहती है। दरअसल, दिल्ली के महरौली में 2 अक्टूबर को 560 किलोग्राम कोकीन जब्त की गई। बाजार में इसकी कीमत करीब 5600 करोड़ है। इसका मुख्य आरोपी तुषार गोयल 2022 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। आरोपी की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर भी आरटीआई सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस लिखा हुआ है।

### आरे जेवीएलआर से बीकेसी के बीच मेट्रो लाइन 3 का पहला खंड

मुंबई मेट्रो 3 परियोजना का पहला चरण 12 किलोमीटर से ज़्यादा लंबा है, जो आरे को चहल-पहल वाले बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) से जोड़ता है। यह बिल्कुल नया भूमिगत मार्ग साढ़े छह मिनट की फ्रिक्वेंसी होगी और यह 10 स्टेशन को कवर करेगी। हालांकि काम जारी रहने के करण दो एयरपोर्ट स्टेशन सीमित पहुंच के साथ खुलेंगे, जिसमें टर्मिनल 2 स्टेशन 6,45,835 वर्ग फुट टीओडी बिल्डिंग से दो स्तर नीचे होगा, जिसमें भारत के सबसे ऊंचे एस्केलेटर और अंधेरी की ओर तीन प्रवेश और निकास द्वार होंगे। फिलहाल 9 ट्रेन चलेगी जो 96 राउंड ट्रिप्स सेवाएं चलाना इसमें शामिल है। जिनका परिचालन समय सुबह 6 :30 बजे से रात 10 :30 बजे तक होगा। इसके साथ शनिवार और रविवार को 8 :30 से रात 11 बजे तक चलेगी। आरे जेवीएलआर और बीकेसी स्टेशन के टिकट की कीमत 10 रुपये से शुरू होकर 50 रुपये होगी। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे ने बताया कि आरे से बीकेसी खंड में दस स्टेशन हैं ( दो हवाईअड्डे वाले सहित) और यहां नौ ट्रेनें उपयोग के लिए होंगी, जिनमें से दो को नियमित रखरखाव के लिए, एक को स्टैंड बाई के रूप में और सात अन्य को सक्रिय यात्री सेवा में रखा जाएगा।

### मुंबई मेट्रो स्टेशन के नाम बदले

मुंबई मेट्रो के कुछ स्टेशनों के नामों को बदल दिया गया है। भिडे ने बताया कि बांद्रा मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) मेट्रो स्टेशन कर दिया गया है, जिन प्रमुख स्टेशनों के नाम बदले गए हैं उनमें छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टी 1 पूर्व में डोमेस्टिक एयरपोर्ट, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टी2 पूर्व में इंटरनेशनल एयरपोर्ट और जगन्नाथ शंकर शेठ मेट्रो जो पूर्व में मुंबई सेंट्रल मेट्रो शामिल है। इसके साथ ही सात मेट्रो स्टेशन नॉटम न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड इसके तहत कम जगह होने पर टनल यानी सुरंग को काट कर उसको आगे बढ़ाया जाता है। इसका आकार ट्यूब अथवा सुरंग की तरह होता है। मुंबई में जगह कम होने के कारण मेट्रो के सात स्टेशनों को इसी तकनीक के तहत बनाया गया है। जिसमें चकाला, हुतात्मा चौक और कालबादेवी मुख्य है।

### वाशिम में इन प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ

- पीएम ने वाशिम में 9.4 करोड़ किसानों को लगभग 20,000 करोड़ रुपए की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। इसके साथ ही पीएम-किसान के तहत किसानों को जारी की गई कुल धनराशि लगभग 3.45 लाख करोड़ रुपए हो गई है।
- मोदी ने नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की 5वीं किस्त भी लॉन्च की और 2,000 करोड़ रुपए जारी किए। प्रधानमंत्री ने कृषि अवसंरचना कोष के तहत 1,920 करोड़ की लागत वाली 7,500 से अधिक परियोजनाएं लॉन्च की। इनमें कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट्स, वेयर हाउसेज, छंटाई और ग्रेडिंग यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट शामिल हैं।
- मोदी ने लगभग 1,300 करोड़ रुपए के कम्बाइंड टर्नओवर वाले 9,200 किसान उत्पादक संगठनों डेडिकेट किए। इसके अलावा उन्होंने मवेशियों के लिए यूनिफाइड जीनोमिक चिप और स्वदेशी सेक्स-सॉर्टेड सीमन तकनीक लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों के लिए किफायती मूल्य पर सेक्स सॉर्टेड सीमन की उपलब्धता बढ़ाना और प्रति खुराक लागत लगभग 200 रुपए कम करना है।
- यूनिफाइड जीनोमिक चिप, स्वदेशी मवेशियों के लिए गौ चीप और भैंसों के लिए मशीन चीप को जीनोटाइपिंग सर्विसेज के साथ विकसित किया गया है। जीनोमिक सिलेक्शन के जरिए हाई क्वालिटी वाले बैल कम उम्र में ही विकसित किए जा सकेंगे।

### पीएम ने जगदंबा माता मंदिर में पूजा की, ढोल बजाया

मोदी ने वाशिम से महाराष्ट्र दौरे की शुरुआत की। उन्होंने पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और पारंपरिक ढोल बजाया। इसके बाद संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पीएम मोदी ने वाशिम में बंजारा विरासत म्यूजियम का उद्घाटन किया। फिर एक कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। पीएम ने वाशिम में करीब 23,300 करोड़ रुपए की कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं की शुरुआत की। पीएम मोदी आज महाराष्ट्र में कुल 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की शुरुआत करने वाले हैं। वे ठाणे में 32,800 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद पीएम मुंबई में लगभग 14,120 करोड़ रुपए की लागत वाली मुंबई मेट्रो लाइन- 3 के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आरे जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। फिर बीकेसी और सांताक्रूज के बीच मेट्रो में सवारी भी करेंगे।

### मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का शुभारंभ

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की बहुप्रतीक्षित पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 के पहले चरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मुंबई की पहलीअंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 देश की पहली संपूर्ण भूमिगत मेट्रो है। उन्होंने 14120 करोड़ रुपये की लागत वाली मुंबई मेट्रो लाइन 3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन किया। ठाणे में परियोजना के उद्घघाटन के साथ ही पीएम ने ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना और एलिवेटेड ईस्टर्न फ्री वे एक्सटेंशन सहित 32,800 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने नवी मुंबई हवाईअड्डा प्रभाव अधिसूचित क्षेत्र परियोजना का भी शिलान्यास किया।

## अमेठी हत्याकांड: परिवार को नौकरी के अलावा जमीन और आर्थिक मदद भी देगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश सरकार अमेठी में मारे गए रायबरेली निवासी शिक्षक सुनील के परिवार के एक आश्रित को नौकरी के साथ ही जमीन का पट्टा भी देगी। आर्थिक मदद भी की जाएगी। शिक्षक सुनील के पिता रामगोपाल, बहन सुनीता देवी और भाभी निशा देवी शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मिले। इस दौरान ऊंचाहार (रायबरेली) से सपा के बागी विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे भी मौजूद रहे। मनोज पांडेय ने बताया कि मुलाकात के दौरान हमने सीएम को एक मांग पत्र भी दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देगी। पट्टा जमीन देने के भी निर्देश दिए गए हैं। मृतक आश्रित कोटे में परिवार जो एक नाम तय करके देगा, उसे नियमानुसार सरकारी नौकरी भी मिलेगी। सीएम ने पीड़ित परिवार के सभी सदस्यों के आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। पीड़ित परिवार को एक सीएम आवास भी मिलेगा।मनोज पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस जघन्य हत्याकांड में कड़ी कार्रवाई का भरोसा भी दिया।

### सीएम ने मदद का दिया भरोसा: रामगोपाल

सीएम से मिलने के बाद मृतक शिक्षक सुनील के पिता रामगोपाल ने मीडिया को बताया कि मजदूरी करके बच्चों को पढ़ाया लिखाया। बहू के साथ आरोपी ने छेड़खानी की, तब हमने रिपोर्ट लिखाई। लेकिन, तब पुलिस ने समुचित कार्रवाई नहीं की। हमें खिलाने वाला कोई नहीं है। सीएम हमारे दुख में शरीक हुए हैं। हमने उन्हें छत देने को कहा, खेत देने को कहा, नौकरी देने को कहा, फ्री इलाज की बात कही। इस पर सीएम ने कहा कि हां मिलेगा। हम अब अपराधी पर कड़ी कार्रवाई चाहते हैं।

### दिल्ली पहुंचा अमेठी हत्याकांड का मामला

अमेठी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या का मामला दिल्ली तक पहुंच गया है। यही वजह है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) रविवार को रायबरेली के साथ अमेठी जाकर इस पूरे घटनाक्रम की जांच करेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे आयोग की टीम मृतक शिक्षक सुनील कुमार के गांव सुदामापुर पहुंचेगा। परिवार से बातचीत करके घटना की जानकारी लेगा। इसके बाद आयोग के अमेठी जाकर भी जांच करने का कार्यक्रम है।

## महाकुंभ में अब 'शाही' नहीं, 'राजसी स्नान' होगा

### कहा, स्नान करने वाले भी आधार कार्ड लेकर आएं



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

प्रयागराज में महाकुंभ स्नान इस बार बहुत खास होगा। 8 अखाड़ों के संतों ने मिलकर स्नान को सुरक्षित बनाने के लिए अहम फैसले किए। सबसे बड़ा फैसला हुआ कि महाकुंभ में शाही स्नान नहीं होंगे। इन्हें अब राजसी स्नान कहा जाएगा। महाकुंभ में शामिल होने वाले संतों को भी ढूष्ठ कार्ड दिए जाएंगे। जो लोग कुंभ में स्नान करने देश-विदेश से पहुंचते हैं, उन्हें भी आधार कार्ड लेकर आना होगा। दरअसल, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी की अध्यक्षता में प्रयागराज में निरंजनी अखाड़ा के दारागंज स्थित मुख्यालय में बैठक हुई। इस दौरान परिषद के महामंत्री हरि गिरी जी महाराज समेत 8 अखाड़ों के संत मौजूद रहे। बैठक में लव जिहाद, गाय को राष्ट्रीय माता घोषित करने जैसे मुद्दों पर भी संत एकमत दिखाई दिए। संतों ने उर्दू और फारसी के शब्दों को हटाकर सनातन संस्कृति के आधार पर नाम रखे जाने पर एकजुटता दिखाई। अब 6 अक्टूबर (रविवार) को अखाड़ा परिषद की ओर से 11 प्रस्ताव सीएम योगी के सामने रखे जाएंगे।

### संतों ने कहा, अखाड़ा का अनुदान दोगुना हो

संतों ने कहा, सनातन धर्म को बचाना है, तो अखाड़ों का बजट 2019 के मुकाबले दोगुना करना होगा। गंगा की अविरलता और निर्मलता, गंगा-यमुना पर बन रहे स्नान घाटों का नामकरण अखाड़ों के इष्ट देवता के नाम पर किए जाने के लिए कहा गया है।

## लखनऊ में शायर मुनव्वर राना की बेटी हाउस अरेस्ट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान पर बवाल जारी है। बुलंदशहर में शुक्रवार देर रात मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग सड़क पर उतर आए। नारेबाजी कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। यति नरसिंहानंद गिरि का सिर कलम करने वाले को एक लाख रुपए देने का ऐलान हुआ है। ये विवादित पोस्ट फेसबुक पर डालने वाले फिरोज खान नामक शख्स के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। लखनऊ में शायर मुनव्वर राना की बेटी सुमैया राना को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। सुमैया, यति नरसिंहानंद के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में महिलाओं के साथ तहरीर देने जा रही थीं। गाजियाबाद में भी मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने शुक्रवार रात को डासना मंदिर का घेराव किया। पुलिस ने 150 अज्ञात प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर दर्ज की है। नरसिंहानंद इसी मंदिर के पीठाधीश्वर हैं। घेराव के समय वे मंदिर के अंदर ही थे। पुलिस ने रात 12 बजे तक भीड़ को मंदिर के बाहर से हटाया। मेरठ, मथुरा और मुरादाबाद में भी मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन किया। यहां पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। विवाद के बीच पुलिस ने नरसिंहानंद को हिरासत में ले लिया है। डासना मंदिर के बाहर फोर्स तैनात कर दी गई है।

## बंगाल में 10 साल की बच्ची का शव मिला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना में आज सुबह 10 साल की बच्ची का शव मिला। परिवार ने बच्ची से रेप के बाद उसकी हत्या का दावा किया है। घटना कृपाखाली इलाके के कुलटाली थाना क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्ची 4 अक्टूबर की शाम से लापता थी, लेकिन पुलिस ने एक्शन लेने में देरी की। घटना के विरोध में लोगों ने महिस्मारी पुलिस चौकी को घेरा और पुलिस पर डंडों और पत्थरों से वार किया। लोगों ने पुलिस चौकी में भी तोड़फोड की और आखिर में वहां आग लगा दी। लोगों का आक्रोश देख पुलिसकर्मी चौकी छोड़कर भाग गए। लोगों ने घटनास्थल पर एसडीपीओ और अन्य पुलिसकर्मियों को बंधक बनाने की भी कोशिश की। इसके बाद इलाके में भारी पुलिस बल भेजा गया। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। कुलटाली के अस्ष्ट विधायक गणेश मंडल ग्रामीणों को शांत करने के लिए मौके पर गए, लेकिन लोगों ने उन्हें भी खदेड़ दिया।

## 10 दिवसीय मालाबार अभ्यास की मेजबानी करेगा भारत, चार देशों की सेनाएं दिखाएंगीं दम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इस बार 10 दिवसीय मालाबार अभ्यास की मेजबानी भारत करेगा। इसमें भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान समेत चार देशों की सेनाएं भाग लेंगीं। भारतीय नौ सेना ने बताया कि आठ अक्तूबर से 18 अक्तूबर तक होने वाले मालाबार अभ्यास 2024 की शुरुआत विशाखापत्तनम में हॉर्बर चरण से होगी। इसके बाद समुद्री चरण होगा। इस दौरान चारों देशों की नौसेनाएं जटिल नौसैनिक अभ्यास करेंगीं। भारतीय नौसेना के मुताबिक इस अभ्यास में कई भारतीय नौ सैनिक प्लेटफार्म भाग लेंगे। इसमें मिसाइल विध्वंसक, पनडुब्बियां, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। नौसेना अधिकारियों ने बताया कि यह अभ्यास सहयोग और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसमें सतह, वायु और पनडुब्बी रोधी युद्ध पर चर्चा होगी। अभ्यास के दौरान समुद्र में पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतही युद्ध और वायु रक्षा अभ्यास जैसे जटिल समुद्री अभियान होंगे। मालाबार अभ्यास 1992 में भारत और अमेरिका के बीच एक वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था।

**रिपोर्ट** योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20,000 बच्चों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य

# प्रदेश भर में दिव्यांग बच्चों की पहचान कर रही योगी सरकार

- बेसहारा बच्चों की पालनहार बन रही योगी सरकार, स्पॉन्सरशिप योजना से खिल रहा बचपन
- आर्थिक रूप से कमजोर व शोषित कमजोर बच्चों को मिल रही 4,000 रुपये की वित्तीय सहायता
- योजना के तहत अबतक 1,423.20 लाख रुपये की सहायता राशि की जा चुकी है वितरित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ उत्तर प्रदेश के कमजोर और वंचित बच्चों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। योगी सरकार द्वारा शुरू की गई स्पॉन्सरशिप योजना वंचित, बेसहारा और दिव्यांग बच्चों के कल्याण में मील का पत्थर साबित हो रही है। एक अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग एक अभियान के तहत दिसंबर माह तक दिव्यांग बच्चों की पहचान कर योजना की पात्रता पूरी करने वाले बच्चों की आर्थिक सहायता करेगी। स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत प्रति बच्चे को मासिक 4,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। वित्तवर्ष 2024-25 में 20 हजार बच्चों की सहायता के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही योगी सरकार की यह पहल राज्य के वंचित बच्चों के प्रति उसकी समर्पित प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो समावेशी विकास के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है। यह योजना केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य पहल का हिस्सा है और इसका उद्देश्य ऐसे बच्चों को सहायता प्रदान करना है जो कठिन परिस्थितियों में अपने विस्तारित परिवारों के साथ रह रहे हैं। योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 11,860 बच्चों को 1,423.20 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की है। इसके माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कठिन परिस्थितियों में जी रहे किसी भी बच्चे को सहायता से वंचित न रहना पड़े।



### तत्काल समयबद्ध तरीके से योजना में शामिल किया जाएगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में भर में एक विशेष अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों की पहचान की जा रही है। दिसंबर महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत जनपद स्तर पर योजनबद्ध तरीके से दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन बच्चों में से जो बच्चे स्पॉन्सरशिप योजना की पात्रता पूर्ण कर रहे हैं उन्हें तत्काल समयबद्ध तरीके से योजना में शामिल किया जाएगा।

### अनाथ बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है योजना

स्पॉन्सरशिप योजना के तहत दी गई वित्तीय सहायता से इन बच्चों की उचित देखभाल, शिक्षा और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। योजना की पात्रता मापदंड इस प्रकार तय किए गए हैं कि सबसे ज्यादा जरूरतमंद बच्चों को इसका लाभ मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों की वार्षिक आय सीमा 72,000 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 96,000 रुपये तय की गई है। ऐसे मामलों में जहां दोनों अभिभावकों या कानूनी संरक्षकों का निधन हो चुका है, आय सीमा की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, उम्र प्रमाण पत्र, अभिभावकों के निधन का प्रमाण पत्र, और बच्चे का शैक्षणिक संस्थान में पंजीकरण प्रमाण, जिला बाल संरक्षण इकाई या जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा। इस योजना के अंतर्गत प्रति बच्चे को मासिक 4,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। सहायता राशि का 60त्न हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा 17 जुलाई 2022 को स्वीकृत स्पॉन्सरशिप योजना ने अपने दायरे का काफी विस्तार किया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत 7,018 बच्चों को 910.07 लाख रुपये वितरित किए गए थे। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 11,860 बच्चों को 1,423.20 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है।

## जवानों से भरी बस पलटी

### ऋषिकेश-चम्बा हाईवे पर हादसा, जम्मू-कश्मीर चुनाव ड्यूटी से लौट रहे थे



जन एक्सप्रेस। देहरादून

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव ड्यूटी से लौट रही आईटीबीपी जवानों से भरी बस ताछिला के पास पलट गई। ऋषिकेश-चम्बा नेशनल हाईवे पर हादसा हुआ। सात जवान घायल हुए हैं जबकि अन्य सभी जवान सुरक्षित हैं। बस ऋषिकेश से उत्तरकाशी की ओर जा रही थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों और लंबा जाम लग गया। नरेंद्र नगर स्थित श्री देव सुमन राजकीय उप जिला चिकित्सालय में घायलों को लाया गया। जहां पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अनिल नेगी के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीमों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। आईटीबीपी के जवानों के साथ मेडिकल टीम के सदस्य अजय एवं मिलन ने बताया कि उनकी टीम द्वारा घटना स्तर पर ही घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया।

# डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की जन समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**



जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मऊ में किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि समस्या ग्रस्त व्यक्ति निस्तारण से संतुष्ट हो सके। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों, प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस मऊ में कुल 141 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 13 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने चक रोड अतिक्रमण तथा भूमि सम्बन्धी मामलों पर उप जिलाधिकारी मऊ से कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर चकरोड की भूमि, अतिक्रमण एवं भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर कब्जा मुक्त कराया जाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, तहसीलदार मऊ विजय कुमार यादव, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, उप निदेशक कृषि राजकुमार, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डी के सत्संगी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव आदि मौजूद रहे।

## मिक्सर मशीन से गिरकर मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ के गड़ेरना के पास मिक्सर मशीन से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मिहोना के ग्राम अचलपुरा म.प्र निवासी राकेश 35 वर्ष बंगरा में अपनी ससुराल में रहकर मजदूरी करता था। शुक्रवार की सुबह वह लेंटर डालने वाली मिक्सर मशीन पर काम करने के लिए गोपालपुरा गया हुआ था। रात को काम करके वह मशीन पर बैठकर घर लौट रहा था। ट्रैक्टर चालक मशीन लेकर जैसे ही गड़ेरना के पास पहुंचा। तभी ब्रेकर पर झटका लगने से मजदूर राकेश मशीन से नीचे गिर गया और उसके ऊपर से मिक्सर का पहिया चढ़ गया। तभी मजदूरों ने घायल अवस्था में इलाज के लिए बंगरा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद बंगरा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक मजदूर की पत्नी सोनू व तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिला कारागार में आयोजित किया गया ओरियण्टेशन सत्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार अण्डर ट्रायल रिव्यू समिति के तृतीय चरण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने जेल विजिटिंग अधिवक्ता और पराविधिक स्वयं सेवको के लिये ओरियण्टेशन सत्र शनिवार को जिला कारागार में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि ओरियण्टेशन सत्र में ऐसे बंदियों पर विचार किया जाता है जो विचाराधीन बन्दी जो अपनी सजा की एक तिहाई अवधि से अधिक समय में जेल में निरूद्ध हैं। इसके अलावा न्यायालय द्वारा जमानत मिलने के बाद भी जेल में बंद बंदी, शमनीय वदों में निरूद्ध, अधिकतम दो वर्ष सजा वाले मामलों में निरूद्ध बंदी, बीमार बंदी, पहली बार अपराधिक मामलों में जेल में बंद, महिला, सात वर्ष से कम सजा वाले अपराध में बंद 19 से 21 वर्ष आयु के बंदी, विकृत दिमाग बंदियों के मामलों में चर्चा होगी। इसके अलावा मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय मामले में किसी गैर जमानतीय अपराध के आरोपी, जिनकी विवेचना 60 दिन के अन्दर समाप्त नहीं हुयी है, बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। 7 अक्टूबर तक जिला कारागार अधीक्षक पात्र बन्दियों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव को उपलब्ध करायेगें। आगामी 16 अक्टूबर को होने वाली अण्डर ट्रायल रिव्यू समिति की बैठक में प्राप्त सूचना, आंकणों की समीक्षा की जायेगी। जिसकी जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला कारागार अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। साथ ही जेल से उपलब्ध करायी गयी पात्र बन्दियों की सूची पर समिति द्वारा विचार किया जायेगा। इस मौके पर जिला कारागार अधीक्षक शशांक पाण्डेय, उप कारापाल रजनीश कुमार सिंह, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल गया प्रसाद निषाद, असिस्टैण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल योगेन्द्र सिंह व कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## छापामार अभियान में भरे गए 5 नमूने

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर नवरात्रि एवं आगामी दशहरा पर्व के अवसर पर आम जन मानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 11 अक्टूबर तक जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त (खाद्य) प्रियंका सिंह ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप कुमार, विनय कुमार तथा प्रमोद कुमार सोनकर द्वारा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान दल द्वारा जनपद में खाद्य, पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर छापामार कार्यवाहियां कर जॉच के लिए नमूनों का संग्रहण किया जा रहा है। अभियान दल द्वारा शनिवार तक विभिन्न खाद्य पदार्थों रिफाइण्ड पॉमोलिन ऑयल, साबूदाना, बादाम, अखरोट व मिल्क केक के कुल 5 नमूनें संग्रहित किये गये है। संग्रहित नमूनों को जाँच एवं विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे है। जॉच परिणाम प्राप्त होने के बाद सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अभियान दल द्वारा जनपद में लगातार निरीक्षण एवं अन्य वैद्यानिक कार्यवाहियें भी की जा रही है। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक करते हुये हिदायत दी जा रही है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें अन्यथा कि दशा में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# डीएम ने किया एमसीएचएस विंग खोह का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को एमसीएचएस विंग खोह अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने आकस्मिक वार्ड, चिकित्सक कक्षों, पैथोलॉजी कक्ष, पंजीकरण कक्ष, सिजेरियन वार्ड, एएनसी पीएनसी वार्ड, दवा वितरण कक्ष आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ ओपी भास्कर अस्पताल में अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वह बिना किसी सूचना के अस्पताल से बाहर होने पर स्पष्टीकरण दिए जाने के निर्देश दिए। पंजीकरण कक्ष में निरीक्षण के दौरान तक 60 मरीजों का पंजीकरण पाया गया। सिजेरियन कक्ष में तीन मरीज भर्ती पाए गए। साथ ही पीएनसी वार्ड में चार मरीज भर्ती पाए गए। जिसमें जिलाधिकारी ने मरीजों से खानपान, स्वास्थ्य, दवाओं आदि के बारे में जानकारी की। निरीक्षण के दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ उषा सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि यहां पर श्रम शक्ति की कमी है, साफ सफाई के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं, सुरक्षा व्यवस्था की भी कमी है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि एमसीएचएस विंग खोह अस्पताल के संचालन के सम्बन्ध में सभी बिंदुओं पर बैठक कराई जाए, जिससे कि सभी व्यवस्थाएं कराई जा सके ताकि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा का संचालन क्रियाशील रखा जाए। साथ ही श्रम शक्ति की कमी को देखते हुए एमसीएचएस विंग जिला अस्पताल को खोह अस्पताल में शिफ्ट कराये जाने की व्यवस्था की जाए।

इस मौके पर डॉ श्वेता मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## धमाके के साथ फटा सिलेंडर, आग लगने से नगदी व गृहस्थी तबाह

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुरा (जगम्मनपुर) में खाना बनाते समय रेगुलेटर से गैस रिसाव के कारण आग लगने से धमाके के साथ गैस सिलेंडर फट गया। जिससे घर में आग लग गई और मकान में रखी नगदी के अलावा गृहस्थी का सामान जलकर तबाह हो गया।वल्कि हादसे में ग्रहस्वामी महिला झुलस गई। रामपुरा के ग्राम हमीरपुरा निवासिनी कमला देवी 30 पत्नी भीम निषाद शनिवार को अपने घर में बच्चों के लिए गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी अचानक रेगुलेटर में हो रहे गैस रिसाव के चलते आग लग गई, और उसे बुझाने के प्रयास में वह झुलस गई। आग को काबू में ना होता देख वह मदद के लिए चीखने लगी। तभी मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सिलेंडर के रेगुलेटर से निकलती आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन असफल होने पर सभी लोग घर से बाहर की ओर दौड़ गए। देखते ही देखते कुछ ही देर में धमाके के सिलेंडर फट गया और पूरे घर में आग फैल गई। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामना व घर बनवाने के लिए बक्से में रखें अस्सी हजार रुपया के साथ साथ कीमती जेवरात जलकर राख हो गए। फिलहाल सिलेंडर फटने के बाद घर में लगी आग को मोहल्ले के लोगों के प्रयास से बुझा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार जगम्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी अनुज कुमार पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

## 9 दिन तक लौरी पहाड़ में विराजमान कालका देवी की पूजा अर्चना के लिए जुटती है श्रद्धालुओं की भीड़

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन देवी पंडालों और देवी मंदिरों में सुबह से ही देवी भक्तों का जमावडा लगना शुरू हो गया। साथ ही देर दोपहर तक पूजा पाठ का सिलसिला चलता रहा। नेशनल हाईवे तथा रामनगर ब्लॉक मुख्यालय से 9 किलोमीटर की दूरी पर लोरी गांव के पहाड की चोटी पर विराजमान कालका देवी का प्राचीनतम मंदिर है। इस मंदिर में क्षेत्र तथा क्षेत्र के बाहर के लोग पूजा पाठ करने के लिए आते हैं। मंदिर में विराजमान कालका देवी की प्राचीन मूर्ति है। मंदिर में एक दर्जन से भी अधिक मूर्तियां स्थापित है। जिनमें कई प्रतिमाएं विखंडित है। गांव के प्रधान पति अरुण कुमार सिंह व मंदिर के पुजारी गोरेलाल ने बताया कि प्राचीन समय पर मंदिर में 26 प्रतिमाएं 64 कलाओं से परिपूर्ण विराजमान थी, जिन्हें औरंगजेब ने तुडवा दिया था। केवल तीन प्रतिमाएं वह नहीं तोड पाया था। जिसमें दो प्रतिमाएं 30 वर्ष पहले अज्ञात चोर चोरी करके ले गए थे, एक प्रतिमा को पुलिस ने चोरों से पकडकर बरामद कर लिया था। जिसे मंदिर बनवाकर स्थापित करा दिया गया था। मां कालका मंदिर में नवरात्रि में सुबह से ही भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो जाता है। देवी भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। मंदिर में देर रात तक भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहता है। मंदिर में नवरात्रि के नौ दिनों तक कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन होता है। प्रधानपति अरूण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भैया ने बताया कि मन्दिर में हमेशा भक्तों के आने जाने का सिलसिला लगा रहता है। भक्तों के सुविधा के लिए मन्दिर के परिक्रमा मार्ग में इंटरलॉकिंग की व्यवस्था करवा दी गई है। साथ ही रोशनी, पेयजल और छाया की अस्थाई व्यवस्था कर दिया गया है। इस शारदीय नवरात्रि में भागवत कथा महापुराण का अयोजन भी किया गया है।

## पंचर बनवाते समय जैक फिसलने से गिरा ट्रक, दबकर हेल्पर की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में पंचर बनवाते समय जैक फिसलने से ट्रक गिर गया और नीचे दबकर हेल्पर की मौत हो गई। कानपुर देहात के मूसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सरौटा निवासी अतर सिंह 22 वर्ष पुत्र राम सोबरन ट्रक पर हेल्पर था। जो चालक देव सिंह के साथ शुक्रवार की शाम को ट्रक पर गया था। तभी शहर कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड पर मंडी गेट के पास ट्रक पंचर हो गया था। इसके बाद चालक ने सड़क किनारे ट्रक खड़ा किया और हेल्पर से जैक लगाकर टायर बदलने के लिए कहा। इस दौरान हेल्पर ने पहले पहिए के बोल्ट ढीले कर दिए, इसके बाद उसने ट्रक के नीचे लेटकर जैक लगाया। जैक लगाने के बाद जैसे ही वह ट्रक के नीचे से बाहर निकलने लगा तो जैक हट गया और वह ट्रक के नीचे दब गया। मौजूद लोगों ने क्रेन की मदद से ट्रक के नीचे दबे हेल्पर को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और और खबर उसके परिजनों को दी।

# ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भीम आर्मी ने मऊ तहसील में किया आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भीम आर्मी भारत एकता मिशन के भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में शनिवार को मऊ तहसील में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने विशाल धरना प्रदर्शन किया। साथ ही राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि ग्राम पंचायत गढवा, ब्लाक मऊ, तहसील मऊ में ग्रामीणों का शोषण किया जाता है। साल भर से काम किए हुए हो गया। मनरेगा के तहत मजदूरों की मजदूरी नहीं दी गई। सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा है जो नहीं हटवाया जा रहा है। किसानों के खेत का समतलीकरण के नाम पर लाखों करोडों का घोटाला किया जा रहा है। किसानों को पता नहीं समतलीकरण का पैसा निकल गया, गढवा ग्राम पंचायत में सरकारी धन का भरपूर दुरुपयोग व बंदरबांट किया जाता है। प्रार्थना पत्र, ज्ञापन देने के बावजूद भी किसी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस कारण संजय कुमार गौतम भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की टीम के साथ मऊ तहसील पहुंचकर विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मऊ को सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में मांग किया कि मजदूरों की मजदूरी दी जाए, समतलीकरण के नाम पर किसानों का पैसा हडपने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए, भू माफियाओं से जमीन खाली करवाई जाए। इस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बैठक कर उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ज्ञापन सम्बन्धित अधिकारी को भेजा जाएगा।

इस मौके पर आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण दास पटेल, आजाद समाज पार्टी विधानसभा अध्यक्ष कोमल सूर्यवंशी, भीम आर्मी पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रभान अंबेडकर, सुनील अंबेडकर, राजन वर्मा, राधेश्याम प्रजापति, रामसेवक ऊर्फ लंकेश, विट्टी देवी, संपतिया आदि मौजूद रहे।

## बीएसए ने किया कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने कस्तूरबा कन्या आवासीय विद्यालय मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें छात्राओं से वार्तालाप कर शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की। साथ ही खान-पान की आवश्यक वस्तुओं के बारे में संवाद किया। अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित की जानकारी किया।

विद्यालय स्थापित इको गार्डन, मीना मंच, कंप्यूटर रूम तथा ऑडियो विजुअल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही सभी छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो निडरता से अपनी बात बताएं। उन्होंने कहा कि सारे बच्चियों घर से दूर रहकर पढाई कर रही हैं। पढाई में कोई न कोई स्थान निश्चित तौर पर लाना है। सब लोगों को सिर्फ एक ही काम पढाई का मिला है, उसे मन लगा करें। जिससे आपके परिवार और समाज का नाम रोशन होगा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एमपी सिंह, डीसी प्रशिक्षण पुष्पेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लक्ष्य किया गया निर्धारित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि हर घर सोलर अभियान के अन्तर्गत निजी घरों पर सोलर रूपटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित कर विद्युत बचत करने के सम्बन्ध में शासन द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत जनपद में बारह हजार घरो को अच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में नगर पालिका, नगर पंचायतों को लक्ष्य आवन्टित किया गया है।इसी क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में नगर पालिका, नगर पंचायतों को लक्ष्य आवन्टित किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ 300, राजापुर 300, मानिकपुर 300 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को एक हजार का लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना के सम्बन्ध में जानकारी पहुँचाकर अच्छादित किया जाय। पीएम सूर्यघर पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर दी गयी प्रक्रियानुसार आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रेरित कर आवेदन कराना सुनिश्चित करें। जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

## टीएसी टीम ने लिया ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों का ब्योरा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मानिकपुर ब्लाक के बघौडा गांव के विकास कार्यों की जांच के लिए शनिवार को टीएसी टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। चार कार्यों की जांच के बाद अवशेष कार्यों के अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश टीएसी टीम ने सचिव और प्रधान को दिए हैं।

माकिनपुर ब्लाक के बघौडा गांव के कुछ लोगों द्वारा ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों की शिकायत करने के साथ जांच की मांग की गयी थी। जिसके बाद बांदा के मंडलीय प्राविधिक परीक्षक शाह आलम की अगुवाई में टीएसी टीम शनिवार को बघौडा गांव जांच के लिए पहुंची। यहां टीम ने पम्भिया तालाब के भीठे में इंटरलाकिंग, घाट निर्माण, रैम्प निर्माण व रिटेनिंग वाल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं मानक की जांच की।

इसके अलावा कुछ अन्य कार्यों की जांच के लिए प्रधान और सचिव को अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। टीम ने कहा कि अभिलेख उपलब्ध कराए जाने के बाद शेष कार्यों की जांच की जाएगी। इस दौरान बघौडा निवासी चुनबाद, धर्मा, चुन्ना, जगत प्रताप, शिवसागर, लरमतिया, बदलुआ आदि ने बताया कि गांव में सही तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पूर्व में भी लोकायुक्त द्वारा जांच कराई जा चुकी है। इसके बावजूद कुछ लोग झूंठी शिकायतें करते रहते हैं।

इस मौके पर ग्राम प्रधान रामआसरे तिवारी, मानिकपुर ब्लाक के एपीओ विपिन द्विवेदी, सचिव संगीता कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय का किया भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस। उरई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को जालौन बाईपास स्थित पार्टी कार्यालय के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधि व अन्य नेताओं के साथ विधि विधान से पूजा अर्चन किया। भूमि पूजन पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहां कि संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलने के लिए निजी कार्यालय होना अत्यंत आवश्यक है, जहां कार्यकर्ता अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच सके। कहां के कार्यालय जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पार्टी कार्यालय तेजी से बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश मे पार्टी का मजबूत संगठन है। मोदी और योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में संगठन की ताकत से सरकारें बन रही हैं।

## कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई

पत्रांक:- 577 (2024-25) निर्माण — उरई — दिनांक:- 04/10/2024

### संशोधन निविदा सूचना

सर्व साधारण/फर्म/ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष महोदया के आदेश दिनांक 04.10.2024 के अनुपालन में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत डाली जाने वाली निर्माण कार्यों की **निविदायें 05.10.2024 के स्थान पर 07.10.2024 को प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे तक** प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जनपद जालौन के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में निविदायें डाली जायेंगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, उरई

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, उरई

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 24°C |
| कानपुर | 34°C | 25°C |
| देहरादून | 30°C | 21°C |
| नई दिल्ली | 35°C | 25°C |

# पीपीपी के माध्यम से प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कृषि तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को उत्सुक आईएफसी

## इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन के ग्लोबल एमडी मखतार डियोप ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर की शिष्टाचार भेंट

- मुलाकात के दौरान प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सीएम योगी के संकल्प को आईएफसी की ओर से दिया गया समर्थन
- आईएफसी ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कृषि तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को लेकर जाहिर की उत्सुकता
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईएफसी को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सहयोग के लिए हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य का समर्थन करने और प्रदेश के बुनियादी ढांचे एवं कृषि तकनीक (एग टेक) में सहयोग करने के लिए उत्सुक इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईएफसी) के ग्लोबल एमडी मखतार डियोप ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश में सहयोग को लेकर विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा हुई। खासतौर पर आईएफसी की ओर से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के माध्यम से प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कृषि तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को लेकर उत्सुकता जाहिर की गई। बैठक में आईएफसी की ओर से प्रदेश में नमामि गंगे की तर्ज पर एक राज्यव्यापी जल कार्यक्रम विकसित किए जाने पर भी चर्चा की गई, जो वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट पर केंद्रित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से आईएफसी को सहयोग के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

आईएफसी ने उत्तर प्रदेश के जल निगम और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के साथ मिलकर पीपीपी के तहत गंगा नदी के पुनरुद्धार के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजनाओं में निवेश किया है। 2017 में शुरू की गई यह परियोजना मथुरा और वाराणसी में एसटीपी के निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और रखरखाव में निजी क्षेत्र को शामिल करती है।

### पीपीपी मॉडल को बढ़ावा दे रहा आईएफसी

आईएफसी ने 2007 से अब तक रसायन और उर्वरक, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, स्वास्थ्य और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में 29 परियोजनाओं में लगभग 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। प्रदेश सरकार के पीपीपी मॉडल को बढ़ावा देने के प्रयासों में, आईएफसी ने जुलाई 2023 में उत्तर प्रदेश के अवसंरचना और औद्योगिक विकास विभाग के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत आईएफसी पीपीपी के रूप में ई-बसों की खरीदारी, संचालन और रखरखाव की सलाहकारी सेवाएं प्रदान कर रहा है। आईएफसी की उत्तर प्रदेश सरकार के साथ प्रत्यक्ष सहभागिता में पीपीपी और एगटेक पर सलाह शामिल है। आईएफसी को झांसी सोलर प्रोजेक्ट पर लेन-देन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था, ताकि ग्राहक (अस्ष्ह्र) को झांसी में 600 मेगावाट के सौर ऊर्जा पार्क परियोजना की संरचना और निविदा प्रक्रिया में सहायता की जा सके। इस परियोजना से सालाना कम से कम 1.1 मिलियन टन सीओ2 उत्सर्जन को कम करने, लगभग 330 मिलियन डॉलर वित्तपोषण की सुविधा, ऊर्जा अंतर को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा में वृद्धि की उम्मीद है। इसी तरह, आईएफसी ने उत्तर प्रदेश में कृषि तकनीक (एगटेक) के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाओं में योगदान दिया है। इसके अंतर्गत आईएफसी की भारत कृषि तकनीक सलाहकार परियोजना (आईएएपी) 30,000 से अधिक किसानों को लाभ पहुंचा रही है। यह परियोजना कृषि निगरानी, बाजारों तक पहुंच, फसल विविधीकरण और महिला उद्यमी-नेतृत्व वाले सूक्ष्म प्रसंस्करण क्लस्टर्स जैसी पहल के माध्यम से किसानों को सशक्त बना रही है।

### सीएम योगी के संकल्प का किया समर्थन

मुलाकात के दौरान आईएफसी के ग्लोबल एमडी मखतार डियोप ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य का समर्थन करते हुए इसमें अपनी भागीदारी के प्रति उत्सुकता जाहिर की। इसके लिए विशेष रूप से बुनियादी ढांचे में निवेश और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और कृषि तकनीक (एगटेक) के माध्यम से फोकस किए जाने की आवश्यकता जताई गई। आईएफसी विगत कई वर्षों से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में सहयोग कर रहा है। भारत के पहले और सबसे बड़े बिजली क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट ट्रस्ट इंडीग्रिड में आईएफसी ने 200 मिलियन डॉलर का निवेश किया है, जिसकी मदद से भारत के ट्रांसमिशन सेक्टर का आधुनिकीकरण हो रहा है। वहीं, आईएफसी पीपीपी परियोजनाओं के सलाहकार के रूप में भी सक्रिय है।

### शहरी बुनियादी ढांचे पर आईएफसी का फोकस

उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के लिए आईएफसी और वर्ल्ड बैंक ग्रुप, राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कम से कम 7 शहर (कानपुर, लखनऊ, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, मेरठ और प्रयागराज) हैं जिनकी जनसंख्या 1 मिलियन से अधिक है, जो इस पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकते हैं। आईएफसी और वर्ल्ड बैंक ग्रुप संयुक्त रूप से राज्य के लिए पूल्ड फाइनेंसिंग संरचना स्थापित करने में मदद कर सकते हैं, जिससे शहरी बुनियादी ढांचे में निजी पूंजी को आकर्षित किया जा सके। एक पूल्ड कमर्शियल फाइनेंसिंग संरचना उत्तर प्रदेश राज्य की वित्तीय ताकत का उपयोग कर शहरी बुनियादी ढांचे की सामूहिक वित्तपोषण आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है। आईएफसी के सहयोग से वर्ल्ड बैंक ग्रुप 100 शहरों के कार्यक्रम के समर्थन से, एक राज्य मध्यस्थ सरकारी गारंटी या क्रेडिट वृद्धि के साथ एक पूल आधार पर ऋण/बांड जुटा सकता है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ डब्ल्यूबीजी-एडीजी 100 शहरों के कार्यक्रम का उद्देश्य 100 शहरों में जल आपूर्ति, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवा में बैंक योग्य परियोजनाओं को वितरित करना है। यह कार्यक्रम अभी प्रारंभिक चरणों में है।

# समूहों के उत्पादों से सज रहे मां के दरबार

- गाय के गोबर से भी बने दियों से मनाई जाएगी दीपावली

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर उनके नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों से त्योहारों में रौनक लाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के इन परिवारों में आमदनी के जरिए खुशियां लाने का अनूठा प्रयास किया जा रहा है उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली के पावन अवसर पर हजारों समूह की लाखों दीदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जा रहे हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर माता की मूर्ति और चुनरी से लेकर के धूप ,दीप ,सिंदूर, रोली, दोना पत्तल परिधान अगरबत्ती, हवन सामग्री, प्रसाद आदि सामग्री भारी मात्रा में समूहों द्वारा ही बनाए जा रही हैं। विभिन्न जिलों में समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के गिफ्ट हैंपर भी तैयार किया जा रहे हैं ,जिनसे ग्रामीण एवं शहरी बाजारों में एक नई तरह की रौनक आएगी।समूह द्वारा तैयार किया जा रहे गिफ्ट हैंपर लोगों को भेंट स्वरूप देने मे जहां उपभोक्ताओं में उत्सुकता है, वहीं आम जनमानस में समूहों के उत्पादों की अधिक से अधिक बिक्री हेतु संदेश भी जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वंय सहायता समूहों की दीदियों को लखपति दीदी बनाने तथा उन्हें स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हर स्तर पर उन्हें प्रोत्साहन दे रही है। मिशन शक्ति व महिला सशक्तिकरण की दिशा में आजीविका मिशन के कार्य निस्सन्देह सराहनीय हैं। विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प व विजन को मूर्तरूप देने में आधी आबादी की पूरी भूमिका व भागीदारी होगी।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती दीपा रंजन मिशन द्वारा बताया गया कि यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समस्त जिलों के सभी धार्मिक स्थलों एवं मुख्य बाजारों में समूह की दुकानों के लिए उचित स्थान दिलाया जाए एवं विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों जैसे - अमेजॉन फ्लिपकार्ट आदि के माध्यम से भी समूह के उत्पादों की अधिक से अधिक संख्या में बिक्री कराई जाए। विभिन्न जनपदों में समूहों द्वारा गाय के गोबर से लक्ष्मी- गणेश की मूर्ति एवं दिये बनाए जा रहे हैं साथ ही साथ झालर बनाने का भी कार्य किया जा रहा है, जिनकी मांग प्रत्येक वर्ष लगातार बढ़ती ही जा रही है।

# ग्राम चौपालों में 04 लाख 17 हजार प्रकरणों का हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- अब तक लगी 01 लाख 04 हजार से अधिक ग्राम चौपाल

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं? के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1486ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4168 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3866ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6574ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 85 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 04 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है।

# अवैध मानक विहीन खनन की शिकायत पर मंडलायुक्त ने गोपरामऊ में किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- अवैध मानक विहीन खनन की शिकायत पर मंडलायुक्त, जताई नाराज़गी
- गोपरामऊ के स्थानीय लेखपाल को मंडलायुक्त ने लगाई फटकार, जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश
- अवैध खनन कर प्राइवेट महंगे दामों में बेची जा रही थी मिट्टी, प्लांटिंग, निर्माणधीन मकानों में गिरे जा रही थी मिट्टी



लखनऊ जिले के सदर तहसील क्षेत्र के माल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपरामऊ ग्राम में पिछले कई महीनो से अवैध तरीके से मिट्टी खनन कर मिट्टी प्राइवेट प्लाटिंगों एवं निर्माणाधीन मकानों अन्य निजी संस्थानों में महंगे दामों पर बेची जा रही थी, जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा कई बार मलिहाबाद तहसील प्रशासन , स्थानीय लेखपाल माल पुलिस से हुई। लेकिन लखनऊ खनन अधिकारियों के संरक्षण व स्थानीय पुलिस के संरक्षण में मिट्टी खनन धड़ल्ले से दिन-रात चल रहा था। वहीं माल थाना क्षेत्र के गुपरामऊ ग्राम में अवैध खनन की शिकायत पर लखनऊ मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब पहुंच गई, उनके साथ मलिहाबाद एसडीएम व व गोपरामऊ लेखपाल मौजूद थें। वहीं अवैध खनन व मानक से अधिक खनन की शिकायत मिलने पर मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने खनन हो रहे सम्पूर्ण गाटों का किया स्थलीय निरीक्षण किया, उन्होंने कहा कि ग्राम गोपरामऊ में मानक से ज्यादा मिट्टी खनन किया गया है जिसमें संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए पेनाल्टी लगाई जायेगी, जिससे भविष्य में इनको किसी प्रकार की मिट्टी खनन की अनुमति न दी जाएं साथ ही संबंधित अधिकारियों की भी जवाब देही तय कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं। वहीं निरीक्षण के दौरान लखनऊ मंडलायुक्त ने एसडीएम मलिहाबाद से कहा कि उक्त मिट्टी खनन के स्थानों पर पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में खनन वालें गाटों पर चिन्हांकन सीमांकन व ठेकेदार का नाम गाटा संख्या बोर्ड पर अंकित न मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्थानीय लेखपाल को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि खनन किए गए गाटों की मिट्टी की मात्रा की नाप करा लिया जाए बिना रिवेन्यू के किसी डंपर लोडर गाड़ी का संचालन न होने पाये। पूर्व में जारी समस्त नोटिस को आर0सी में तब्दील किया जाये साथ ही जीरो टैगिंग कराया जाना सुनिश्चित किया जाएं। वहीं मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उक्त स्थान पर मानक से ज्यादा खनन किया गया है तो उक्त भूमि के खनन की मात्रा की नपाई कर लिया जाएं, मानक से ज्यादा खनन मिलने पर संबंधित लेखपाल पारस वर्मा को सस्पेंड किया जायें और खनन कर रहे संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफ0आई0आर दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये गए। साथ ही खनन अधिकारी दिनेश आर्या के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने को भी निर्देश दिये हैं।

# महिगवां पुलिस ने उनई दुर्गा देवी मन्दिर में भक्तों की भीड़ में चोरी करने वाली महिलाओं को किया गिरफ़्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी जोन अंतर्गत महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत उनाई देवी मंदिर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर भक्तों से चोरी करने वाली तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बता दे कि महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में महिला उ0नि0 प्रिया बाजपेई, उ0नि0 रावेन्द्र सिंह ने ग्राम उनई स्थित दुर्गा देवी मन्दिर में पूजा के दौरान लाइन में लगी होने पर 03 महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। दुर्गा मंदिर में लाइन में लगकर ध्यान भटकाकर धक्का मुक्की करते हुये कुर्सी निवासी केतकी के गले से एक सोने का लॉकेट जो मोती की माला मे था चोरी कर लिया था मन्दिर में तैनात प्रिया बाजपेई ने चोरी की घटना में शामिल (1) महिमा पत्नी राजन निवासिनी ग्राम कौडीराम थाना बाँसगाँव जनपद गोरखपुर, हालपता झोपड़पट्टी चारबाग लखनऊ (2) रीना पत्नी मुकेश निवासिनी ग्राम जनकपुर कोठी थाना कैम्पीयरगंज जनपद गोरखपुर हालपता झोपड़पट्टी चारबाग लखनऊ (3) सरिता पत्नी अर्जुन निवासिनी ग्राम उनबल थाना खजनी जनपद गोरखपुर, हालपता झोपड़पट्टी चारबाग लखनऊ को एक पीली धातु का लॉकेट मोती के माला के साथ मौके पर गिरफ़्तार कर लिया। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया कि आवेदिका द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 123/2024 धारा 305/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है पकड़ी गई महिलाओं को उसके जुर्म धारा 305/317(2) बी.एन.एस. से अवगत कराते हुए गिरफ़्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# अधिकारी की लापरवाही के चलते साधन सहकारी समितियों पर डीएपी व एनपीके खाद का संकट

- आलू की खेती करने वाले किसानों को हो रही परेशानी, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर आलू की खेती की जाती रही है। यहां के किसानों की जीविका का मुख्य साधन आलू की खेती ही है। वर्तमान समय में बीकेटी व इटौंजा क्षेत्र की किसी भी साधन सहकारी समितियों पर डीएपी एवं एनपीके खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है समितियों पर खाद उपलब्ध ना होने से किसानों में बड़ी निराशा व्याप्त है। लखनऊ के कृषि विभाग व सहकारिता विभाग के जिम्मेदार अधिकारी काफी समय से क्षेत्र में नहीं आए हैं जिसके चलते इनको वास्तविकता का पता नहीं है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों के बीच लोकप्रिय योगी सरकार की छवि धूमिल हो रही हैं। इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश सचिव व एडवोकेट राम प्रकाश सिंह ने एक पत्र लिखकर सहकारिता मंत्री, कृषि उत्पादन आयुक्त, कृषि निदेशक, आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, मंडलायुक्त लखनऊ, जिला अधिकारी लखनऊ,कृषि अधिकारीयों को पत्र लिखकर बीकेटी एवं इटौंजा में किसानों के हित के लिए साधन सहकारी समितियों पर किसान हित में तत्काल डीएपी व एनपीके खाद उचित मात्रा में उपलब्ध कराने का निवेदन किया हैं। जिससे आने वाले समय में आलू की खेती करने वाले किसानों को खाद पांस मिलने से उनके फ़ैसले अच्छी हो सकेंगी।

# नगर निगम टीम ने 22 करोड़ रुपए की जमीन कराई सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव व सम्पत्ति प्रभारी संजय यादव के आदेश पर काम रहें नगर निगम तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में काम रहीं टीम नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार, लेखपाल सैफुक हक़, लेखपाल अजीत तिवारी व पुलिस बल व नगर निगम ई.टी.एफ टीम के सहयोग से ग्राम जेहटा तहसील सदर जनपद लखनऊ की खसरा संख्या 1337 रकबा 0.256हे. 1346 रकबा 0.477हे. 1363 रकबा 0.430हे. व 1366 रकबा 0.190हे. जो नगर निगम के राजस्व अभिलेखों में बेहड़ ( पानी के खाते ) व नवीन परती के रूप में दर्ज है, जिसपर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया था जेसीबी मशीन चलाकर अवैध कब्जा खाली कराते हुए सुरक्षित कराया गया।



# नवरात्रि में 'धन-धान्य' से भरा उत्तर प्रदेश के 2.25 करोड़ से अधिक किसानों का घर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जताया आभार
- शारदीय नवरात्रि में वरदान समान है यह उपहार : सीएम योगी



शारदीय नवरात्रि की तृतीया तिथि पर देश के साथ ही उत्तर प्रदेश के किसानों का घर भी %धन-धान्य% से परिपूर्ण हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। इससे देश के 9.4 करोड़ किसानों के साथ ही उत्तर प्रदेश के 2.25 करोड़ किसानों को इसका लाभ मिला। प्रदेश के किसानों के खाते में 4985.49 करोड़ रुपये पहुंच गए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के किसानों को शारदीय नवरात्रि में यह उपहार दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम से देश के किसानों के खाते में पीएम सम्मान निधि की 18वीं किस्त स्थानांतरित की। इसमें उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 25 लाख 91,884 किसानों के खाते में 4985.49 करोड़ रुपये भेजे गए। वहीं देश के 9.4 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक भेजकर लाभान्वित किया गया। गौरतलब है कि इससे पहले लोकसभा चुनाव जीतने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 18 जून को 17वीं किस्त का वितरण किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के खाते में पीएम सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि अन्नदाता किसानों के जीवन को सुगम, स्वावलंबी और समृद्ध बनाने हेतु सतत समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महाराष्ट्र से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी गई।

### किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करती है यह कल्याणकारी योजना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करती इस कल्याणकारी योजना की 18वीं किस्त के अंतर्गत हस्तांतरित 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 2.25 करोड़ से अधिक किसानों समेत देश के 9.4 करोड़ से अधिक कृषक लाभान्वित हुए हैं।

### सीएम ने किसानों की तरफ से पीएम के प्रति जताया आभार

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि पावन शारदीय नवरात्रि के अवसर पर वरदान समान यह उपहार प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश के सभी कृषक भाई-बहनों की ओर से आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!

# कुम्हारों के जीवन में 'दीप' जला रही योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी के दीपोत्सव ने अयोध्या के कुम्हारों का जीवन बदल दिया है। कभी रोजी-रोटी के लिए परेशान दिखने वाले कुम्हार अब दीपोत्सव के दौरान ही एक-एक लाख रुपये कमा लेते हैं। दीपोत्सव शुरू होने के बाद कुम्हार परिवार के युवा बाहर जाने के बजाय अब इलेक्ट्रिक चाक घुमाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जयसिंहपुर गांव में दीपोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनते ही सर्वप्रथम अयोध्या को सजाने-संवारने का बीड़ा उठाया। इसके बाद भगवान राम के वनवास से लौटकर आने की खुशी में मनाई जाने वाली दीवाली ओर दीपोत्सव कराने का ऐलान कर दिया। हर वर्ष राम की पैड़ी पर इसका आयोजन होता है। इस दौरान लाखों की संख्या में दीप प्रज्ज्वलित होते हैं। दीयों की खरीदारी के लिए भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के कुम्हारों को वरीयता दी। नतीजा यह है कि इन वर्ष दीपोत्सव का आठवां संस्करण होने जा रहा है। कुम्हारों ने बड़ी संख्या में दीयों को बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस बार रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि आठवां दीपोत्सव और भी भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने 25 लाख दीपों का जलाने का ऐलान किया है।



### सीएम योगी ने दिलाई प्रजापतियों को पहचान: राजेश

गांव के राजेश प्रजापति ने बताया कि ये सीएम योगी की ही देन है कि दीपोत्सव के बाद से प्रजापति की भी पहचान हो गई है। नहीं तो हमें कोई पहचानता नहीं था। अभी टेंडर नहीं हुआ है, लेकिन हम लोगों ने अब तक 2 लाख से अधिक दीप तैयार कर लिए हैं।

### शुरू हो चुका है दीपोत्सव का काउंट डाउन

आठवें दीपोत्सव का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। अब सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं। उसके बाद अयोध्या नगरी एक नया कीर्तिमान रच देगी। दीपोत्सव को लेकर प्रशासनिक तौयारियाँ शुरू हो गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा अवध विश्वविद्यालय प्रशासन और वहां के छात्र भी जुट गए हैं।

### जलने हैं 25 लाख दीये , जुटा हुआ है परिवार

अयोध्या के विद्या कुण्ड के निकट स्थित जयसिंहपुर गांव में बड़े स्तर पर कुम्हार दीयों को बनाने में जुटे हुए हैं। यहां का 40 परिवार दीपोत्सव के लिए दीप बना रहा है। उनका मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका जीवन बदल दिया। दीपोत्सव में बिक्री होती ही है, लेकिन स्थानीय कुम्हारों के लिए की गई अपील के बाद लोग मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### 30 से 35 हजार दीये बेच देते हैं: लक्ष्मी

जयसिंहपुर गांव की लक्ष्मी प्रजापति बताती हैं कि योगी सरकार की योजना ने हमारे घर को रोशन कर दिया है। दीपोत्सव में दीये बनाने का ऑर्डर मिलते ही पूरा परिवार जुट जाता है। 30 से 35 हजार दीये बनाकर बेचे जाते हैं।

### सीएम के ऐलान के बाद बढ़ी आमदनी: राकेश

जयसिंहपुर गांव के राकेश प्रजापति बताते हैं कि अभी हमें ठेका नहीं मिला है, लेकिन विगत वर्षों में मिले आर्डर को देखते हुए हम लोगों ने दीये बनाने शुरू कर दिए हैं। सीएम के ऐलान के बाद हमारी आमदनी बढ़ी है।

### पहले लोग चाइना की झालर से सजाते थे घर: आशा

गांव की आशा बताती हैं कि हम लोग हर वर्ष 20 से 25 हजार दीये बनाकर दीपोत्सव के लिए देते हैं। दीपोत्सव शुरू होने के बाद शहर के लोग दीयो से अपना घर सजाते हैं। नहीं तो लोग चाइना की झालरों का प्रयोग करते थे।

# अमेठी हत्याकांड: सांसद पीड़ित परिवार से मिले, साथ में सपा अध्यक्ष भी रहे मौजूद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अमेठी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से राजनीतिक दलों के नेताओं का मिलने का सिलसिला जारी है। फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने परिवार से मुलाकात की।

शिक्षक और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के बाद से सुदामापुर गांव में सियासी चहलकदमी तेज हो गई है। शनिवार को शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए सपा प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचा और न्याय दिलाए जाने का भरोसा दिया। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद, हरचंदपुर सपा विधायक राहुल लोधी, सपा नेता आरपी यादव शनिवार दोपहर बाद पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और मृतक सुनील के माता-पिता से बात की। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उनके परिवार के साथ जो घटना घटित हुई है वह अत्यंत है दुखदाई है। इस दुख की घड़ी में हम सब उनके साथ हैं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। पिता रामगोपाल से बात करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि वह सरकार से हर संभव मदद दिलाई जाने का प्रयास करेंगे। वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने भी अंतिम संस्कार में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिसका परिणाम यह हत्याकांड है। प्रदेश में जंगलराज कायम है। दलितों, पिछड़ों और गरीबों पर अत्याचार हो रहे हैं।

अयोध्या के सपा सांसद अवधेश प्रसाद शनिवार को शहर के लोक निर्माण गेस्ट हाउस पहुंचे और वहां से वह सुदामापुर गांव के लिए रवाना हुए। सपा सांसद ने कहा कि एक बेटे के पिता को दाह संस्कार में शामिल होने का मौका न दिया जाए तो यह दर्दनाक है। यह भी जघन्य है। यदि मुख्यमंत्री ने मिलना था तो बेटे का दाह संस्कार हो जाने देते। कहा कि यह अपराध है। इसकी कहीं मिसाल नहीं मिलेगी। कहा कि इस घटना ने सरकार की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। कहा कि इस घटना को लेकर कोई शब्द नहीं है। मुख्यमंत्री का इकबाल खत्म हो गया है। इससे अपराधियों को मनोबल बढ़ा है। उनको कानून और पुलिस का डर नहीं है। प्रदेश में जंगलराज है। जिसकी कोई मिसाल नहीं है।

# भाकियू राष्ट्रीयतावादी ने किसानों की समस्याओं को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



जनपद अयोध्या के सम्पूर्ण जिले में गरीब किसानों, मजदूरों, असहाय व्यक्तियों, वृद्धों, विधवाओं और विकलांगों की समस्याएँ दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की निष्क्रियता और उदासीनता के कारण इन समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, जिसके चलते ये व्यक्ति सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं।अस्पतालों में दवाइयों और इलाज की उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे गरीबों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति का विरोध करते हुए जिला मुख्यालय पर तिकोनिया पार्क में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान 15 दिनों के भीतर नहीं किया गया, तो किसानों और गरीबों को सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों के लिए बड़े पैमाने पर लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। हमारे मुख्य मांग है अवारा पशुओं का समस्या- छुट्टा जानवरों की बढ़ती संख्या और गौशालाओं का सही तरीके से संचालन न होना। पेंशन की मांग- विधवाओं, बेसहारा और असहाय व्यक्तियों को प्रतिमाह कम से कम 10 हजार रुपये की पेंशन देने की मांग।अस्पतालों में इलाज- अस्पतालों में गरीबों के लिए उचित इलाज और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता,पुलिस की लापरवाही- पुलिस की घोर लापरवाही और उदासीनता के खिलाफ भी आवाज उठाई गई।

भूमि कब्जा- ग्राम समाज और नजूल की भूमियों पर प्रशासन की मिलीभगत से अवैध कब्जा करने के मामलों की उच्चस्तरीय जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा, और वे किसी भी कीमत पर अपनी समस्याओं का समाधान चाहते हैं। यदि शासन-प्रशासन उनकी मांगों को नजरअंदाज करता है, तो आंदोलन और भी बड़ा और व्यापक रूप ले सकता है।

## अयोध्या में मिस यूनिवर्स रिया सिंघा निभाएंगी मां सीता का किरदार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मिस यूनिवर्स रिया सिंघा अयोध्या की प्रसिद्ध रामलीला में मां सीता का अहम किरदार निभाने जा रही हैं। भगवान राम की जन्मभूमि पर आयोजित प्रेस वार्ता में रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक और महासचिव शुभम मलिक ने इस बात की जानकारी दी। वार्ता को संबोधित करते हुए मिस यूनिवर्स रिया सिंघा ने कहा, ÷मुझे भगवान राम की जन्मभूमि में काम करने का अवसर मिला है, जिसके लिए मैं अयोध्या वासियों का धन्यवाद करती हूं। उन्होंने इस अद्भुत अवसर के लिए सुभाष मालिक और शुभम मलिक का भी आभार व्यक्त किया।अयोध्या की रामलीला में रिया सिंघा की भूमिका इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम को और भी खास बनाएगी। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को भी आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# शिक्षकों पर अत्याचार बर्दास्त नही: डॉ संजय सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षको का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में आये दिन हो रहे शिक्षको पर अत्याचार एवम नृशंस घटनाओं पर रोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी, अयोध्या के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया।जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने बताया कि विगत कुछ दिनों से शिक्षको पर आए दिन कही न कही क्रूरता की हदे पार की जा रही,प्रशासन की शिथिलता का परिणाम रहा कि जनपद अमेठी में एक शिक्षक परिवार के चार लोगों की घर मे घुसकर नृशंस हत्या कर दी गई।इसी के साथ जनपद अमरोहा में विभागीय प्रताड़ना से तंग आकर एक आदर्श शिक्षक द्वारा आत्महत्या कर लेना,ऐसे में दोषी विभागीय अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।इसी क्रम में जनपद सुल्तानपुर में भी एक शिक्षक द्वारा विभागीय प्रताड़ना से तंग आकर आत्मा कर लिया गया।अभी अभी ताजा घटनाक्रम में सीतापुर के शिक्षक की राजघाट के जंगल मे हत्या करके लाश फेक दी गयी।ऐसे में प्रशासन की साफ लापरवाही नजर आ रही है।यदि समय रहते प्रशासन नींद से नही जागता है,और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही नही करता है,जो उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जनपद अयोध्या में कार्यरत शिक्षक, कर्मचारी, शिक्षामित्र, अनुदेश , कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखाकार, रसोईया आदि के द्वारा अपनी समस्याओं से सम्बंधित दिए गए पत्र पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर अविलम्ब कार्यवाही सुनिश्चित की जाए,साथ साथ तत्काल कार्यवाही न होने की दशा में कुंठित शिक्षक को अविलम्ब न्याय दिया जाए।जनपद में यदि कोई शिक्षक द्वारा अपनी या विभागीय अधिकारियों से प्रताड़ना के संबंध में अपनी समस्या बताई जाती है तो ऐसे मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए,जिससे हमारे शिक्षक मनोयोग से निडर होकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर सके।उक्त अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, जिला मंत्री प्रेम कुमार वर्मा,जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह,जिला कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी,ब्लॉक अध्यक्ष मिल्कीपुर चंद्रशेखर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा अमिताभ सिंह, ब्लॉक संरक्षक,मिल्कीपुर उमा प्रसाद यादव,ब्लॉक मंत्री मिल्कीपुर राजेश कुमार,संयोजक सोहावल उमा शंकर,ब्लॉक मंत्री मसौधा अखिलेश तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष मवई शशि कुमार यादव,ब्लॉक मंत्री मवई अजय वर्मा,अवधेश यादव,रूदौली संरक्षक अलोकेस रंजन सिंह, रुदौली मंत्री अशोक वर्मा,रुदौली अध्यक्ष अशोक यादव,जिला कार्यकारिणी से विकास सिंह, दंगल सिंह,मंजेश मौर्या,सहित सैकड़ों शिक्षक गण उपस्थित थे।

## रामलीला में धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का हुआ मंचन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** रामलीला कमेटी नसीराबाद के तत्वाधान में शुक्रवार की रात्रि बहुत ही सुंदर श्री रामलीला का मंचन हुआ रामलीला के मंचन में जनक दरबार में धनुष विध्वंस हुआ जिसमें भगवान श्री राम माता सीता का स्वयंवर हुआ एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दिखाई गई। रामलीला में प्रमुख रूप से जनक की भूमिका में अरुण कुमार विश्वकर्मा, विश्वामित्र की भूमिका में सदाशिव मौर्य, सुमंत्र की भूमिका में बुद्ध लाल मौर्य, राम की भूमिका में मनोज सविता, लक्ष्मण की भूमिका में ललिता सविता, सीता की भूमिका में सुरेंद्र (बाबा), परशुराम की भूमिका में सुरेश चौरसिया, रावण की भूमिका में कौशल किशोर(मोलू), अहिल्या की भूमिका में मुकेश मिश्रा, राजा डमडम नरेश की भूमिका में अन्य कलाकारों ने बहुत ही सुंदर रामलीला का मंचन किया।

# शिक्षक बृजेश को भारत गौरव सम्मान से किया जायेगा सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों के लिए विकास खंड डीह में कार्यरत विशेष शिक्षक बृजेश यादव को रविवार 6 अक्टूबर को जयपुर, राजस्थान में भारत गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित कियाजायेगा

शिक्षक द्वारा दिव्यांग बच्चों को प्रभावी शिक्षा देने के साथ ही उन्हें खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यों में भी निपुण बनाने का प्रयास किया है। साथ ही शिक्षक के मार्गदर्शन में कई दृष्टिहीन, मूकबधिर व अस्थि दिव्यांग बच्चे लखनऊ से उच्च शिक्षा भी ग्रहण कर रहे हैंइस सम्मान समारोह का आयोजन भैरों सिंह शेखावत सभागार राजस्थान चैम्बर ऑफ कामर्स एमआई रोड जयपुर में किया जायेगा जिसमें देश की विभिन्न हस्तियों को सम्मानित किया जायेगा। इस सम्मान समारोह का आयोजन दिव्यांग जगत के सम्पादक उत्तम चंद जैन द्वारा किया जायेगा।

शिक्षक के इन्ही प्रयासों को देखते हुए वर्ष 2022 में राज्य अध्यापक पुरस्कार से, 2018 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम माँझी द्वारा रीता पेशावरिया सम्मान से, 2017 में सामाजिक चेतना सम्मान से विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित से, 2018 में जनपद गौरव सम्मान सूर्य कुमार शुक्ला पूर्व डी.जी.पी. होमगार्ड्स विभाग सहित अनेकों बार उच्चाधिकारियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अलंकृत किये जा चुके हैं।

शिक्षक को भारत गौरव सम्मान से सम्मानित होने की जानकारी मिलने पर साथी शिक्षक मनोज सिंह, राजेश शुक्ला, ज्ञान यादव, वीरेन्द्र कुमार, रमन, संदीप, शिवबरन, राकेश सिंह, विवेक शुक्ला, सुनील यादव सहित साथियों ने शिक्षक को बधाई दी।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीरेंद्र सिंह के निर्देश पर तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत जादू दल जादूगर अजय एण्ड पार्टी रायबरेली जादूगर अजय पाल व उनके साथी कलाकारों के द्वारा जादू दिखा कर लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों रोगों जैसे मुख, गला, फेफड़े एवं लीवर कैंसर, पुरुषों में प्रजनन क्षमता का कम होना, महिलाओं में गर्भपात की समस्या का होना आदि की जानकारी दी गई। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद ने बताया कि अब से युवक पूर्ण रूप से मुक्त हो सकते हैं जिसका इलाज सम्भव है और सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू सेवन व धुम्रपान पूर्णतया प्रतिबंधित है।

# नोडल अधिकारी ने सीएम डैश बोर्ड व विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव,परिवहन श्री एल वेंकटेश्वर लू ने मंत्री समूह के जनपद भ्रमण की निरीक्षण आख्या एवं विकास कार्यो की प्रगति जानने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कीनोडल अधिकारी ने कार्यवृत्त के अनुसार अधिकांश कार्यो पर हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। श्री लू ने जनकल्याणकारी योजनाओं कन्या सुमंगला योजना,मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों की जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पत्रों की चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए जिससे कि कार्यक्रम समय से पूरा हो सके। पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्री समूह द्वारा दिए गए निर्देशों को समय से पूरा कराया जाए। साथ ही सेतू निगम के अंतर्गत जो भी बाईपास बनाए जा रहे हैं उनका कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। निर्माण कार्यों के समय यात्रियों की सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाए। चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच जाना चाहिए। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, पारदर्शिता का पूरा ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा की ऑपरेशन कायाकल्प और अलंकार के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है उनमें गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

सड़क सुरक्षा के तहत जो भी कार्य हो रहे हैं उसमें जन सहयोग का भी सहारा लिया जाए। इसके लिए बेसिक और माध्यमिक विभाग मिलकर विद्यार्थियों व छात्रों की जागरूकता रैलियां निकले।

# विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



ऊंचाहारोहनियां बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरूचि एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत बीआरसी रोहनिया में ÷कौन बनेगा नन्हा कलाम÷ विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी डा. सत्य प्रकाश यादव और डायट मेंटर सन्तोष कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया। प्रथम चरण की परीक्षा में 18 उच्च प्राथमिक विद्यालय और 1 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से 57 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण की परीक्षा के उपरांत टाप 25 छात्र छात्राओं को रैण्डमाइज करके पांच समूहों में बांटकर द्वितीय चरण की परीक्षा कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में राधिका उ. प्रा.वि. इटौरा बुजुर्ग, अर्शिया उ. प्रा. वि. लक्ष्मीगंज, अंशिका उ. प्रा. वि. लक्ष्मीगंज, दीपक बछैयापुर, राशी लक्ष्मीगंज, उज्ज्वल बछैयापुर, रिया यादव रघुनाथपुर लबेदवा, साधनी केजीबीवी रोहनिया, प्रतिभा इटौरा बुजुर्ग, लक्ष्मी गुप्ता रसूलपुर ने क्रमशः प्रथम से दशम स्थान प्राप्त किया। समस्त प्रतिभागी छात्र छात्राओं को स्टेशनरी किट, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। शीर्ष दस स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को मोमेन्टो और शीर्ष 25 छात्र छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया। टॉप 5 बच्चों को विज्ञान आधारित प्रोजेक्ट बनाने हेतु प्रति छात्र ?3000/ रूपये विद्यालय के स्स्ष्ट खाते में भेजा जायेगा। जनपदीय कार्यक्रम के बाद प्रत्येक ब्लॉक से 100 बच्चों को गत वर्ष की भांति शैक्षिक भ्रमण भी कराया जायेगा। प्रतियोगिता के उपरांत समस्त प्रतिभागी छात्र -छात्राओं, अभिवावकों एवं शिक्षकों ने भोजन किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से विज्ञान के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने के लिए पढाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। ब्लॉक के शिक्षक हंसराज द्वारा बनाई गई।दर्जनों पेंटिंग की गैलरी भी बच्चों के अवलोकनार्थ लगाई गई जिसे बच्चों ने बड़े मनोयोग से देखा एवं चर्चा की। ऋक्क विनोद तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, अर्चना वर्मा, ऋचा अवस्थी, मंजू यादव, प्रतिभा यादव, नौरंग लाल, विजय प्रताप सिंह, भूपेंद्र कुमार गुप्त, उमेश कुमार और सुनील कुमार ने प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में अपना सराहनीय योगदान दिया।

## समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन, गुलाब बाड़ी, फैजाबाद में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने 8 अक्टूबर को होने वाली साइकिल यात्रा के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह यात्रा अयोध्या जनपद की सीमा पर यादव नगर, गद्दोपुर, गोसाईगंज से होकर गुजरेगी, जहाँ साइकिल यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। यात्रा का रात्रि विश्राम 8 अक्टूबर को पूरा बाजार में, 9 अक्टूबर को शहर फैजाबाद में और 10 अक्टूबर को मिल्कीपुर में होगा।

श्री यादव ने कहा कि यह साइकिल यात्रा आजमगढ़ से प्रारंभ होकर अयोध्या विधानसभा होते हुए मिल्कीपुर विधानसभा में प्रवेश करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि मिल्कीपुर में होने वाले उपचुनाव में बूथ और सेक्टर स्तर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की जिम्मेदारियाँ निर्धारित की जाएँगी।

# सचिव ने जेल का किया निरीक्षण, जेल में निरुद्ध बन्दियों के शिक्षा एवं व्यवसाय के विषय पर आयोजित हुआ विधिक सेवा शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा जिला कारागार की बैरकों, पाकशाला, अस्पताल का निरीक्षण किया गया तथा बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्यायें को जाना गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। निरीक्षण उपरांत बन्दियों के शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में इण्डियन बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धक जे0आर0 मीणा द्वारा स्वरोजगार हेतु बन्दियों को होममेड अगरबत्ती, पापड़, आचार व मशरुम के खेती के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। बैंक आफ बड़ौदा के प्रबन्धक उत्तम श्रीवास्तव के द्वारा डेरी फर्म, जूट के बैग बनाये जाने विषयक जानकारी प्रदान की गयीइस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा रुपेश दुबे द्वारा बताया गया कि आप लोगों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित करने हेतु शीघ्र ही दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कारागार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऐसे बन्दी प्रतिभाग कर सकेंगे जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होगी। उक्त अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा बन्दियों को बताया गया कि जेल में निरुद्धि के दौरान व्यवसायिक शिक्षा व स्वरोजगार सीख कर अपना भविष्य सुधार सकते है। इसके अतिरिक्त निरुद्धि के दौरान आप अपनी पढ़ाई आगे भी जारी रख सकते है। शिविर के दौरान जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, उपकारापाल अंकित गौतम व पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह व मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

## नंदीग्राम महोत्सव का आयोजन: 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ और राम कथा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भरत कुंड स्थित नंदीग्राम में प्राचीन भरत गुफा और श्री भरत हनुमान मिलन मंदिर श्री मणिरामदास छावनी में नंदीग्राम महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह महोत्सव 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा, जिसमें 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ एवं राम कथा (भरत चरित्र) का आयोजन किया जाएगा।महंत कमलनयन दास, मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी, और महंत परम पूज्य भगवत दास जी महाराज, भरतकुंड फाउंडेशन नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष, ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में संत महंतों की बड़ी संख्या शामिल होगी।महंत कमलनयन दास ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भरत जी और भगवान श्री राम के बीच के प्रेम को उजागर करना है। उन्होंने कहा, 卐भरत जी ने अपने बड़े भाई राम जी के 14 साल के वनवास के दौरान राज काज को त्यागकर तपस्या का मार्ग अपनाया। हमारा यही लक्ष्य है कि हम राष्ट्र में समता और समरसता को स्थापित करें। राष्ट्र की अखंडता की रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

**मौसम पूर्वानुमान**

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# ऐतिहासिक नगरी बिठूर को राजधानी से जोड़ने वाले मार्ग की हालत हुई बद से बदत्थर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। ऐतिहासिक नगरी बिठूर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ने वाले परियर बिठूर मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण भारी वाहनों,कार, तथा दो पहिया वाहनों को इस मार्ग से निकलना कठिन हो गया है।

स्टेट सड़क की यह दुर्दशा फिर भी लोक निर्माण विभाग अपनी आंखें बंद किए हुए हैं। ज्ञातव्य पर हो कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गंगा नदी से होते हुए लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, के लिए जाते हैं। बताते चलें कि कई जगहों पर सड़क में एक एक फूट से अधिक गहरें गड्ढे हो गए जो रात में किसी हादसे का सबब बन सकते हैं।

इस रास्ते से यात्रियों को दिन में ही गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तो रात के वक्त यह गहरे गड्ढे इस मार्ग से जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत का सबक बने हुए हैं।

क्षेत्रीय लोगों का कहना कि साहब बड़ी शर्म की बात है कि विभाग के अधिकारी इस ओर गौर नहीं करते जबकि यह सड़क राज्य मार्ग से अलंकृत भी है।

### सड़क निर्माण को लेकर पूर्व प्रधान ने जिलाधिकारी कोद्य दिया ज्ञापन



क्षेत्र के पूर्व प्रधान परियर, पूर्व प्रधान मरौदा सूचित, रविशंकर मिश्र ने जिलाअधिकारी से मांग की है कि जनहित में उक्त सड़क का नवीनीकरण जल्द से जल्द कराया जाए जिससे कि इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर सुगमता से अपने गंतव्य को जा सके। उन्होंने जिलाधिकारी से यह भी मांग की है कि इस मार्ग पर रात के वक्त अंधेरा रहता है। इस मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### इस मार्ग से आने जाने वाले मरीजों को हो रही काफी दिक्कत



परियर क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल के संचालक डॉ मोहसिन अली ने बताया कि सड़क काफी समय से जर्जर हालत में है रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिसकी वजह से आने जाने वाले मरीजों को काफी दिक्कत होती है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में आई बाढ़ की वजह से सड़क की हालत और खराब हो गई है।

# धनुष भंग लीला में परशुराम लक्ष्मण संवाद सुनकर दर्शक हुए रोमांचित



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बिठूर। बिठूर के मंगलम पार्टी लॉन में आयोजित रामलीला व दशहरा मेला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर,धनुष भंग, रावण बाणासुर संवाद, लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला में धनुष भंग के बाद परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन देख सभी दर्शन रोमांचित हो गए। कथानक के अनुसार राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह करने के लिए स्वयंवर का आयोजन किया था। इस स्वयंवर में देश देशांतर के राजाओं ने भाग लेते हुए राजा जनक की शर्त के अनुसार धनुष को उठाने का असफल प्रयास किया। लेकिन धनुष को उठाने में सभी राजाओं को केवल निराशा ही हाथ लगी। राजाओं के प्रयास को देखकर राजा जनक ने कहा सजा हूं आज निज निज ग्रह जाहू, लिखा ना विधि वैदेही विवाहू, अर्थात राजा जनक ने कहा कि अब ऐसा लगता है की धरती वीरों से विहीन हो गई है। जनक के ऐसे शब्द सुनकर लक्ष्मण उत्तेजित उठे। इसके बाद प्रभु श्री राम ने लक्ष्मण को शांत करते हुए विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष भंग किया। और राम और सीता का विवाह संपन्न हुआ। लीला में राम का किरदार पंडित हरेंद्र तिवारी, लक्ष्मण पंडित रविकांत तिवारी, सीता विशाल मिश्रा, परशुराम पंडित राम जी शुक्ला, जनक पंडित आशीष चतुर्वेदी, रावण पंडित रमन तिवारी, बाणासुर जगमोहन सिंह, ने निभाई। कार्यक्रम आयोजन शहीद भगत सिंह ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर विमल कुमार दीक्षित, रजनी दीक्षित, मेला व्यवस्थापक अंकुर दीक्षित, अनिरुद्ध दीक्षित, चंद किशोर शुक्ला, शिवदीन द्विवेदी, गंगा शंकर द्विवेदी, ऋषि प्रकाश द्विवेदी, के अलावा हजारों श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शहर में अवैध बिल्डिंगों के हो रहे निर्माण पर रोक लगाई जाने की मांग की



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने एक पत्र के माध्यम से कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को सघन आबादी वाले मुहल्लों चमनगंज, श्रीनगर प्रेम नगर आदि क्षेत्र में मानक के विपरीत बन रही 5, मंजिला 6 मंजिला इमारतों के हो रहे निर्माण को तत्काल प्रभाव से रुकवाने का निर्देश देने की अपेक्षा जताते हुए पत्र लिखा है। दीपू पांडे ने बताया कि ये इमारते मानक के विपरीत है और कभी बड़ी दुर्घटना की वजह बन सकती है। जिससे व्यापक जनहानि हो सकती है। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को भी पत्र लिख कर जनहित को देखते हुएऐसे निर्माण को संरक्षण दे रहे अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने दी।

# कल्याणपुर ट्रेन हादसे में यूनियन बैंक के हेड कैशियर की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात यूनियन बैंक के हेड कैशियर मुकेश कुमार उम्र 43 वर्ष की ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना उस वक्त हुई जब वह मोबाइल पर बात कर रहा था और रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था। हादसा तब घटित हुआ जब मुकेश गूबा गार्डन निवासी अपने चाचा विनोद के घर से लौट रहे थे।

परिवार के अनुसार, मुकेश रात करीब 12 बजे कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास पहुंचे। क्रॉसिंग बंद होने के कारण उन्होंने पेशाब करने के लिए रुकने का निर्णय लिया। इस दौरान उनके मोबाइल पर फोन आया, जिसके चलते वह ध्यान नहीं दे सके और अचानक आई ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मुकेश का शव लगभग 500 मीटर तक घिसटता चला गया। जिससे उनका शरीर क्षत-विक्षत हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करने के बाद परिजनों को सूचना दी। मुकेश के भाई अमित कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। वही मुकेश की पत्नी सौम्या और अन्य परिवार के सदस्य बेहद आहत हुए, और कई लोग बेहोश हो गए।

मुकेश के परिवार में उनकी पत्नी सौम्या और तीन साल की बेटी सान्वी हैं।उनकी शादी को चार साल हुए थे।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### पैगंबर साहब पर टिप्पणी करने वाले नरसिंहानंद पर एनएसए की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पैगंबर-ए-इस्लाम पर विवादित टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। देशभर में हो रहे आंदोलन के बीच शहर की छावनी विधानसभा सीट से सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने शनिवार को एडीसीपी पूर्वी राजेश श्रीवास्तव के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से विधायक रूमी ने डासना आश्रम के यति नरसिंहानंद पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) की कार्रवाई करने की मांग की। विधायक ने कहा कि यति नरसिंहानंद ने पैगंबर-ए-इस्लाम, हजरत अली के साथ सनातनी देवी देवताओं पर भी अशोभनीय टिप्पणी कर अपनी घिनौनी पहचान बनाने की कोशिश की है। गाजियाबाद में दर्ज हुए मुकदमे में एनएसए की धारा भी जोड़ी जाए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम, एसीपी, एसडीएम, तहसीलदार ने 127 शिकायतें सुनी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुंची एडीएम (एलए) रिंकी जयसवाल , प्रशिक्षु आईपीएस/ एसीपी सुमित सुधाकर रामटेके एसडीएम रश्मि लंबा,तहसीलदार तिमराज सिंह, विकास खंड अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा व शिव नरेश राजपूत, शिक्षा विभाग से डॉ वेद प्रकाश शुक्ला की मौजूदगी में फरियादों की फरियाद सुनने का सिलसिला शुरू हुआ सबसे ज्यादा शिकायतों में राजस्व विभाग की शिकायतों की भरमार रही रामकुमार पुत्र सिरस्तेलाल निवासी ग्राम धमनी निवादा ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि मेरी आवासीय व कृषि भूमि पर रामऔतार, रामप्रकाश पुत्रगण बाबूराम जबरदस्ती भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य कर दरवाजा रख दिया, मना किया तो झगड़ा करने लगे सम्बंधित अधिकारियों ने जांचकर कारवाई का आश्वासन दिया चौबेपुर पूर्व विधायक अशोक कटियार के भाई वीरेंद्र कटियार पुत्र रामसनेही कटियार निवासी ग्राम खजुरी कलां ने आरोप लगाया कि मेरी पुत्री आभा उत्तम पत्नी सत्यवान दामाद को गंभीर बिमारी है जिस कारण उनका आना जाना कहीं भी मना है जिनकी खेतों की जिम्मेदारी अब मैं संभालता हूं और खेत का सीमांकन भी हो चुका है जिसमें से तीन लठ्ठा पूरब से पश्चिम में रमेशचंद्र, सुरेशचंद्र, तेजराम उर्फ तेजू गजोधर अर्जून उर्फ छोटे पुत्रगण नारायण ने कब्जा कर लिया है और खेत से चकरोड जाने वाले रास्ते की मिट्टी निकालकर चबूतरे बना लिए हैं जिससे खेतों पर आने जाने में कठिनाई होती है और बरसाती पानी भी फसलों में जाता है जिससे फसल में नुकसान होता रहता है ।रोकने पर सभी एक राय होकर गाली गलौज कर दलित उत्पीड़न का मुकदमा लिखने की धमकी देते हैं। वहीं संबंधित अधिकारियों ने जांचकर कारवाई का आश्वासन दिया मौके पर पहुंची 127 शिकायतों में किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### त्योहारों पर केस्को कर रहा अंधेरा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शारदीय नवरात्र चल रहे हैं। इसके बाद दुर्गा पूजा, दशहरा, करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, भाईदूज आदि त्योहार हैं। ये सभी त्योहार रोशनी के हैं। घर, कार्यालय, प्रतिष्ठान और संस्थानों में इनकी तैयारियां चल रही हैं। वहीं, बाजार भी सज रहे हैं। इसके बावजूद केस्को रोशनी के त्योहार पर अंधेरा कर रहा है। सात से आठ घंटे तक शटडाउन लेकर कार्य करा करा है। इससे व्यापारी के साथ ही लोग भी परेशान हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से प्रदेश भर के सभी विद्युत निगम को अनुरक्षण माह का आयोजन करने का निर्देश हुआ है। केस्को ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एचटी-एलटी लाइन, अंडरग्राउंड लाइन, फीडर, जंपर, चार्जिंग ट्रांसफार्मर, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर, पावर ट्रांसफार्मर, पोल बदलना, पेड़ों की छंटाई के साथ ही सब स्टेशन की सर्विसिंग का कार्य किया जा रहा है।

# ट्रैंक्विल टोन स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर शहर में खेल में खेल रुची रखने वालों के लिये एक अच्छी खबर है अब उन्हें या उनके बच्चों को खेल खेलने के लिये कहीं भटकने कि जरूर नहीं पड़ेगी क्यों कि अब ट्रैंक्विल टोन स्पोर्ट्स क्लब जीटी रोड़, गांधी ग्राम, गांधी पार्क के सामने खुल गया है। क्लब के ऑनर सीए आनंद गुप्ता ने बताया कि यह क्लब उन लोगों की जरूरतों के हिसाब से बनाया गया है जिन्हें खेल में रुची हो या जो अपनी फिटनेस को बरकरार रखना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि खेल खेलने से वह आपके शरीर को स्वस्थ्य और आपके मस्तिष्क को ताजा करते हैं। खेल में प्रेक्टिस करना आपको अच्छा, निपुण बनाता है और आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। खेल खेलने से आपकी रणनीति बनाने की क्षमता भी बढ़ती है। खेल से आप जल्दी और सहज तरीके से निर्णय लेना सीखते हैं।

ट्रैंक्विल टोन स्पोर्ट्स क्लब में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बॉक्स क्रिकेट, फुटबॉल, योगा एवं कैफ़ेटेरिया की सुविधा उपलब्ध है। बहुत जल्द खेल जगत से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं भी आपको मिलेगी। यहाँ पर आपको एक अच्छे वातावरण में खेलने का अनुभव होगा। गाड़ियों की पार्किंग एवं सिक्योरिटी की उचित व्यवस्था के साथ पूरा क्लब सीसी टीवी कैमरे निगरानी में रहेगा।

# सुभानपुर में ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की दर्दनाक मौत

**✻ रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा**



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सुभानपुर सीएचसी के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय एक वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान होने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी 68 वर्षीय वृद्ध कांता प्रसाद कटियार खेती-बाड़ी का काम करते थे। शनिवार को स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह दवा लेने के लिए घर से निकले थे। वह दवा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य बिल्हौर जा रहे थे तभी सुभानपुर गांव में पंचायत घर के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय वह कानपुर से कन्नौज की तरफ़ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने के प्रयास शुरू किए। मृतक की जेब में मिले स्वास्थ्य केंद्र के पर्चे में मिली डिटेल के आधार पर परिजनों को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों तुरंत ही शव की पहचान कर ली। म्रतक के बेटे सतेन्द्र के अनुसार वह तीन चार दिन पहले भी दवा लेने के लिए अस्पताल आए थे।डाक्टर ने तीन दिन बाद फिर से आने के लिए कहा था इसलिए वह आज फिर से दवा लेने अस्पताल जा रहे थे। तभी हादसा हो गया। घटना देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं पुलिस ने शव की पहचान होने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किशोरी का अपहरण कर हत्या करने का मामला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र में दो साल पहले 13 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी की पुलिस से मुठभेड़ हुई। इसमें उसके पैर में गोली लग गई, जिससे वो घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि वर्ष 2022 में कन्नौज निवासी दीपक कुमार जाजमऊ के वाजिदपुर में नमामि गंगे योजना में मजदूरी करने आया था। यहां पर उसकी मुलाकात चौकीदार से हुई थी। इसके बाद में आरोपी दीपक ने चौकीदार से घरेलू संबंध बना लिए थे और उसी के घर मे रहने लगा। इसके बाद आरोपित नवंबर 2022 में चौकीदार की 13 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। साथ ही, पीड़ित की फाइनेंस की बाइक भी साथ ले गया था। इसके बाद पीड़ित चौकीदार ने मामले में जाजमऊ थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के छह माह बाद किशोरी का शव कन्नौज के सौरिख क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास सड़क किनारे खंती में पड़ा मिला था। मृतका की पहचान परिजनों ने बेटी के रूप में की थी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। साथ ही, उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार देर रात सूचना के आधार पर आरोपी दीपक को ट्रीटमेंट प्लांट के पास रोकने का प्रयास किया गया।

# भीष्म पितामह की प्रतिज्ञा के आगे भगवान गोविंद को अस्त उठाने के लिए मजबूर कर दिया



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

तहसील क्षेत्र के कस्बा उत्तरीपुरा में चल रही दिव्य श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे स्वामी श्रीहरिदास जी महाराज के द्वारा महाभारत के मार्मिक प्रसंग में भीष्म पितामाह की प्रतीज्ञा के आगे भगवान गोविंद को अस्त्र उठाने के लिए मजबूर कर दिया पितामह के द्वारा बराबर बाडो की बौछार के अर्जुन के बाजूबंद और धनुष कट गया तब मेरे गोविंद ने देखा कि अब तो मेरा अर्जुन बहुत ही परेशान है लगता है पितामह अर्जुन का अंत ही कर देंगे भगवान रथ से उतरे और उन्होंने रक्त का पहिया उठा लिया जैसे ही रथ का पहिया उठाया और पितामह की तरफ दौड़े पितामह ने धनुष बाण को जमीन में रख दिया और गोविंदा के आगे नतमस्तक हो गए भगवान से कहने लगे प्रभु मैं समझ गया कि आपने हमारी रक्षा के लिए अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ा है महाभारत के युद्ध के उपरांत द्वारिका का प्रसंग सुनाते हुए अर्जुन और युधिष्ठिर का संवाद सुनाया कथा का आयोजन मेवालाल राठौर परिवार के द्वारा कराया जा रहा है। भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया और प्रसाद लेकर अपने-अपने घरों को चले गए। द लायर्स एसोसिएशन बिल्हौर के कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा के द्वारा महाराज श्री को माला पहनकर आशीर्वाद लिया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंकज दुबे, आचार्य पंकज पांडे, पप्पू गुप्ता, सचिन चौरसिया, बालक सक्सेना, पवन पांडे, राकेश, अजय गुप्ता आदि शिष्यों ने कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

### डांडिया कार्यक्रम में नाम बदलकर घुसने वाले युवक को हिंदूवादी संगठनों ने पीटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार रात मोतीझील स्थित लाजपत भवन में डांडिया कार्यक्रम में नाम बदलकर घुसने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए एक गैर हिन्दू युवक को जमकर पीटा। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने बजरंग दल के पदाधिकारी समेत चार लोगों के खिलाफ स्वरूपनगर थाने में केस दर्ज किया है। लाजपत भवन में शुक्रवार रात एक संस्था ने डांडिया रास का कार्यक्रम आयोजित किया। वहां बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पहुंचे और प्रवेश द्वार पर खुद मोर्चा संभाल लिया। कार्यकर्ता लोगों का आधार कार्ड चेक करने के बाद ही पंडाल में प्रवेश करने की अनुमति दे रहे थे। इस दौरान एक युवक उन लोगों के हाथ लग गया। दोनों पक्षों में पहले बहस हुई। इसके बाद युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। आरोप था कि युवक अपना नाम बदलकर कार्यक्रम में घुसने की कोशिश कर रहा था। बता दें, कुछ दिन पहले ही वीएचपी व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने हिन्दू त्योहारों के दौरान होने वाले कार्यक्रमों में गैर हिन्दुओं की एंट्री पर नकेल कसने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की थी। हालांकि पुलिस के सक्रिय होने से पहले ही कार्यकर्ताओं ने सक्रिय होकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मोतीझील से नयागंज तक डाउन ट्रैक का ट्रायल, दिसंबर में

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने शुक्रवार को मोतीझील से नयागंज भूमिगत स्टेशन तक 5.5 किमी डाउन लाइन पर 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से मेट्रो ट्रेन चलाकर पहली बार ट्रायल लिया। इससे पहले अप लाइन में 22 बार ट्रेन चलाकर प्री-ट्रायल हो चुका है। यहां 90 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन दौड़ाने की तैयारी है।

इसके साथ ही दिसंबर से आईआईटी से सेंट्रल तक मेट्रो संचालन की भी तैयारी की जा रही है। नौबस्ता तक ट्रेन चलाने की डेडलाइन मार्च 2025 है। मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा की उपस्थिति में मेट्रो कॉरिडोर-1 (आईआईटी -नौबस्ता) के तहत चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन की डाउन लाइन में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल पूर्वाह्न 11:30 बजे शुरू हुआ।

इस दौरान ट्रैक, थर्ड रेल (ट्रेन संचालन के लिए विद्युत आपूर्ति करने वाली लाइन), सिग्नलों आदि का परीक्षण किया गया।

इसके लिए आईआईटी से आई ट्रेन को मोतीझील में खाली कर आगे ले जाया गया। डाउन लाइन में लगाई गई थर्ड रेल को पहली बार चार्ज भी किया गया।

इससे पहले 12 जुलाई को नयागंज स्टेशन तक अप-लाइन पर पहली बार मेट्रो ट्रेन दौड़ाई गई थी।

### थर्ड रेल का प्रयोग करती हैं मेट्रो

अब आईआईटी से नयागंज तक लगभग 15 किलोमीटर लंबे मेट्रो रूट पर ट्रेन चलाने का रास्ता तैयार कर लिया गया है। इस सिस्टम में करंट की सप्लाई हरदम चालू मानी जाएगी। 750 वोल्ट डीसी करंट पर चलने वाली मेट्रो ट्रेनें परिचालन के लिए पारंपरिक तौर पर प्रयोग होने वाली ओएचई (ओवर हेड इक्युपमेंट) प्रणाली की जगह पर ट्रैक के समानांतर बिछी हुई थर्ड रेल का प्रयोग करती हैं।

### कॉरिडोर-2 के दोनों सेक्शनों में भी चल रहा निर्माण

लगभग 24 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत मेट्रो की यात्री सेवाएं 9 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर (आईआईटी-मोतीझील) पर चल रहीं हैं। चुन्नीगंज-नयागंज और कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन के अलावा लगभग 5 किलोमीटर लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में भी निर्माण तेजी से हो रहा है। लगभग 8.60 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए-बर्रा 8) के दोनों सेक्शनों में भी निर्माण हो रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# देश में मिलावट का कारोबार चरम पर

**मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है। खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' की पहल की गई है।**

*भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्राय- खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए? आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं। भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं। सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, 'हमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है।*

## एक्सप्रेस आलेख

प्रत्यक्ष देखे, सुने और अनुभव में आए दिव्य तत्वों के प्रति विश्वास बढ़ता है, पक्का विश्वास प्रगाढ़ भावदशा में श्रद्धा बनता है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह न-हम प्रातः काल श्रद्धा का आवाहन करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आवाहन करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा, हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) यहां श्रद्धा जीवन और कर्म की शक्ति हैं, श्रद्धा से ही श्रद्धा की याचना में गहन भावबोध है। श्रद्धा का मतलब अंधविश्वास नहीं है। श्रद्धा विशेष प्रकार की दिव्य चित्त दशा है और प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि।



हृदयनारायण दीक्षित

**उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में नियम से भोजन करने को व्रत कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है।**

# देवी उपासक है भारत का लोकजीवन

माँ प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व माँ के कारण है। माँ न होती तो हम न होते। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमः कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है। हमारी भाषा में निकटता के लिए 'उप' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'उप' बड़ा प्यारा है। इसी से 'उपनिषद' बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ 'उप-वास' निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में नियम से भोजन करने को व्रत कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत् प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं। ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊंचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो।÷ (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में 'जल माताएं'



**देवी उपासना प्रकृति की विराट शक्ति की ही उपासना है। मूर्ति, बिम्ब और प्रतीक नाम ढेर सारे हैं-दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, महालक्ष्मी या सिद्धिदात्री आदि कोई नाम भी दीजिए। देवी दिव्यता हैं। माँ हैं। सो पालक हैं। भारत स्वाभाविक ही नवरात्रि उत्सवों के दौरान शक्ति उपासना में तल्लीन है।**

आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैं- विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया है- तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6) ऋग्वेद, अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है ÷जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं।÷ ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वे रूद्र और वसुओं के साथ चलती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं-÷मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मेरा उद्गम आकाश में अप् (सृष्टि निर्माण का आदि तत्व) है। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3) सूर्योदय के पूर्व का सौन्दर्य हैं ऊषा। ऋग्वेद के एक सूक्त (1.124) में ऊषा की स्तुति में कहते हैं ÷ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं और मनुष्यों की आयु को लगातार कम करती हैं।÷ (वही मन्त्र 2) फिर कहते हैं, ÷ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी मर्यादा मार्ग से ही चलती है।÷ (वही, 3) ऊषा देवी हैं, इसीलिए उनकी स्तुतियाँ है, ÷वे सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं, छोटे से दूर नहीं होती, बड़े का त्याग नहीं करती।÷ (वही, 6) यहां समत्व दृष्टि की सीधी चर्चा है। ऋग्वेद में ÷सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैं।÷ (1.123.2) प्रार्थना है कि ÷हमारे मुख दिव्य स्तुति गान करे। बुद्धि सत्कर्मो को प्रेरित करे।÷ (वही, 6) ऊषा सतत् प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी और सूर्य देव के पहले आएगी।÷ (वही, 8) भारत का लोकजीवन देवी उपासक है। वह सब तरफ माता ही देखता है। देवी उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद के ऋषि समाज व्यवस्था से ही सामग्री लेते हैं, जो देखते हैं, वही गाते हैं। वे द्रष्टा ऋषि हैं। यहां पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये ऋग्वेद में तीन देवियां कही गयी हैं- इडा, सरस्वती, मही तिस्त्रो देवीर्मयो भुव।÷ (1.13.9)एक मंत्र (3.4.8) में 'भारती को भारतीभिः' कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः। यहां भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। फिर कहते हैं ÷सजोषा इडा देवे मनुष्ये - इडा देवी मनुष्यों देवों के साथ यज्ञ अग्नि के समीप आयें और सरस्वती वाक्शक्ति के साथ पधारें।÷ सरस्वती पहले नदी हैं, माता हैं। बाद में वे ज्ञान की देवी हैं, माता तब भी हैं। यज्ञ में मन्त्र पाठ के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। यज्ञ की विभिन्न क्रियाओं को देवी रूप कल्पित करके उन्हें होत्रा, इडा आदि नाम दिए गये। इडा यज्ञ कर्म की प्रतीक है, यज्ञ की अग्नि भारत है, यज्ञ में काव्य पाठ करने वालों की वाणी भारती है।

## एक्सप्रेस कविता

*विश्व युद्ध की आशंका सिर्फ युद्ध का उन्माद, डरा देता है अंदर तक, दिल और दिमाग कांप जाते हैं, आने वाले कल की भयानक तस्वीर, विभीषिका मानव को कम्पित कर रख देती है। क्या हम भूल गए नागासाकी की विभीषिका को, अभी भी जापान में मानव जाति कराह रही है, अणु और परमाणु बमों की त्रासदाई पीड़ा और संत्रास से, क्या हम भूल गए हिरोशिमा के विनाश को जहां मानवता रोती कराती बिलबिला रही है, निर्दयी बम और बारूद के निर्दयी संताप से, मानव की कई पीढ़ियां उसके प्रभाव को झेल रही है। अब इजरायल पलेस्टाइन युद्ध, यूक्रेन और रूस संघर्ष कमजोर यूक्रेन पर हमला, कमजोर होना निर्मल होना क्या जीवन जीने का हक छीन लेती है? अंधा और जंगल का कानून, बेलगाम ताकतवर जंगल का राजा।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**किसी के लिए खुली किताब मत बनो, टाइमपास का दौड़ है, पढ़कर फेंक दिये जाओगे..!**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 07:49 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 24:02 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | प्रीति, 20:49 |
| सूर्योदयः | 06:20 |
| सूर्यास्तः | 18:57 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 16:30-17:57 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:45-12:32 |

## जन एक्सप्रेस

### चल रही तलाश !

*बनें नए समीकरण।*
*चल रही तलाश ।।*
*लाना अलग चेहरे।*
*जगी ऐसी प्यास ।।*
*करना सब नवीन है।*
*आए नई बहार ।।*
*चाह रहे हम करने को।*
*जनता पर उपकार ।।*
*किए यदि सुधार।*
*तय मिलना है फल ।।*
*कार्यकर्ताओं को।*
*मिल जाए कुछ बल ।।*
*रणनीति ही ऐसी।*
*है हमने बनाई ।।*
*उब गए है हम।*
*हुई जो जगहंसाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आयुर्वेद के अनुसार इन 9 फूड्स को खा सकते हैं कच्चा

**आयुर्वेद** में ऋतुचर्या का विशेष महत्व है, जिसमें मौसम के अनुसार लाइफस्टाइल, खान-पान और दिनचर्या में बदलावों के बारे में बताया गया है। आयुर्वेद के अनुसार, मौसम में बदलाव का सीधा प्रभाव हमारे शरीर और मन पर पड़ता है और इस बदलाव से संतुलन बनाए रखने के लिए ऋतुचर्या का पालन करना जरूरी होता है। दरअसल, ऋतुचर्या का आधार यह है कि मौसम के बदलाव के साथ हमारे शरीर के दोषों वात, पित्त और कफ पर भी प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, सर्दियों में कफ दोष बढ़ता है, जबकि गर्मियों में पित्त दोष हावी रहता है। इसलिए, आयुर्वेद प्रत्येक ऋतु में खान-पान और दिनचर्या को दोषों के संतुलन के अनुसार बदलने की सलाह देता है। कच्चे फूड्स का सेवन शरीर में तीन दोषों वात, पित्त और कफ का संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। कच्चे फल, सब्जियां और जड़ी-बूटियों का सेवन विशेष रूप से गर्मियों और बदलते मौसम में किया जाना चाहिए।

**प्याज**: कच्चे प्याज का सेवन पाचन को बेहतर बनाता है और शरीर में गर्मी को संतुलित करता है। इसके एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर को रोगों से लड़ने में मदद करते हैं। कच्चा प्याज सलाद में या चटनी के रूप में खाया जा सकता है।



**अदरक**: अदरक का कच्चा सेवन पेट की समस्याओं को ठीक करने में मदद करता है। यह पाचन को तेज करता है और शरीर में मौजूद विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने का काम करता है। अदरक का टुकड़ा खाने से भूख बढ़ती है और सर्दी-खांसी से राहत मिलती है।

**तुलसी**: तुलसी के पत्ते सीधे कच्चे खाए जा सकते हैं। तुलसी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। आयुर्वेद में तुलसी को पवित्र और औषधीय पौधा माना जाता है, जो सर्दी-जुकाम से लेकर तनाव तक में राहत देता है।

**लहसुन**: लहसुन का कच्चा सेवन शरीर में गर्मी पैदा करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है। आयुर्वेद में लहसुन को रोगनाशक और शक्तिवर्धक माना गया है। कच्चा लहसुन नियमित रूप से सेवन करने से शरीर में रक्त संचार सही रहता है। हालांकि, लहसुन का सबसे ज्यादा लाभ इसे घी में भूनकर खाने से मिलता है।

**मूली:** मूली का कच्चा सेवन पाचन के लिए फायदेमंद होता है। यह फाइबर से भरपूर होती है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत देती है। मूली का सलाद के रूप में सेवन किया जा सकता है।

**गाजर**: गाजर विटामिन-ए से भरपूर होती है, जो आंखों की रोशनी के लिए बेहद फायदेमंद है। यह त्वचा को भी बेहतर बनाता है और इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। गाजर का सलाद या जूस के रूप में सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

**अजवाइन**: अजवाइन के कच्चे बीज पेट की समस्याओं जैसे गैस, अपच और एसिडिटी से राहत दिलाने में मदद करते हैं। आयुर्वेद में अजवाइन को गर्म और उत्तेजक माना जाता है, जो पाचन को सुधारने में सहायक होती है। एक छोटी चम्मच कच्ची अजवाइन खाने से पेट के दर्द में तुरंत आराम मिलता है।

**धनिया**: धनिया के पत्तों का कच्चा सेवन पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह पेट की गर्मी को शांत करता है और अपच, एसिडिटी जैसी समस्याओं में राहत प्रदान करता है। धनिया का रस या पत्तों का सलाद के रूप में सेवन करना लाभकारी होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# हवस का मौलवी, सार्थकता और निरर्थकता के बीच शब्द की महिमा



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**वास्तव में यह है शब्दों की महिमा और उसका रचना संसार । कहना होगा कि 'हवस का पुजारी' के स्थान पर 'हवस का मौलवी' क्यों नहीं हो सकता कह कर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आज एक नई बहस को जन्म दिया है। इस शब्द के सामने आने के बाद मुस्लिम समाज की तीखी प्रतिक्रिया आ रही है।**

**यह** शब्द हवस का मौलवी आज के जमाने को दर्शा रहा है! वैसे, जब कोई भी शब्द प्रचलन में आता है, तब तक वह एक लंबी यात्रा कर परिष्कृत और परिमार्जित होकर अपने ठेठपन में बहुत कुछ सुधार कर चुका होता है, फिर जो शेष होता है, उस रूप में वह शब्द अपने अर्थ को बहुत अच्छे से व्याख्यायित करता हुआ मिल जाता है। अभी पिछले दिनों इससे जुड़ा शब्द प्रचलन में था ÷हवस का पुजारी÷ यह विचार करने योग्य है कि यह वाक्य गढ़ा किसने होगा और क्यों निर्माण किया होगा क्या वास्तव में 'पुजारी' हवस के भूखे या हवसी होते हैं देश में स्त्रियों से संबंधित हर रोज कितनी ही अप्रिय घटनाएं घटती हैं, किंतु उसके लिए 'पुजारी बिरादरी' को दोषी ठहराया जा सकता है क्या किंतु जो शब्द चल पड़ा वह दौड़ गया, अब उसके मायने कौन बदले! उसके सेट नैरेटिव को बदलना आसान नहीं है। यदि यह किसी की शरारत है तब भी वह कितना होशियार रहा होगा, यह सोचा जा सकता है! उसने हिंदू समाज के उस प्रतिमान को ध्वस्त करने का काम किया, जिसके प्रति हिंदू अपार श्रद्धा भाव रखते हैं, उन पुजारियों से जोड़ कर यह नया शब्द रचा गया जो सनातन हिंदू धर्म की समय-समय पर व्याख्या तक करते हैं। अब हवस के भी मायने कई हैं। इसके अर्थ में जाएं तो वह इच्छा जिसकी संतुष्टि बार-बार की जाती हो, पर फिर भी जो और अधिक संतुष्टि के लिए उत्कट रूप धारण किये रहती हो अथवा हवस का अर्थ वासना से है। अधिक से अधिक पाने की चाहत, उत्कंठा, लालसा, बढ़ा हुआ शौक़, लोभ, लालच कामना, तीव्र इच्छा, कामवासना से है। यह एक मानसिक विकार की तरह है। अक्सर इसे यौन इच्छाओं से जोड़कर देखा जाता है और जब सोच विकृत होकर इंसान के वश से बाहर हो जाये, तो उसे हवस कहते हैं। कुल मिलाकर हवस किसी की भी हो सकती है, यह एक ऐसी इच्छा है जिसकी कभी पूर्ति नहीं होती और जो पास है उससे कभी संतुष्टि नहीं। नकारात्मक अर्थों में एक स्त्री के प्रति पुरुष की बुरी दृष्टि भी हवस है जो एक स्त्री से नहीं, कई स्त्रियों के होने से भी नहीं भरती, तो यह अवगुण हवस के पुजारी में ही होना चाहिए किसी मुल्ला, मौलवी या चर्च पादरी में नहीं हो सकती है! अब आप सोच सकते हैं कि जो हिन्दू विरोधी हैं, उनकी इस संबंध में नैरेटिव गढ़ने की कितनी अधिक गहरी सोच है। गजब हाल है साहब; 'सांप भी मर गया और लाठी भी नहीं टूटी' हिंदू धर्म के धर्माचार्यों के प्रति आम जनमानस में संदेह का भी बीज बो दिया गया और किसी ने इस शब्द रचना का गहराई से आकलन तक नहीं किया। किसी को अंदाजा भी नहीं लगा कि आखिर हुआ क्या है, जबकि पुजारी की हकीकत यह है कि यदि वह होगा तो मंदिर का होगा, किसी देवता के प्रति पूर्ण समर्पण करने वाला होगा, किंतु वह 'हवस का पुजारी' तो बिल्कुल भी नहीं होगा, परंतु वर्षों से यह शब्द चल रहा है और हिन्दू हैं जो इस शब्द को चलाए जा रहे हैं, ठीक वैसे ही जैसे एक शब्द रच दिया गया, गणपति बप्पा मोरिया, आधा लड्डू चोरिया बचपन में सुनते-सुनते कब बड़े हो गए और अब भी अपने जीवन की एक लम्बी यात्रा में, हिन्दू गणेश जी के आगमन और विसर्जन के समय यही नारा लगा रहे हैं कि ÷गणपति बप्पा आधा लड्डू चोरिया हैं÷ जैसे गणेश जी को लड्डुओं की कमी है, माता पार्वती एवं पिता शिव उन्हें लड्डू खाने से रोकते हैं, जैसे कि उन्हें इंसानों में होने वाली शुगर की बीमारी हो गई हो। यह भी हो सकता है कि उनके भक्त इतने कंजूस और कृपण हैं कि उन्हें भोग में लड्डू प्रसादी के रूप में देते ही नहीं हैं अथवा यह भी होना संभव है कि उनके माता-पिता और भक्त अपने भगवान श्रीगणेश को शुगर की बीमारी ना हो जाए, एहतियातन उन पर मिठाई खाने की रोक लगा दी गई है! अत- ऐसे में उन्हें अपनी इच्छाओं की पूर्ति करने के लिए लड्डू चुराने की आवश्यकता पड़ती है। यह भी इसी प्रकार की एक नकारात्मक शब्द रचना है, जो हिंदू समाज वर्षों से अपने देवता के लिए बोले जा रहा है और कहीं ना कहीं अपने आचरण में भी यह भाव बैठाने का प्रयास कर रहा है कि जब भगवान गणेश बिना किसी लोकमंगल की भावना के लड्डू चुरा सकते हैं (जिसमें श्री कृष्ण की तरह लोक कल्याण निहित नहीं) तब थोड़ी-बहुत चोरी स्वान्त- सुखाय या अपने भौतिक सुखों की अभिवृद्धि के लिए हम भक्त कर भी लें तो क्या बिगड़ने वाला है जिन श्री गणेश को हिंदू अपने प्रथम देवता के रूप में घर-घर पूज रहा है, फिर हिंदुओं में कब, कहां, कौन चोरी करने लग जाता है, पता ही नहीं चलता ! वह भक्त पूजा का घी और घर में अपने बच्चों एवं अन्य परिवार सदस्यों के उपयोग का घी बाजार से कब अलग-अलग लाने लग जाता है, पता ही नहीं चलता और कब यह एक छोटा-सा शब्द हमारे मस्तिष्क में अनेक रूपों में अपने को विस्तारित कर लेता है।

**वास्तव में हिन्दू समाज ऐसे ना जाने कितने शब्दों के नैरेटिव में स्वयं को उलझाए हुए है, कभी पता ही नहीं चलता। जबकि इस शब्द की हकीकत यह है कि गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ती मोरया, पुढ़च्यावर्षी लवकरया अर्थात हे मंगलकारी पिता, अगली बार और जल्दी आना। वस्तुत मराठी भाषा में जो यह जल्दी आने के लिए 'पुढ़च्यावर्षी लवकरया' शब्द का उपयोग हुआ है।**

# दुष्कर्म पीड़िता की मौत, आक्रोशित परिजनों ने किया डीएम आवास के घेराव का प्रयास

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

किशोरी से युवक ने 20 सितंबर को दुष्कर्म किया गया था। इससे उसकी हालत बिगड़ गई।पीड़ित किशोरी को लखनऊ में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद आक्रोश फैल गया।



**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र की एक 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के 15 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से लोग भड़क गए। शनिवार की सुबह परिवार वाले तमाम ग्रामीणों के साथ शव लेकर कोतवाली जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। अभद्रता करते हुए धक्का-मुक्की की और एंबुलेंस को शव समेत जबरन पोस्टमार्टम हाउस से ले गई। इस पर नाराज लोग डीएम आवास व कार्यालय जाकर घेराव किया। पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए। डीएम ने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर किसी तरह से शांत कराया। घटना 20 सितंबर दोपहर बाद करीब तीन बजे की है। शहर से सटे एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी नगर पटरी के पास स्थित दुकान पर चूड़ी लेने गई थी। वापस आते समय रास्ते में अरशद ने उसे रोक लिया। उसके गले पर चाकू रख दिया और मुंह दबाकर गन्ने के खेत में खींच ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना किसी से बताने पर जान से मार देने की धमकी दी। किसी तरह से पीड़िता घर पहुंची और उसने अपनी भाभी को पूरी बात बताई। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन समाज में होने वाली बदनामी के डर से चुप रहे और पीड़िता का इलाज कराते रहे। इधर पहली अक्टूबर को पीड़िता की हालत अधिक बिगड़ गई। परिवार वालों ने पुलिस को तहरीर दी और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत अधिक खराब होने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन बलरामपुर अस्पताल में उसका उपचार करा रहे थे। शुक्रवार को पीड़िता की मौत हो गई। मौत की खबर आते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन शनिवार की सुबह एंबुलेंस से शव लेकर प्रदर्शन करने के लिए सदर कोतवाली जा रहे थे। परिवार वालों ने बताया कि पुलिस ने उन्हें शहर के गुरु गोविंद चौक पर रोक लिया और कोतवाली नहीं जाने दिया। वह लोग जब शव लेकर कचहरी की तरफ बढ़े तो पुलिस ने जिला महिला अस्पताल के पास एंबुलेंस रोक ली और शव पोस्टमार्टम हाउस ले जाने का दबाव बनाने लगे। पीड़ित परिवार ने जब इसका विरोध किया। आरोप है कि इस पर पुलिस ने धक्का-मुक्की की और जबरन एंबुलेंस समेत शव पोस्टमार्टम हाउस लेकर चली गई।पुलिस की अभद्रता से नाराज परिवार वाले बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ पहले डीएम कार्यालय पहुंचे और घेराव किया। यहां भी पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की और खूब डराया धमकाया। इसके बाद वह डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां से भी पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। दोबारा परिजन ग्रामीणों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे और पूरी बात बताई। डीएम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन शांत हुए। पुलिस डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया है और उसकी वीडियोग्राफी कराई है।एएसपी पवन गौतम ने बताया कि पूरे मामले में तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। नियमानुसार पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया था।डॉक्टर ने पीड़िता में डेंगू के लक्षण बताए थे। पीड़िता के सभी मेडिकल प्रपत्र मंगाए जा रहे हैं। परिजनों की मांग है कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। इसके लिए टीमे गठित की गई हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। शव का डबल पैनल से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# मोहम्मदी को जिला बनाओ की मांग लगातार तेज



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

आपको बताते चलें कि मोहम्मदी को जिला बनाओ की मांग लगातार तेज होती चली जा रही है मोहम्मदी को जिला बनाओ के लिए बार एसोसिएशन मोहम्मदी लगातार आवाज उठा रहा है शनिवार को धरना दिया गया शनिवार को बार एसोसिएशन मोहम्मदी के द्वारा मोहम्मदी को जिला बनाओ के लिए धरना प्रदर्शन किया गया तथा एक ज्ञापन और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को सौंपा ,जिसमे मांग की गई कि परगना मगदापुर को तहसील मोहम्मदी में जोड़ा जाए तहसील गोला में सम्मिलित परगना मगदापुर तहसील मोहम्मदी के अति निकट है तहसील गोला बनने के पहले परगना मगदापुर मोहम्मदी तहसील का भाग था परगना मगदापुर मोहम्मदी तहसील मुख्यालय से मात्र 5 किलोमीटर दूरी पर है और गोमती नदी इसकी सीमा है तहसील गोला ब्लॉकों के आधार पर गठित की गई थी उस समय परगना का ध्यान नहीं दिया गया और ना ही दूरी का ध्यान दिया गया और बदकारियों की सुविधा का भी ध्यान नहीं रखा गया परगना मकदापुर का थाना कोतवाली मोहम्मदी है तथा परगना मगदापुर का सीओ सर्किल भी मोहम्मदी है इसके अलावा समस्त वादकारी तहसील संबंधित कार्य हेतु गोला तहसील में जाते हैं जिससे जनता को घोर असुविधा का सामना करना पड़ता है मोहम्मदी में स्थित सिविल जज जू0डि0 को परगना मगदापुर तथा परगना हैदराबाद के दीवानी वादों को श्रवण करने का क्षेत्राधिकार प्राप्त है इसीलिए परगना मगदापुर को तहसील मोहम्मदी से जोड़ा जाना जनहित में आवश्यक है। और मोहम्मदी को जिला बनाया जाए धरना व ज्ञापन देने वालों में प्रद्युमन मिश्रा एड. अध्यक्ष बार एसोसिएशन मोहम्मदी, अवनीश कुमार मिश्रा महामंत्री बार एसोसिएशन, अखिलेश कुमार, सुरेश चंद्र शुक्ला, गोविंद खरे, रामदास कनौजिया, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, शेष मिश्रा, रामसेवक कुशवाहा, पंकज कश्यप, लोकेश कुमार सिंह, राजेश सिंह, आलोक सिंह, लोकेश अवस्थी, कुलदीप सिंह, अतुल त्रिवेदी, मोहम्मद हाशिम, मो रिजवान सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े के चतुर्थ दिवस पर राजकीय चिकित्सालय में व्यावसायिक वाहन चालकों का किया नेत्र परीक्षण




जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह

**सीतापुर।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़े के चतुर्थ दिवस राजकीय चिकित्साल में व्यावसायिक वाहन चालकों स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया। आयोजन में नेत्र चिकित्सको द्वारा 56 ड्राइवरो को नेत्र परीक्षण का उचित परामर्श दिया गया, जिसमें 05 ड्राइवरो की ऑखें कमजोर मिली जिन्हे चश्मे का नम्बर दिया गया। यात्री/मालकर अधिकारी मजहरूल आबदीन अहमदने ट्रक चालको को जानकारी देते हुए कहा कि समय-समय पर ऑखों की जॉच अवश्य करानी चाहिए। कई बार ऑखों की रोशनी कम हो जाती है और हमें इसका पता नही चल पाता है। उन्होने कहा कि वाहन संचालन के लिये दृश्यता का होना सबसे महत्वपूर्ण है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने उपस्थित चालक, परिचालको से कहा कि सवारियो को सुरक्षित गन्तव्य तक पहुॅचाने की जिम्मेदारी आप लोगो की होती है। कार्यक्रम में यातायात चिन्हयुक्त लीफलेट एवं पम्फलेट वितरित किये गये तथा सभी को यातायात नियमो की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के अन्त में एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी द्वारा वाहन चालको को वाहन चलाते समय क्या करें और क्या न करें जैसी जानकारी देते हुए वाहन चलाने की अपील की गयी।

**क्या करें**

- धीमी गति में वाहन चलाये तथा अपनी लेन में ही चलें।
- वाहन की हेड लाइट को बीम पर ही चलाये।
- शून्य दृश्यता की स्थिति में पेटेंड लेन मार्किंग (सफेद पट्टी) के सहारे वाहन चलायें।
- फॉग लाइट तथा डी-फॉगर का इस्तेमाल करें।
- वाहन में वाइपर चालू हालत में, विंड शील्ड तथा खिड़की के शीशे साफ रखें।
- वाहन मोड़ने से पहले कम से कम 10 सेकेंड के लिए दाएं,बाएं इंडीकेटर का इस्तेमाल करें।
- व्यावसायिक वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रॉली में मानकानुसार रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगायें।
- आपातकाल की स्थिति में टोल फ्री नम्बर-108 एवं 112 पर सम्पर्क करें।
- एक वाहन से दूसरे वाहन के मध्य उचित दूरी रखते हुए वाहन चलायें।

**क्या न करें**

- तेज गति से वाहन न चलायें न ही ओवर टेकिंग करें।
- वाहन की हेड लाइट बीम पर जलाकर वाहन चलायें।
- कोहरे की स्थिति में वाहन का म्यूजिक बंद रखें।
- मोबाइल का इस्तेमाल न करें, ताकि अन्य वाहनों का हॉर्न सुनाई दे सके।
- वाहन को पार्किंग चिन्हित स्थलों के अलावा कहीं पर भी न रोकें।
- नींद, थकान एवं नशे की हालत में वाहन न चलाये।

# समस्त थानो के सुरक्षा दलो, बीट प्रभारियों को पुलिस अधीक्षक का दिशा निर्देश, विद्यालयो में जाकर छात्राओं को करें जागरूक






- वीमेन पावर लाइन (1090)
- पुलिस आपातकालीन सेवा (112)
- सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076)
- चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098)
- वन स्टाप सेन्टर (181)
- साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930)
- स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102)
- एम्बुलेन्स सेवा (108)
- जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय, राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र के निर्देश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान ÷मिशन शक्ति फेज-5 के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में समस्त थानो के अपराध निरीक्षक वरिष्ठ उपनिरीक्षक, महिला बीट अधिकारी, कर्मचारी, समस्त सर्किलो के मिशन शक्ति संबंधित पुलिसकर्मियो के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने शासन द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत निर्गत आदेशो, निर्देशो, कार्ययोजना आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए जानकारी दी गयी एवम् निर्गत निर्देशो के अनुपालन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री संजीव त्यागी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती इतुल चौधरी, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक वर्मा, प्रभारी मिशन शक्ति भावना भारद्वाज मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती इतुल चौधरी, प्रभारी निरीक्षक खैराबाद श्री अनिल सिंह व सीतापुर की महिला सुरक्षा दल द्वारा थाना खैराबाद क्षेत्रांतर्गत स्टडी वैल स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित कर किशोरो, बालिकाओं की सुरक्षा के तहत उनको विभिन्न टोल फ्री नम्बरों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब), साइबर सम्बन्धी अपराधी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों के महिला सुरक्षा दलों, मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामो, कस्बो, मोहल्लो, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठशाला, चौपाल आदि लगाकर जागरूक करने के प्रयास के क्रम में महिलाओं, बच्चों, छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी जा रही है व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु।

## सभासद से पुलिस की बदसलूकी पर भडके पालिकाध्यक्ष, किया विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। शनिवार को सुबह किसी काम से जा रहे एक सभासद से एक पुलिस एसआई की वाहन चेंकिग को लेकर विवाद हो गया। आरोप है। कि एसआई ने सभासद से अभद्र व्यवहार किया। मामले की सूचना पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू सहित तमाम सभासद सदर चौराहे पर एकत्र होकर थाने से सटे पार्क पर धरने पर बैठ गए। पालिकाध्यक्ष व सभासदों ने मांग रखी कि संबंधित अधिकारी सभासद से किए गए व्यवहार पर मांफी मांगे।करीब चार घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज हंगामें को लेकर शहर में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। इधर पालिकाध्यक्ष के धरने पर बैठने की खबर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित एसडीएम व अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने मांफी मांगने की बात का विरोध करते हुए जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। किसी तरह मामला शांत हुआ। बता दें कि वार्ड नंबर सात के सभासद धर्मेन्द्र सिंह किसी काम से जा रहे थे। उसी दौरान एसआई देवेन्द्र सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर मामला पालिकाध्यक्ष तक पहुंचा। जिस पर भडके पालिकाध्यक्ष ने सभासदों के साथ सदर चौराहे पर पहुंचकर पुलिस से वार्ता की। लेकिन बात न बनने पर वह सभासदों के साथ धरना प्रदर्शन पर अड गए। कई घंटों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद मामले की जांच व संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए।

# लाखो रुपये के ज़ेवरात के साथ दो शातिर बदमाश पुलिस की गिरफ्त में

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पोंगलीपुर नहर पुल के निकट कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी के लाखों रुपये मूल्य के सोने चांदी के आभूषणों सहित बनाया बंदी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा व पुलिस टीम के द्वारा सूचना के आधार पर रियाज पुत्र जलील नि0 ग्राम समोदीडीह थाना तम्बौर, हलीम पुत्र रसूल अहमद निवासी नई बस्ती मजरा समोदीडीह थाना तम्बौर को सामान्य वाहन चेकिंग के दौरान पोंगली पुर शारदा नहर पुल के पास से बंदी बनाया, पुलिस ने उनके पास से चोरी के ताबीज सफेद धातु के 27 नग, शुभ लाभ सफेद धातु के 12 नग, अंगुठी सफेद धातु 40 नग, कड़ा सफेद धातु के 08 नग, पायल सफेद धातु के कुल 71 नग, कमर बन्द सफेद धातु के 2 नग, बिछिया 218 नग सफेद धातु, राखी पांच सफेद धातु के, मोती माला 32 नग, लाकेट छोटे बडे 2 पीली धातु, 6 झुमकी छोटी बड़ी पीली धातु बरामद किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि, दोनो शातिर अपराधी हैं और इनके द्वारा पूर्व में भी चोरी, नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया हैं उक्त चोरों ने पूछताछ में बताया कि वह लोग दरी की फेरी आस पास के इलाके में घूम फिर करते हैं और एक साथी सरोज भी है, जो बर्तनो के फेरी का काम करता है, हम लोग फेरी करने के दौरान एकान्त घरों व सुनार की दुकानों की रैकी करते है तथा तीनो मिलकर रात्रि में दुकान व मकान में घुसकर जेवर नगदी आदि कीमती सामान कर आपस में बांट लेते है। पुलिस के अनुसार नगर क्षेत्र के गुरखेत बाजार में अजीज ज्वैलर्स से 2 अगस्त की रात, विगत 23 सितंबर को ग्राम समोलिया में गांव के बाहर एकान्त में स्थित मकान से, विगत 11 सितंबर की रात ग्राम लालपुर बाजार स्थित ज्वैलर्स की दुकान से, व विगत 30 जुलाई की रात में थाना मानपुर के ग्राम शिवथाना में चोरी, नकबजनी की घटनायें को अंजाम दिया था उक्त घटनाओं का थाना मानपुर व थाना लहरपुर में अपराध दर्ज है।

# वीजा मास्टर केंद्र पर प्रवेश आरंभ






जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शहर के लखीमपुर रोड पर संचालित न्यू वीजा मास्टर में नई सुविधाओं के तहत आईएलईटीएस व पीटीई प्रशिक्षण में प्रवेश आरंभ है। जिसमें प्रथम बीस छात्रों के लिए प्रतिमाह 15 सौ रुपये शुल्क लिया जाएगा। छात्रों को प्रशिक्षण की सुविधा के लिए एयर कंडीशन क्लासरुम, सुरक्षा व्यवस्था, प्रोजेक्टर से शिक्षण व्यवस्था, वीसा फाइलिंग के साथ मेधावी छात्र छात्राओं के लिए टूरिस्ट वीजा, स्टडी वीजा, वर्क वीजा, एयर टिकट के माध्यम से उनके हुनर व कौशल के मुताबिक प्रशिक्षण देकर विदेश में जाब का अवसर दिया जाएगा।

# अनुष्का पटेल को तहसील का एक दिन का सांकेतिक एसडीएम बनाया गया




जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत दस दिवसीय कार्यक्रम के क्रम में तहसील क्षेत्र के बेलरायां की मेधावी छात्रा अनुष्का पटेल को निघासन तहसील का एक दिन का सांकेतिक एसडीएम के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया। एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर कर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए एक दिन की सांकेतिक एसडीएम बनने पर बधाई दी। सरजू सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेलरायां की इंटरमीडिएट की मेधावी छात्रा अनुष्का पटेल पुत्री रामनिवास द्वारा शनिवार को एक दिन का एसडीएम पद का निर्वहन किया गया।एसडीएम ने तहसील के समस्त विभागों का निरीक्षण व विभागीय कार्यों के संबंध में विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। समस्त विभागों के सहायकों को कार्यालय में समय से आने एवं कार्यालय में साफ सफाई के निर्देश भी दिए हैं। शासन के निर्देश के मुताबिक संपूर्ण समाधान दिवस में अनुष्का उपस्थित होकर दूरदराज से आए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर व निस्तारण के लिए निर्देशित किया। एक शिकायत का मौके पर निस्तारण भी किया गया।

इस दौरान एसडीएम राजीव निगम, सीओ महक शर्मा तहसीलदार भीमचंद, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद, नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही, हरिराम, पूर्ति निरीक्षक आरएस यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किए नैमिषारण्य के माँ ललिता देवी मंदिर में दर्शन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शरदीय नवरात्रि में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आज नैमिषारण्य में माँ ललिता देवी मंदिर में पूजन अर्चन करते हुये औचक निरीक्षण कर व्यवस्था देखीं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि मंदिर परिसर में व परिसर के आस-पास निरन्तर सफाई की जाये तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि ट्रैक्टर ट्राली निर्धारित स्थानों पर ही खड़े हो, यह सुनिश्चित किया जाये व श्रद्धालुओं के लिये शौचालय की व्यवस्था की जाये तथा पार्किंग स्थल एवं मंदिर परिसर के पास मोबाइल टायलेट खड़े करे जायें। साथ ही उन्होंने मंदिर में स्थापित लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे के कन्ट्रोल रूम को देखा तथा जो भी कैमरे लगवाये जाने हैं उनको ससमय लगवा दिया जाये। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रखी जाये। मंदिर के पुजारियों से वार्ता करते हुये श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास द्वार की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घाटों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि घाटों पर जो भी कार्य होने हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेत देखने गए अधेड़ का शव नहर में मिला

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी। खेत देखने गए अधेड़ का शव दूसरे दिन नहर से बरामद हुआ है।अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव की पहचान कराते हुए परिवार वालो की मौजूदगी पंचनामा बना कर परिवार वालो को सुपुर्द कर दिया है। कस्बे के झंडी रोड स्तिथ जगदीश कन्नौजिया (45) पुत्र रामदुलारे जो कि शुक्रवार सुबह पलिया रोड स्तिथ गन्ना क्रेसर तरफ अपने गन्ने की फसल को देखने गया हुआ था।काफी देर तक घर वापस नही आने पर परिवार वालो ने देर रात तक उनकी खोज की लेकिन कही सुराग नहीं लगा।

# आरटीओ कार्यालय में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति शपथ दिलाकर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में यातायात पखवाड़ा मनाया गया देश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में हर रोज हजारों लोगों की जान जा रही जिसमें उत्तर प्रदेश का लखीमपुर खीरी जिला भी दुर्घटना बाहुल्य जगह में शुमार होता है, सड़क पर चल रहे वाहनों जिसमें ओवरलोड वाहन ट्रैक्टर ट्रालियां टेंपो, ट्रक आदि प्रमुख जिसे आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं जिम कई लोगों की जान चली जाती है इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाता है जिसमें हो रही सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों की चर्चा की कार्यक्रम में बताया गया कि हर व्यक्ति की जान बहुत महत्वपूर्ण होती है बाहर निकले हुए व्यक्ति के पीछे पूरा घर परिवार होता है एक व्यक्ति की जान की जाने से कई अन्य लोग आहत होते हैं आने वाली दुर्घटनाओं को जन जागरण कर यातायात नियमों को पालन करके रोका जा सकता है इसके तहत कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने मौजूद सैकड़ो लोगों वा वाहन चालक व वाहन स्वामियों को शपथ दिलाई की वह सड़क सुरक्षा के नियमों का पूर्णतया पालन करेंगे ओवर स्पीड में व नशे की हालत में ,कान में फोन लगाकर वहां नहीं चलाएंगे एक अच्छा चालक दुर्घटना होने से बचा सकता है जिससे लोगों की जान बच सकती है वाहन चालक महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है जो जरूरत के हर सामान को यहां से वहां पहुंचने का काम करता है चालक को हमारे यहां सारथी कहा जाता है जिसका सम्मान श्री कृष्ण ने अर्जुन के सारथी के रूप बन कर लोगों को संदेश दिया, वही यात्री कर अधिकारी कौशलेंद्र यादव ने बताया कि यदि कोई दुर्घटना होती है तो 20 मिनट गोल्डन आवर टाइम होता है जिसमें यदि लोग जागरुक होकर दुर्घटना हुई व्यक्ति की मदद करें तत्काल 112 नंबर पर फोन करके पुलिस को सूचना दें जिससे कि उस व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय सहायता दी जा सकती है जिससे उसकी जान बच सकती है इस सहायता योजना में सूचित करने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से सम्मान व 5000 नगद पुरस्कार दिया जाएगा लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता नियमों का पालन करते हुए देश की परिवहन व्यवस्था को अच्छी परिवहन व्यवस्था बनाए जा सकता है इस कार्यक्रम में रोडवेज के ऐ आर एम ने भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जोर दिया इस कार्यक्रम में परिवहन कार्यालय के समस्त कर्मचारी वी सैकड़ो लोग शामिल रहे जिन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के लिए शपथ ली।

## केन ग्रोवर्स इण्टर कालेज जंगबहादुरगंज की छात्रा नंदिनी गुप्ता को एक दिन के लिए एसडीएम मोहम्मदी बनाया गया



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। मिशन शक्ति अभियान के पांचवें फेस में उत्तर प्रदेश शासन से प्रस्तावित कार्यक्रम में जिलाधिकारी के निर्देशन में केन ग्रोवर्स इण्टर कालेज जंगबहादुरगंज की छात्रा नंदिनी गुप्ता को एक दिन के लिए एसडीएम मोहम्मदी बनाया गया। तहसील दिवस के दौरान मोहम्मदी एसडीएम डा अवनीश कुमार और सीओ अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। एक दिन की एसडीएम नंदिनी गुप्ता ने जन समस्याओं को सुना और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। शनिवार को 12वीं की छात्रा नंदिनी एक दिन के लिए एसडीएम बनी। अफसर की कुर्सी पर बैठकर छात्रा ने फरियादियों की समस्या सुनी, उसका निस्तारण किया। संबंधित विभागों जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए समस्याओं के निस्तारण के जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इस दौरान मोहम्मदी एसडीएम डॉ अवनीश कुमार खुद छात्रा के बगल में बैठे रहे और उसे गाइड किया।12वीं में पढ़ने वाली केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज की छात्रा नंदिनी को एसडीएम की कुर्सी पर बैठाया गया।नंदिनी ने तहसील सभागार में आने वाले फरियादियों की न सिर्फ बात सुनी और संबंधित विभागों को लेटर भेजकर समस्याओं जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए आदेशित भी किया।

# बेखौफ करें कारोबार, हर तरफ सुरक्षा माहौल

## रेंज में शाम सात से रात 10 बजे तक होगी विशेष चौकसी व की जाएगी चेकिंग

जन एक्सप्रेस । दामोदर उपाध्याय

**गोरखपुर।** शारदीय नवरात्रि शुरू हो गया है। एक महीना बाद दीपावली भी है। इस महीने का कारोबारी बेसब्री से इंतजार करते हैं। बाजार की रौनक बदल जाती है। देर तक बाजार खुलते हैं। रात को घर लौटते समय कारोबारियों के साथ वारदात का खतरा बढ़ जाता है। डीआईजी पुलिस ने सुरक्षा प्लान तैयार किया है।उनका कहना है कि कारोबारी बेखौफ कारोबार करें। हर तरफ सुरक्षा मिलेगी। रेंज के डीआईजी आनंद कुलकर्णी व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने रेंज के चारों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अल्टीमेटम दिए हैं कि सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। लापरवाही ना बरतें। किस सड़क पर किस तरह की घटनाएं होती हैं। कौन-कौन से इलाकों में पहले घटनाएं हुई हैं, गूगल मैप पर एक क्लिक पर सामने आ जाता है। इसी के अनुसार सुरक्षा प्लान बनाया जाए। त्योहारी सीजन में बाजार देर तक खुलता है। इसी के मद्देनजर सुरक्षा प्लान बनाकर कार्यवाही की जाय, चेकिंग प्वाइंट भी चिह्नित कर लिए जाएं। सभी जगह सघन चेकिंग होनी चाहिए। त्योहारी सीजन में सड़कों पर पुलिस की सक्रियता ज्यादा दिखाई दे। थाना क्षेत्रों में शाम के समय पुलिस फुट पेट्रोलिंग भी की जाय। प्रमुख बाजारों में सादा कपड़ों में पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाय।

### कभी भी पुलिस से ले सकते हैं सहयोग

किसी कारोबारी के पास कैश अधिक है। दुकान से घर या बैंक जाना है। सुरक्षा की आवश्यकता है तो पुलिस को फोन मिलाएं। पुलिस साथ जाएगी। बाजारों में कोई संदिग्ध नजर आए तो तत्काल पुलिस को बताएं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में जल्दी बंद हो जाता है बाजार

शहर ही नहीं देहात क्षेत्र में भी वारदातों का खतरा रहता है। देहात में बाजार जल्दी बंद हो जाते हैं। खासकर सराफा बाजार। देहात में छोटे कारोबारी हैं। प्रतिदिन दुकान पर माल लेकर जाते हैं। दुकान बंद करने के बाद माल लेकर घर आते हैं। पूर्व में ऐसे कारोबारियों को चिह्नित करके उनके साथ लूट की घटनाएं हो चुकी हैं। देहात में शाम साढ़े छह बजे से साढ़े आठ बजे तक विशेष चेकिंग अभियान चला करेगा। यह व्यवस्था दीपावली तक रहेगी।

### इन सड़कों पर रहेगी विशेष चेकिंग

थोक के कारोबारी आज भी शहर में है। कारोबारी शहर के पॉश इलाकों में रहते हैं। रात को बाजार बंदी के बाद ज्यादातर स्कूटर से घर लौटते हैं। कारोबारी जिन रास्तों से लौटते हैं उन पर पुलिस तैनात रहे। कारोबारी भी कोशिश करें दुकान से सीधे घर जाए। उस रास्ते से गुजरे जहां रोशनी रहती हो।

### खुले बाजारों में पैदल गश्त करें:

श्री कुलकर्णी ने कहा कि जहां से बाइक सवार बदमाश आराम से भाग सकते हैं। ऐसे बाजारों को चिह्नित किया गया है। पुलिस पैदल गश्त करेगी।

## आरोपी ग्राम प्रधान सहयोगियों संग दलित परिवार को दे रहा है जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज)।



कोतवाली थाना क्षेत्र के सराय खुटहां में ज़मीनी विवाद को लेकर दलित परिवार को दौड़ाकर मारने पीटने के आरोप में पुलिस ने पांच नामजद लोगों के उपर मुकदमा दर्ज किया है। तो अब पीड़ित परिवार को जान से मारने मिल रही है धमकी ।पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक महराजगंज से जान माल की सुरक्षा को लेकर लगाई न्याय की गुहार। प्राप्त समाचार के अनुसार बीते 28 सितम्बर को जमीनी विवाद को लेकर कुछ दबंग लोगों ने दलित परिवार को दौड़ाकर मारा पीटा था। जिसमें माता व पुत्र बुरी तरह घायल हो गये थे। पीड़िता सुनीता देवी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि आरोपियों के उपर केस दर्ज तो हो गया लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है ।आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और जान से मारने की लगातार धमकी दे रहे हैं। जिससे पीड़ित परिवार डरा सहमा है ।और अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है, दबंग प्रधान व उसके सहयोगियों द्वारा दी जा रही जान माल की धमकी से भयभीत परिवार को अमेठी जैसी घटना होने डर सता रहा है।

## सिपाही के हमले से बौखलाए डॉक्टर्स ने ठप किया कार्य

### मौके पर पहुंचे एसएसपी ने की जांच पड़ताल

**जन एक्सप्रेस/ गोरखपुर।** छात्रसंघ चौराहा स्थित गैस्ट्रो लीवर अस्पताल में आज एक निलंबित सिपाही ने अस्पताल संचालक डॉ. अनुज सरकारी पर हथौड़े से हमला कर दिया। इससे नाराज डाक्टरों ने अनिश्चित हड़ताल करने की घोषणा कर दी। सिपाही पंकज चौधरी हथौड़ा लेकर अस्पताल में दाखिल हुआ। पंकज चौधरी संतकबीरनगर जिले के मंझरिया गंगा गांव का निवासी है और उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात था। वर्तमान में वह बलिया पुलिस लाइन में तैनात था, लेकिन एक वर्ष से अनुपस्थित रहने के कारण उसे निलंबित कर दिया गया था।

### पहले दिन हुआ विवाद

घटना की पृष्ठभूमि के अनुसार, गुरुवार को पंकज अपनी पत्नी अदिति को दिखाने के लिए गैस्ट्रो लीवर अस्पताल पहुंचा था। यहां अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर उसकी डॉक्टर अनुज से बहस हो गई। बहस बढ़ने पर पंकज की डॉक्टर के साथ मारपीट हो गयी थी और उन्हें धक्का देकर कुर्सी से गिरा दिया। मामले की जानकारी होने पर अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर पंकज को काबू में किया। इसी बीच पंकज का सिर भी फट गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया, लेकिन गलती मानने और माफी मांगने पर उसे छोड दिया गया। इसके बाद पंकज अपनी पत्नी के साथ घर लौट गया था।

### दूसरे दिन का हमला

पंकज ने दोबारा अस्पताल में आकर हिंसा का रास्ता अपनाया। सुबह 11 बजे पंकज बस से छात्रसंघ चौराहे पर उतरा। उसके हाथ में एक झोला था जिसमे हथौड़ा छिपा रखा था ।अस्पताल पहुंचने से पहले पंकज ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचित किया कि गुरुवार को अस्पताल के कर्मचारियों ने उसकी पिटाई की थी जिससे उसका सिर फट गया था। सूचना पर पीआरवी की टीम मौके पर पहुंची और पंकज की चोट को देखा। पंकज पुलिसकर्मियों के साथ अस्पताल के अंदर गया और डॉक्टर अनुज सरकारी के केबिन में घुसते ही झोले में से हथौड़ा निकालकर डॉक्टर पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से डॉक्टर अनुज गंभीर रूप से घायल हो गए। पीआरवी के सिपाहियों ने तुरंत पंकज को काबू में कर लिया और हथौड़ा छीन लिया। घटना के बाद अस्पताल के कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों ने भी पंकज को घेर लिया और उसे रस्सी से बांधकर पीटा। डॉक्टर की स्थिति खतरे से बाहर है। घटना की सूचना पर कैंट थाना पुलिस और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और डॉक्टर अनुज सरकारी व उनके परिजन बात की। डॉक्टर अनुज का इलाज उनके बड़े भाई के दाउदपुर स्थित अस्पताल में चल रहा है, और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने पंकज चौधरी को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल में इलाज के दौरान इस प्रकार की हिंसा न केवल चिकित्सा पेशे की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करती है।

**सरयू अमृत महोत्सव 2024**

## मदरिया मंदिर से आरम्भ होगी लघु मैराथन दौड़ प्रतियोगिता



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

सरयू अमृत महोत्सव 2024 के तहत चल रहे त्रैमासिक अभियान के क्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे मदरिया निवासी श्री राम अलख सिंह सैंथवार की स्मृति में लघु मैराथन दौड़ 24 नवम्बर को सिद्ध पीठ मदरिया मंदिर से आरम्भ होगी ।

चिल्लूपार विधायक और सरयू अमृत महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी की मौजूदगी में उक्त आशय की जानकारी देते हुए मैराथन दौड आयोजन समिति के संयोजक, मदरिया मंदिर पीठ उत्तराधिकारी श्रीश दास जी ने बताया कि यह लघु मैराथन 8 किमी लम्बी होगी । जो मदरिया मंदिर से नकटा, मदरहा, नीबी, सुर्तिहवा, मदरिया गांव होते मंदिर पर समाप्त होगी ।प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 5000 रूपये नकद, शील्ड, प्रमाणपत्र दिये जायेगें । द्वितीय स्थान प्रतिभागी को 3000 रूपये तथा तृतीय स्थान वाले विजेता को 2000 रूपए और शील्ड दिये जायेगें साथ ही सभी प्रतिभागी को ट्रैकसूट सरयू अमृत महोत्सव के मुख्य मंच मुक्तिपथ पर 20 दिसम्बर को दिये जायेगें ।

पत्रकार वार्ता के दौरान महोत्सव संयोजक महेश उमर, सत्य प्रकाश यादव, गंगा सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, आचार्य वेदव्रत मिश्र, विनय पाण्डेय एडवोकेट, संतोष मिश्र बबलू प्रधान, विपिन सिंह शिक्षक, अष्टभुजा सिंह, चंदन पाण्डेय, बृजेश शाही, सिंध विजय यादव, महेन्द्र शर्मा प्रधान, विजय सिंह, ध्रुव नारायण सिंह, भोला प्रसाद, दिनेश सिंह, सतीश सिंह, ईओ शिवकुमार सहित अनेक उपस्थित रहे ।

## पशु तस्करी में लिप्त दो पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस । फाजिलनगर, कुशीनगर

पशु तस्करी में संलिप्त मधुरिया चौकी के दीवान संजय यादव और पटहेरवा थाने पर तैनात सिपाही सोहित यादव को एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने लाइन हाजिर कर दिया है। दोनों पुलिसकर्मियों पर पूर्व में भी पशु तस्करी और अवैध धंधेबाजों को शह देने का आरोप लग चुका है। आखिर किसकी शह पर पशु तस्करों के धंधे में दीवान और सिपाही सहयोग करते थे, इसकी निष्पक्ष जांच हो जाए तो हाईवे से सटे थाने और चौकियों पर तैनात सिपाही व दरोगा के अलावा कई जिम्मेदारों की गर्दन फंस सकती है। खाकी से जुड़ा मामला होने के कारण कार्रवाई के बजाय जिम्मेदार आनन-फानन में दोनों पुलिसकर्मियों का आपसी विवाद बताकर डैमेज कंट्रोल करने में जुटे हैं।

### गौ तस्करों ने कबूला था सिपाहियों का शामिल होना

बताते चलें कि बीते मंगलवार की देर शाम तुर्कपट्टी थाने की मधुरिया चौकी की टीम ने चौहान पट्टी गांव के सामने हाईवे से चार गौवंश के साथ गोपालगंज(बिहार) के रहने वाले दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया था जिसमें पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने तुर्कपट्टी थाने के मधुरिया चौकी पर तैनात दीवान संजय यादव और पटहेरवा थाने पर तैनात सिपाही सोहित यादव का नाम बताते हुए शह देने का आरोप लगाया था। इसको लेकर दोनों पुलिसकर्मी पटहेरवा थाने में आपस में ही उलझ गए। आरोपी सिपाही सोहित यादव से तुर्कपट्टी थाने पर करीब दो घंटे तक पूछताछ भी हुआ था।

## नौशाढ़ में विधायक व तहसीलदार सदर ने राहत सामग्री का किया वितरण

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

बाढ़ प्रभावित गांव में विधायक ग्रामीण व सदर तहसीलदार बाढ़ प्रभावित ग्राम वासियों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित किया। बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त ना होने पाए ग्राम वासियों को राहत सामग्री समय-समय पर मिलता रहे जिससे ग्राम वासियों को खाने की वस्तु प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सदैव मिलता रहे आज शनिवार को विधायक ग्रामीण विपिन कुमार सिंह व सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह नौशाढ़ में पहुंचकर राहत सामग्री वितरण किए। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने निर्देशित किया है कि सदर तहसील क्षेत्र में पुनः बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री के साथ-साथ ग्राम वासियों को आने-जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में नाव उपलब्ध कराए जाए जिससे ग्राम वासियों को आने-जाने के लिए किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए जिसके अनुपालन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के निर्देश पर सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह विधायक ग्रामीण विपिन कुमार सिंह के साथ नौशाढ़ में कैंप लगाकर ग्राम वासियों को खाने की वस्तुएं दाल आटा चावल नमक माचिस तेल आलू प्याज लाई लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई जिससे बाढ़ प्रभावित गांवों में खाने की वस्तुओं की दिक्कत न होने पाए बाढ़ आने पर सुरझित स्थान पर लाइफ जैकेट पहन कर जा सके तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह ने अपने समस्त लेखपाल और कानूनगो से कहा है कि बराबर गांव में कैंप करें अगर बाढ़ की स्थिति विकराल होने की संभावना होती है तो तत्काल सूचित करें जिससे ग्राम वासियों को राहत शिविर में पहुंचाया जा सके कोटेदारों और पार्षद को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में राशन की उपलब्धता निरंतर बनी रहे।



## शिक्षकों के मसीहा थे स्व. जगदीश प्रसाद पाण्डेय : विजय दुबे

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



विकास खण्ड कप्तानगंज क्षेत्र के .विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में शनिवार को महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय जगदीश प्रसाद पाण्डेय के द्वितीय पुण्यतिथि पर कुशीनगर सांसद ने उनकी मूर्ति का अनावरण कर कंम्बल वितरण किया ।कार्यक्रमोपरान्त विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबें ने स्व॰ जगदीश पाण्डेय के मूर्ति अनावरण के पश्चात दीप प्रज्वलित कर मूर्ति का माल्यार्पण तथा पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।सांसद के हाथों दो सौ पच्चीस जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया।

सांसद ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व,जगदीश पाण्डेय शिक्षकों के मसीहा थे। उन्होंने कई शिक्षण संस्थानों का स्थापना कराकर सैकड़ों लोगों को रोजगार देने का कार्य किया है। हमें उनकी स्मृति में उनके द्वारा छोड़े गए पदचिन्हों पर चलना चाहिए।स्वर्गीय जगदीश प्रसाद पाण्डेय ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत विकास किया है। प्रबंधक लोकेश पाण्डेय ने कहा कि स्व, मेरे बाबा ने अपने जीवन में बहुत लोगों का कल्याण किया है। प्राचार्य डॉ0प्रमोद कुमार पाण्डेय ने आएं हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्वांचल में शिक्षा के मालवीय कहे जाने वाले शिक्षा के अलख जगाने वाले स्व॰जगदीश पाण्डेय के द्वितीय पुण्यतिथि पर मै उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं।

इस दौरान निदेशक शिवशरण पाण्डेय प्राचार्य पंडित नन्दलाल पाण्डेय प्राचार्य दुग्धेश्वर नाथ संस्कृत महाविद्यालय जगदीशपुर,प्रवक्ता रमेश चंन्द्र मिश्रा, डॉ0प्रदीप कुमार मिश्रा, बजरंगबली राय, विवेक कुमार राय, मनोज यादव उदयभान यादव,जोखू शर्मा,सुश्री रानी पाण्डेय,सविता सिंह, श्वेता,लिपिक अखिलेश शुक्ला, अभिषेक त्रिपाठी, रजनीश तिवारी, परिचारक अनिल चौरसिया,पलटन सिंह कमलावती आदि लोग उपस्थित रहे।

**खबर का असर**

## दो पिकअप पर लदी 110 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद

जन एक्सप्रेस
FOLLOW-UP


सीमा पर तैनात तीन - तीन सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल, सेफ जोन बना निचलौल थाना का सीमावर्ती इलाका
भारत के विभिन्न हिस्सों में भेजी जा रही सरहद पार से मंगाई गई चाइनीज लहसुन

जन एक्सप्रेस । निचलौल/ महराजगंज

चौक पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर जरिए सूचना के आधार पर दो पिकअप पर लदी 110 बोरी चाइनीज लहसुन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने बताया कि दिन शनिवार को उपनिरीक्षक चन्द्रप्रकाश झां मय हमराह हेड का. राघवेन्द्र सिंह व कांस्टेबल बृजेश यादव के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे इसी दौरान मुखबिर जरिए सूचना के आधार पर ओबरी तिराहे के समीप दोपहर बाद चेकिंग के दौरान दो पिकअप पर लदी कुल 110 बोरी चाइनीज लहसुन के साथ भीम यादव निवासी ठूठीबारी टोला सड़कहवा थाना ठूठीबारी व अजय गुप्ता निवासी राजाबारी थाना ठूठीबारी को गिरफ्तार किया। बरामद चाइनीज लहसुन समेत आरोपियों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय निचलौल को सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है उक्त दोनों पिकअप पर लदी चाइनीज लहसुन की खेप इंडो नेपाल सीमा से सटे सीमावर्ती भारतीय इलाको से लोड कर मंडी में भेजी जा रही थी। सूत्रों की माने तो इंडो नेपाल सीमा से सटे थानों व चौकी से लेकर गंतव्य तक रास्ते में पड़ने वाले सभी थानों व चौकी समेत कस्टम में बकायदा प्रतिमाह बंद लिफाफा तस्करों द्वारा पहुंचाया जाता है जिसकी वजह से इंडो नेपाल सीमा पर लहसुन का काला कारोबार फल फूल रहा है।

## बिनी साक्ष्य एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपाल की गिरफ्तारी के विरोध में लेखपालों ने दिया धरना

जन एक्सप्रेस । महराजगंज




बिना किसी साक्ष्य व सबूत के एंटीकरप्सन टीम द्वारा निचलौल तहसील में कार्यरत लेखपाल मुन्ना लाल को गिरफ्तार किये जाने को लेकर शनिवार को फरेंदा तहसील के लेखपालों ने विश्वनाथ गुप्ता के नेतृत्व में कार्य से विरत रहते हुए एक दिवसीय धरना देकर विरोध जताया और , उपजिलाधिकारी फरेंदा नवीन कुमार को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। अपने दिए ज्ञापन में लेखपालों ने उल्लेख किया है कि जनपद महराजगंज के निचलौल तहसील में में कार्यरत लेखपाल मुन्ना लाल को एंटीकरप्शन टीम द्वारा बिना किसी सबूत व साक्ष्य के तहसील कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें सिन्दुरियां थाने लाकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसी को लेकर फरेंदा तहसील के लेखपाल लेखपाल संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता के नेतृत्व में काम से विरत रहते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया है और कहा कि इस अन्याय का लेखपाल संघ विरोध करता है यह भी कहा कि उच्चस्तरीय जांच पड़ताल कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।यदि कार्यवाही नहीं हुई तो लेखपाल संघ के बैनर के तले सरकारी कार्य से विरत रहेंगे। इस दौरान उपेन्द्र तिवारी,गुलशन भारती, आशीष सिंह,राजेंद्र प्रसाद, शिवम् गुप्ता, सोनालिका, दीनदयाल यादव, अवधेश कुमार व अमित त्रिपाठी सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

## सांसद ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । देवरिया

भाजपा जिला संगठन प्रभारी संतराज यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की । इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के लोग लगातार जनता को गुमराह कर रहे हैं। सदस्यता अभियान के माध्यम से हमें लोगो तक पहुंचकर विपक्ष के झूठ और भ्रम को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों ने क्यू आर कोड से सदस्य बनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया, वह अभियान के दूसरे चरण में अपना लक्ष्य प्राप्त कर लें। दूसरे चरण में ग्रुप सदस्यता के माध्यम से समूह में लोगों को पार्टी से जोड़ना है। इसके लिए चौराहों, नुक्कड़ों, कॉलेज परिसरों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे। साथ ही शिक्षक, चिकित्सक, खिलाड़ी, अधिवक्ता, गीतकार, संगीतकार, साहित्यकार, चित्रकार, इंजीनियर सहित विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों को भाजपा का सदस्य बनाना है। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर तक कम सदस्यता वाले सभी बूथों पर भी सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को भाजपा से जोड़ा जायेगा ।



### सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में प्रबुद्धजनों पर विशेष हो फोकस: राजेश मिश्रा

जन एक्सप्रेस । देवरिया

भाजपा के सदस्यता अभियान का दूसरा चरण मंगलवार से शुरू हो चुका है जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस चरण में ज्यादा से ज्यादा प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बरहज नगर पालिका परिषद सभागार में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं । उन्होंने बताया कि अभियान के पहले चरण में संगठन की जिला इकाई ने लगभग 1 लाख 93 हजार लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई है । दूसरे चरण का अभियान समाप्त होते ही 16 से 31 अक्टूबर तक पार्टी सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि शीर्ष नेतृत्व ने जिले में निवास करने वाले पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर पांच-पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। सदस्यता अभियान के पहले चरण की समीक्षा व दूसरे चरण के लक्ष्य को लेकर विधानसभावार बैठकें हो रही हैं । उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सदस्यता अभियान का प्रथम चरण सफल हुआ है। इस दौरान पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नीरज शाही,सभी मंडल अध्यक्ष गण, मंडल सदस्यता प्रमुख गण सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**✻ मृतका के मायके वालों ने लगाया है दहेज हत्या का आरोप**

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

कस्बा थाना क्षेत्र के गांव लभेरापुरा में बीते रोज उस समय हलचल मच गई जब एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी पर लटके होने की सूचना मिली। घटना के संबंध में जैतपुर थाने में मृतका के मायके वालों ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न करने पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित परिवार की लिखित सूचना को दर्ज कर जैतपुर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना खेड़ा राठौर के गांव उदयपुर कला निवासी संजू पुत्र हरिनारायण ने अपनी बेटी प्रिया की शादी सन 2022 में अपनी क्षमता से अधिक दान दहेज देकर हिंदू रीति रिवाज के साथ थाना जैतपुर के गांव लाभेरापुरा निवासी सुनील पुत्र अशोक के साथ की थी मृतका के पिता संजू ने बताया की शादी के कुछ महीने बाद ही प्रिया के ससुरालजन आए दिन दहेज में चार पहिए की कार लाने को लेकर दबाव बनाते थे जब मेरी बेटी इस बात का विरोध करती थी तो उसके ससुरालजन उसे मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करते थे इस संबंध में कई बार मृतका प्रिया के मायके वालों ने अपने नाते रिश्तेदार और सामाजिक लोगों के साथ बैठकर ससुरालीजनों को समझने का प्रयास किया और सामाजिक संभ्रांत लोगों के कहने पर ही वह हर बार भरोसा कर अपनी बेटी प्रिया को आश्वासन देकर ससुराल में रहने को छोड़ते रहे कि जल्द ही सब ठीक हो जाएगा



लेकिन हर रोज प्रिया से दान दहेज में तरह-तरह का सामान लाने का दाबाब ससुरालजान बनाते रहे और पारिवारिक तनाव बढ़ता गया पीड़ित मृतका के पिता ने बताया की तीन अक्टूबर को बेटी को अधिक प्रताड़ित करने की वजह से मेरा बेटा मोहित अपनी बहन प्रिया को मायके ले आया जिस पर थोड़ी ही देर बाद मेरे दामाद सुनील का फोन आया कि तुरंत प्रिया को घर लभेरापुरा लेकर आओ नहीं तो बहुत बुरा होगा इस पर मेरा बेटा तुरंत ही प्रिया को वापस ससुराल ले गया जहां पर चाचा कुंती देवी पत्नी जयवीर सिंह ने मुझे धक्का देकर घर के बाहर निकाल दिया और कहा कि अपने घर जाओ यहां तुम्हारा कोई काम नहीं है वही देर रात को मेरी बेटी के पति सुनील और ससुर अशोक कुमार एवं सास रामकुवार एवं जेठ राजकुमार ने दहेज की मांग पूरी न करने को लेकर मेरी बेटी के साथ मारपीट की और उसे फांसी लगाकर मार डाला। घटना की सूचना जैसे ही मायके पक्ष के लोगों को हुई वैसे ही मृतिका के पीहर के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक ससुरालजन मौके से फरार हो गए थे घटना के बाद मृतक के मायके वालों ने प्रिया का पोस्टमार्टम सैफई पीजीआई में कराया और जैतपुर थाने में ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद में सम्मनपुर थाना क्षेत्र में घर से शौच के लिए निकले युवक की तालाब में डूब कर मौत हो गई। खोजते हुए परिवार के लोग गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित तालाब किनारे पहुंचे तो वहां पर युवक का शव उतराता मिला। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बरौली गांव का नबी अहमद उर्फ मयंक 25 वर्ष शुक्रवार सुबह परिवार वालों को शौच के लिए कहकर घर से निकला था। लेकिन जब वह शाम तक घर वापस नहीं आया तब परिजनों ने खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों के साथ बदहवास स्वजन रात भर इधर-उधर युवक की खोज बीन करते रहे। लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। शाम करीब पांच बजे दुर्गा पूजा पंडाल के पास युवक को देखा गया था। वहां से प्रसाद लेने के बाद चला गया।

शनिवार की सुबह बहन शहनाज खोजते हुए प्राथमिक विद्यालय के पीछे स्थित तालाब किनारे पहुंची तो वहां भाई का शव उतराता देखकर वह चीख पड़ी। आवाज सुनकर



आसपास के लोगों के साथ महिलाएं व बच्चों की भारी भीड़ जमा हो गई। शव तालाब से बाहर निकाला गया। पहचान नबी अहमद उर्फ मयंक के रूप में हुई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई अली अहमद उर्फ राजन शादी विवाह में सजावट का काम करता है।

छोटा भाई पिता के साथ खेती किसानी के कामों में हाथ बंटाता था। घर में बड़ी बहू को जिला चिकित्सालय में बड़ा ऑपरेशन से बच्चा पैदा हुआ है। पिता अब्दुल्ला व माता तौकीना बहू को लेकर अस्पताल में थे। छोटे पुत्र की मौत की खबर पाकर वह भी आनन फानन में घर पहुंचे। पुत्र का शव देखकर माता-पिता सदमे में हैं। सूचना पर पहुंचे लेखपाल राज नारायण ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

**ब्रज में लेखन के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर लेखिका सम्मानित**

# लेखिका डॉ. अनीता चौधरी 'ब्रजश्री' उपाधि से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | मथुरा/फरह (दीनदयाल धाम)**

लेखन व साहित्य सृजन के लिए लेखिका डॉ.अनीता चौधरी को प्रतिष्ठित %ब्रजश्री% उपाधि से सम्मानित किया गया है।

डॉ.अनीता को यह सम्मान प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव में ब्रज के प्रमुख संत फूलडोलदास जी महाराज, उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, भागवताचार्य अतुल कृष्ण व महोत्सव से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारीगण ने महोत्सव के स्मृति मंच पर सम्मानित किया।

डॉ.अनीता ने पुस्तक लेखन के रूप में उनके अनेक संग्रह पाठकों के समक्ष आ चुके हैं।1-%आसमान में हरियाली%।

2- %मेरी कलम बोलती है%।

3- %मन उपवन की तुलसी%




5- %काश मैं गरीब होती %

ब्रज भाषा व खड़ी बोली की 20 कहानियों का संग्रह है। दस वर्ष से राष्ट्रीय समाचार पत्रों में कहानियों और कविताओं का प्रकाशन हो रहा है। आकाशवाणी मथुरा से ब्रजभाषा एवं हिंदी भाषा में नियमित रूप से वार्ता एवं कहानियों का प्रसारण हो रहा है।

# हिंदू-मुस्लिम की बयानबाजी से सिर्फ नफरत का बीज बोया जा रहा है: भवदेश कुमार गुप्ता

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**



गाजियाबाद के डासना के देवी मंदिर के बाहर जहाँ नफरती कीड़ा नरसिंहानंद गिरि रहता है। वहां रात के वक्त बड़ी संख्या में मुस्लिम उसके खिलाफ प्रोटेस्ट कर रहे हैं। हिंदू मुस्लिम की बयान बाजी कर नफरत पैदा होता है यह नरसिंहानंद गिरि बाबा का चोला ओड कर राजनीति करता है। उक्त बातें हिन्दु युवा वाहिनी भारत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भुवनेश गुप्ता ने अपने आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुये व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जिहादियों को काबू में करना होगा अभी तो यह ट्रेलर है। बांग्लादेश जैसी स्थिति यह जिहादी बहुत जल्द भारत में करने वाले हैं, जिहादियों के बारे में सच्चाई लिखने से बौखला गए हैं।

भुवनेश गुप्ता ने कहा कि हिंदुओं को एक होना चाहिए और मुल्ले पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए । उत्तर प्रदेश शासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें । इस तरीके से तो यह किसी भी संत पर किसी भी हिंदू धर्म स्थल पर एकजुट होकर हमला बोलते हैं, शासन को इनके हिंदुओं को सपोर्ट करना चाहिए।

भुवनेशने कहा कि क्या घटिया भाषा है नफरती कीड़े ये दंगाई मुसलमानों की भीड़ हैं । स्वामी ने सच बोला है कुछ गलत हो उनके बयान में तो केस करो दंगा करने वाले दंगाई हैं।

ठस बैइक में राम प्रकाश, प्रेम बाबू, सनी, राजू ठाकुर, प्रेमपाल, रमेश चंद, कन्हैया, राम प्रताप, रवि चौधरी, रतन, हरचंद, रघुवीर प्रसाद, अनमोल अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता ,विशंभर दयाल, विष्णु ,प्रतीक गुप्ता ,उदयवीर सिंह और किसान मोर्चा के साथ ही कई संगठनों के लोग वहां मौजूद रहे । जिसमें संतोष एवं प्रधान एवं जीतू कुछ लोग टप्पल ` एवं जट्टारी के खैर के और चण्ड़ौस औश्र पिसावा के लोगों ने भाग लिया।

# गूंजे महाराजा अग्रसेन के जयघोष

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

श्री अग्रसेन समाज समिति द्वारा अर्जुन नगर व खेरिया मोड़ क्षेत्र में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई गई। धनौली स्थित गोयल स्टील से निकाली गई भव्य शोभायात्रा में गणेश जी, शिवशंकर, शेरोवाली मां, रामदरबार, 18 घोड़ों पर सवार सैनिक, रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजकुमारों और राजकुमारियों सहित महाराजा अग्रसेन व महारानी माधवी के स्वरूप की झांकी सहित कुल 23 झांकियां शामिल रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद राजकुमार चाहर, विधायक भगवन सिंह कुशवाह, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग व एमएलसी विजय शिवहरे, महेश कुमार गोयल पूर्व विधायक ने किया। सुबह खेरिया मोड़ स्थित अग्रवाल भवन में हवन किया गया। अध्यक्ष अक्षय कुमार तायल ने बताया कि गोयल स्टील धनौली से प्रारम्भ होकर नगला बुद्धा, नरीपुरा, कमाल खां, संगम विहार, नगला भोजा, खेरिया मोड़ सब्जी मंडी, अजित नगर से सोना नगर की पुलिया, आदर्श नगर, अर्जुन नगर तिराहा से अग्रोहा धाम बने श्रीराम शांति सेवा सदन पर महाआरती के साथ समाप्त हुई। वैश्य समाज के वृद्धजनो, मेधावी छात्र-छात्राओं और विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महासचिव अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव में सोना नगर स्थित श्रीराम शांति सेवा सदन में महाराजा अग्रसेन बने डीके गोयल और महारानी माधवी बनी पूनम गोयल के स्वरूप के साथ 18 राजकुमारों और राजकुमारियों का सम्मान किया गया।

## महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ थाना सिविल लाइन में दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

गाजियाबाद के डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ शनिवार को अलीगढ़ में लोगों ने तहरीर दी। गाजियाबाद में उनके द्वारा दिए गए बयान के बाद लोग सिविल लाइंस थाने पहुंचे और धार्मिक भावनाओं को आहत करने और दो संप्रदायों में आपसी मतभेद पैदा करने का आरोप लगाया।

लोगों का कहना है कि उनका विवादित वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसके कारण दो समाज के लोगों के बीच में कटुता फैल रही है। लोग आपसी भाईचारा और प्रेम भूलकर एक दूसरे से द्वेष भावना रखने लगे हैं। उसका कारण इस तरह के बयान हैं। इसलिए तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। महंत यति नरसिंहानंद ने गाजियाबाद में हुए एक कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समाज के पैगंबर और कुरान पर टिप्पणी की थी। अपने बयान के दौरान उन्होंने रावण की तारीफ की थी और मुस्लिम पैगंबर के खिलाफ विवादित बयान दिए थे। जिसके बाद यह बयान जमकर वायरल हो रहा था। डासना के पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद के खिलाफ देहलीगेट थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर कालोनी निवासी विनोद पांडेय पुत्र ताराचंद पांडेय ने शिकायत की है। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में लोग भी मौजूद थे और सभी ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है और इसके आधार पर मामले की जांच की जाएगी। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री बेबी रानी मौर्य ने महिला सम्मेलन में किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य विकासखंड कटेहरी के सुखारीगंज स्थित रमाशंकर प्रभा महाविद्यालय में महिला सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुई मंत्री द्वारा महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के लगे स्टाल का अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरांत महिला कल्याण विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तीन लाभार्थियों को उनके कन्या जन्म उत्सव के रूप में केक काटकर पोषण किट प्रदान



करते हुए सम्मानित किया गया तथा बाल विकास विभाग के पांच महिलाओं की गोद भराई एवं तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। मंत्री द्वारा विभाग के द्वारा कराए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के अवलोकन एवं सम्पन्न करने के बाद महिला सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश के साथ राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, उपाध्यक्ष एवं सांसद विधानसभा विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, आदर्श चौधरी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष टिंकल सिंह, विद्यावती राजभर, पूर्व प्रत्याशी बीजेपी कटेहरी अवधेश द्विवेदी आदि लोग उपस्थित थे ।

कार्यक्रम संपन्न उपरांत उपरोक्त 5 लाभार्थी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं पांच लाभार्थी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त सीडीपीओ, मुख्य सेविकाओ ने योगदान किया।

# जनपद की सभी तहसीलों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनसमस्याओं के निराकरण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया।

तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय



प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए।

# व्यापार मंडल ने शिविर लगाकर खाद्य सुरक्षा विभाग के 225 रजिस्ट्रेशन व लाईसेंस पंजीयन कराए



**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ प्र अलीगढ़ द्वारा खाद्य सुरक्षा ओषधि प्रशासन विभाग के सहयोग से खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए एक शिविर मनकामेश्वर सेवा सदन खेर रोड लगाया गया। शिविर का शुभारंभ खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त टू डा. दीनानाथ यादव जी ने किया। शिविर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ बेचने वालो ने अपना लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन ओनलाइन कराया।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व??? जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहयोग से व्यापार मंडल ने खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए 225 रजिस्ट्रेशन व लाईसेंस वनवाने का कार्य किया जिसमें आधे से ज्यादा रजिस्ट्रेशन ढेले व खोमचे वालों के वनाए गये जो कि विभाग की ओर से 5 वर्ष तक निशुल्क रहेंगे।

खाद्य सहायक आयुक्त टू डा दीनानाथ यादव जी ने कहा सरकार द्वारा फेरी वाले,चाट खोमचे आदि खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए 5 वर्ष निशुल्क रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई है। सभी प्रकार की खाद्य सामग्री बेचने को लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन जो जिस श्रेणी में आता है वनवाना अनिवार्य है अन्यथा वह कानून कार्यावाही की जद में आ जाएगा।

महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापार मंडल के आव्हान पर बहुत कम समय में 225 रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस वनना वड़ी वात है। अतिशीघ्र कस्वों व ग्राम पंचायतो में भी खाद्य शिविर लगवाए जाएंगे।

जिससे सभी व्यापारियों को इसका लाभ मिल सकें तथा वह अनावश्यक उत्पीड़न से वच सकें।

शिविर कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका में रहने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, परमवीर सिंह, शिखा श्री वास्तव, महेश कुमार आदि थे। व्यापार मंडल से प्रांतीय संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विनय गुप्ता, प्रदेश महिला महामंत्री संगीता वार्ष्णेय, युवा प्रदेश मंत्री योगेश सरकार, जिला महामंत्री संजीव अग्रवाल, राकेश लीडर,शिव कुमार पाठक, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, प्रदीप वर्मा,युवा जिलाध्यक्ष सन्तोष वाष्णेय, गोपाल राजपूत, उमेश गौड़,यश कुमार वावा, ज्ञान प्रकाश वार्ष्णेय, देवेंद्र वांवी, सुनील कुमार, कुलदीप सिंह टीटू, सचिन सागर, हरेंद्र सिंह, विनोद माहौर पार्षद, हेमंत वालाजी, कमल गुप्ता आदि थें।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 183 में से 14 मामलों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** शनिवार को डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। एक फरियादी ने सीवर लाइन का कनेक्शन न होने की शिकायत की। इस पर डीएम ने नगर निगम अधिकारी निर्देशित किया। निराश्रित पेंशन, विधवा पेंशन आदि की सभी शिकायतों को जांच कराकर यथा शीघ्र निस्तारण कर लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों को नियमों के अनुरूप आइजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण की आख्या तभी अपलोड की जाए, जब वे स्वयं इसका अवलोकन कर लें। विकास खंड स्तर पर शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और शासन के निर्देशों के अनुरूप ना पाए जाने पर संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी और खंड विकास अधिकारी का उस दिन का वेतन रोक दिया जाएगा, जिस दिन निस्तारण आख्या अपलोड की गई है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। आगरा।** महिला शांति सेना व दि आइकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन,आगरा के सौजन्य से आज मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत युवा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एस आर डी पब्लिक स्कूल,अकोला, आगरा में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान रहीं। विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक महिला कल्याण आयोग श्रुति शुक्ला, एसीपी सुकन्या शर्मा, महिला शांति सेना की अध्यक्ष वत्सला प्रभाकर,सचिव कैप्टन शीला बहल रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना कर की गई तत्पश्चात सभी अतिथियों स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या मोहिनी सिंह ने पुष्पमाला व पटका पहना कर किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बबीता चौहान ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल दिया तथा महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा के लिए महिला आयोग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एसीपी सुकन्या शर्मा ने साइबर क्राइम डिजिटल अरेस्ट से बचाव के उपायों को छात्र छात्राओं को बताया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, अकबरपुर-अम्बेडकरनगर।**

पत्रांक-1710/न0पा0परि0अ0/2024-25 दिनांक-05-10-2024

**सी0एस0आर0 अन्तर्गत अभिरुचि की अभिव्यक्ति की सूचना**

नगर पालिका परिषद, अकबरपुर जनपद-अम्बेडकरनगर द्वारा सी0एस0आर0 फण्ड के अन्तर्गत इच्छुक व्यक्ति/व्यक्तियों/फर्म/संस्था/सामाजिक संगठन/बैंक इत्यादि से नगर पालिका परिषद, अकबरपुर में एकल खिड़की व्यवस्था (सिंगल विंडो सिस्टम) प्रणाली लागू किये जाने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्य का उद्देश्य नगर पालिका परिषद, अकबरपुर में विभिन्न प्रकार के कर, शुल्क यूजर चार्ज, लाइसेंस आदि यथा रोड कटिंग, मलवा शुल्क, दुकानों किराया, गृहकर, विज्ञापन कर, विभिन्न प्रकार के अनुज्ञप्ति शुल्क, जन्म-मृत्यु पंजीयन शुल्क इत्यादि जो वर्तमान में मैनुअल (ऑफलाइन) द्वारा जमा किया जा रहा है, को एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर, प्रिंटर, नेटवर्क/इन्टरनेट, ए0सी0 इत्यादि अवस्थापनाएं, जो उक्त प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किये जाने तथा संचालन किये जाने हेतु आवश्यक है, विकसित कर आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग किया जाना है। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय अवधि में पालिका कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उक्त कार्य सी0एस0आर0 फण्ड अन्तर्गत किया जाना है। इस कार्य हेतु नगर पालिका परिषद, अकबरपुर द्वारा कोई व्ययभार वहन नही किया जायेगा। सम्पूर्ण प्रस्ताव मय विवरण सीलबन्द लिफाफे में जिसके ऊपर '**सी0एस0आर0 अन्तर्गत सिंगल विंडो सिस्टम विकसित किये जाने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति**' अंकित हो को अधिकतम दिनांक 18-10-2024 सायं. 3:00 बजे तक नगर पालिका परिषद, अकबरपुर कार्यालय में जमा किया जायेगा। अन्तिम तिथि व समयोपरान्त किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

# स्टाफ भर्ती के नाम पर 13 लोगों से की ठगी, जारी कर दी गई फर्जी चयन सूची

* बलिया और गाजीपुर से आए लोग तो खुला, राज मची खलबली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्टाफ भर्ती के नाम पर 13 लोगों से ठगी का मामला सामने आया है। पूरे मामले में प्राचार्या के ड्राइवर समेत तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगे हैं। ठगी का शिकार हुए लोग अपना पैसा वापस लेने अस्पताल पहुंचे जिसके बाद इस जालसाजी से पर्दा उठा। ठगों ने मेडिकल कॉलेज के लेटर हेड पर एक फर्जी चयन सूची भी जारी कर दी, जिस पर चयनित व्यक्ति का नाम व पद लिखा हुआ है। पूरा मामला सामने आने के बाद खलबली मच गई। ठगी के तार प्राचार्या के ड्राइवर से जुड़े होने के कारण मेडिकल कॉलेज प्रशासन मामले को दबाने में लगा है।

शुक्रवार को बलिया के रसड़ा निवासी प्रदीप पुत्र शिवानंद, गाजीपुर निवासी विकास कुमार गौतम पुत्र केशवराम समेत चार-पांच लोग मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने अस्पताल कर्मियों को ठगों के फोटो दिखाकर जानकारी लेनी चाही। पता लगा कि फोटो में दिख रहा एक शख्स मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या का ड्राइवर है। इस पर सभी लोग खाग स्थित मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक पहुंचे। पूरे मामले की शिकायत करने के लिए प्राचार्या से मिलना चाहा, लेकिन प्राचार्या से मुलाकात नहीं हो सकी। इन लोगों से मौके पर मिली एक महिला स्टाफ कर्मी ने कहा कि ठगी करने वाला व्यक्ति मेडिकल कॉलेज का कर्मचारी नहीं है। वह पहले यहां ठेकेदारी करता था।

### मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही पैसे वापस करने के लिए आ गया फोन

ठगी का शिकार हुए लोगों की मुलाकात भले ही प्राचार्या से न हो पाई हो, लेकिन प्रदीप के मुताबिक, जैसे ही वे लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचे और अपनी समस्या वहां के स्टाफ को बताई, वैसे ही तुरंत पैसे लेने वाले व्यक्ति महेश का फोन उनके पास आया। महेश ने कहा कि वह उनके पैसे वापस कर देगा। इसके बाद महेश ने नौकरी के नाम पर ली हुई रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। इससे ठगी का शिकार विकास और प्रदीप भी आश्चर्य में पड़ गए। उनके मुताबिक उन्होंने अस्पताल व मेडिकल कॉलेज जाने की सूचना ठगी करने वाले महेश व अनिल को नहीं दी थी। ऐसे में पूरे मामले के तार मेडिकल कॉलेज से जुड़े होने की संभावना है।

### खुद को बताया ड्राइवर, अनिल और महेश से होती थी बात

ठगी का शिकार हुए लोगों के साथ आए पूरनपुर निवासी रविन्द्र प्रसाद गौतम ने बताया कि पूरनपुर में उनकी मुलाकात महेश नाम के व्यक्ति से हुई। उसने कहा कि वह मेडिकल कॉलेज में प्राचार्या की गाड़ी चलाता है। इसके अलावा लखनऊ से दवाइयां लाने ले जाने का काम भी करता है। मेडिकल कॉलेज में वैकेंसी निकली है, अगर आप चाहो तो मैं लगवा दूंगा। इस पर रविंद्र ने अपने दो रिश्तेदारों की नौकरी लगवाने का सौदा महेश से तय कर लिया। बीते 12 सितंबर को लेनदेन हुआ जिसमें कुछ पैसा नगद व कुछ ऑनलाइन दिया गया। ठगी का शिकार हुए प्रदीप ने बताया कि नौकरी को लेकर अनिल और महेश दोनों से बातचीत होती थी। लेनदेन का काम महेश करता है, जबकि बातचीत अनिल करता है। दोनों ही एक दूसरे के साथ मिलकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। प्रदीप के मुताबिक, पैसे देने के बाद भी नौकरी न लगने पर जब अनिल और महेश को फोन किया तो दोनों एक दूसरे पर टालने लगे। अनिल कहता था कि महेश से पूछकर बताएंगे, वह मैडम का ड्राइवर है। जबकि महेश कहता था कि अनिल से पूछकर बताएंगे, वह मैडम की गाड़ी चलाता है।

### ठगों ने प्राचार्या के नाम का भी लिया सहारा

ठगों ने मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या की छवि को भी कलंकित किया। उन्होंने सौदेबाजी में प्राचार्या के नाम का भी सहारा लिया। प्रदीप ने बताया कि अनिल और महेश बातचीत के दौरान प्रिंसिपल मैडम का नाम लेते थे। कहते थे कि मैडम से ही सारा काम होता है, मैडम ही सब कुछ करती हैं। ठगों ने खुद को प्राचार्या का सबसे खास बताते हुए लोगों का भरोसा हासिल किया और नौकरी लगवाने के नाम पर रकम हड़प ली।

“कल मेरे संज्ञान में यह मामला आया था। किसी ने गुमराह करके लोगों को ठगने का प्रयास किया है। कॉलेज प्रशासन का इससे कोई संबंध नहीं है। लोगों को जागरूक होना चाहिए कि मेडिकल कॉलेज में सीधे कोई नौकरी नहीं दिला सकता। अभी मानव संसाधन के लिए एजेंसी का चयन भी नहीं हुआ है। सरकार की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके बाद सेवायोजन पोर्टल पर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। पोर्टल पर पंजीकरण करके इच्छुक अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में हिस्सा ले पाएंगे। इसके बाद पैनल के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया पूरी होगी। हमारी पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से की जाएगी। जब वैकेंसी आएगी तो विज्ञापन निकाला जाएगा। अगर कोई व्यक्ति खुद को मेरा रिश्तेदार बताकर या किसी अन्य माध्यम से नौकरी दिलाने का दावा करता है, तो ऐसे लोगों से सावधान रहें। तत्काल पुलिस को सूचना दें।

**डॉ. संगीता अनेजा, प्राचार्या**

# जयंत की कुटिलता एवं फल प्राप्ति, ऋषि मिलन, सीता अनुसुईया का हुआ मिलन





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

रामलीला मैदान में जयंत की कुटिलता एवं फल प्राप्ति, ऋषि मिलन तथा सीता अनुसुईया मिलन का सजीव मनमोहक मंचन किया गया। मुनि भारद्वाज से मिलने के पश्चात प्रभु राम लक्ष्मण सीता सहित श्रृंगवेरपुर में निवास करते हैं तभी देवराज इन्द्र पुत्र जयंत एक दिन सीता माता के पैर में चोंच मारकर दूर जा बैठा। अचानक बहते रक्त को देख प्रभु श्री राम ने सरकंडे (सींक) का बाण बनाकर उस पर छोड़ा। वह भयभीत हो त्रिलोक की ओर उड़ चला परंतु उसे उस बाण से छुटकारा नहीं मिला। तभी मार्ग में देवर्षि नारद ने जयंत से कहा तुम प्रभु राम की शरण में ही जाओ वे ही तुम्हारा कल्याण करेंगे। तब जयंत ने प्रभु राम की शरण में आकर उनसे क्षमा याचना की तब प्रभु ने उसकी एक आंख को भेद दिया तब वह प्रभु की प्रभु की याचना करता हुआ इंद्रलोक को चला गया। इसके पश्चात प्रभु राम लक्ष्मण सीता सहित शरभंग ऋषि को अपनी भक्ति प्रदान करते हुए अत्रि अनुसुईया के आश्रम पहुंचे। अत्रि ऋषि ने उनका आदर सत्कार किया। अनुसुईया जी ने सीता माता को वस्त्रा-भूषण प्रदान किए और बोली हे सीते स्त्रियां तो तुम्हारा नाम लेकर ही पतिव्रत का पालन करेंगी। तुम्हारा नाम ही प्रभु राम के साथ जुड़ा है। इसके पश्चात प्रभु राम मुनि से आज्ञा लेकर आगे की ओर प्रस्थान करते हैं। यह मंचन देख सभी भक्तगण प्रभु राम की जय जयकार कर प्रफुल्लित हो उठे।

आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, प्रतीक अग्रवाल, अमरीश शर्मा अंबू, भानु प्रताप सिंह, अंकुर गुप्ता, धीरेंद्र मिश्रा, नरेश शुक्ला, प्रेम सिंह, डा. विश्वनाथ दीक्षित, रामाकांत पांडेय, आयुष सक्सेना, महेंद्र गुप्ता, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा, अच्युत शर्मा आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय, सोमनाथ सप्रे तथा अंकुर मिश्रा ने किया एवं रामायणी निशांत तिवारी तथा ओमकार सिंह यादव ने रामचरितमानस चौपाइयों का गायन किया।

# बारिश का पानी भरने से शांति कृष्णा पेट्रोल पंप हुआ बंद

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

भारी बारिश के चलते अगस्त व सितंबर 2024 महीने की बारिश से बाढ़ आने के बाद पेट्रोल पंप के टैंकों में पानी भरने के कारण क्षेत्र के लोगों को पेट्रोल और डीजल मिलने में दिक्कत हो रही है। शांति कृष्णा पेट्रोल पंप बीसलपुर बरेली मार्ग निकट रिछोला सबल के समीप स्थित है। पेट्रोल पंप मैनेजर मोहित खान द्वारा बताया गया कि तेज बारिश के कारण पेट्रोल व डीजल के टैंकों में पानी भर गया। जिसकी बीमा कंपनी को अवगत कराई गई है और सर्वे भी कराई जा चुका है लेकिन अभी तक व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई है।

जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते ब्लैक में बिक्री करने वाले व्यक्तियों की चांदी आ रही है

तथा मुसेली में लगा बायोमेट्रिक डीजल पंप स्वामी घटिया पेट्रोल व डीजल बेचकर अच्छा इजाफा कमा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

# बंदरों का आतंक चरम पर : गिराया पत्थर, युवक के सिर लगा, हुई मौत

* लघुशंका करने उठा था देर रात मौके पर ही हुई मौत मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद के थाना बिलसंडा कस्बा बमरौली में बंदरों का आतंक चरम पर है। रात के वक्त बंदरों ने छत पर रखे एक पत्थर को गिरा दिया। इसकी चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। करेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

कस्बा बमरोली के रामरतन कश्यप ने बताया कि उसके मकान के बाहरी हिस्से में टिनशेड पड़ा है। जिस पर दबाव बनाने के लिए पत्थरों को रखा है। शुक्रवार रात उसका 35 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार लघुशंका करने के लिए उठा था। आहट होने पर छत पर बैठे बंदरों ने एक पत्थर नीचे गिरा दिया, जोकि मनोज के सिर में लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। जब परिवार के लोग बाहर गए तो शव देख होश उड़ गए। मृतक मनोज मजदूरी करता था। बता दें कि पिछले माह गांव तिलछी में छत पर गई युवती की बंदरों के हमले से बचने के दौरान छत से गिरकर मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर तहसीलदार कर्म सिंह को बंदर पकड़वाने की मांग करते हुए ज्ञापन भी दिया था, लेकिन इसके बाद भी बंदरों को पकड़वाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

जबकि तिलछी के अलावा बिलासपुर, बमरौली, चांदपुर एवं कल्यानपुर में बंदरों का हर वक्त जमावड़ा रहता है। जिसकी वजह से ग्रामीण परेशान हैं।

# धनाराघाट जंगल मार्ग पर दंपति के साथ लूट करने वाले तीनों बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

* लूटे गए माल को नेपाल में बिक्री करने के लिए जा रहे थे बदमाश
* पकड़े गए बदमाशों से लूट गया माल बरामद

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



धनारा घाट जंगल मार्ग के रास्ते घर वापस लौट रहे ढक्कचांट निवासी दंपति को गन पॉइंट पर लेकर कुंडल और मंगलसूत्र लूट की वारदात के बाद से फरार चल रहे तीनों बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाशों से लूटा गया माल, बाइक, घटना में प्रयुक्त असलहा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ढक्कचांट निवासी रामनिवास 26 सितंबर को पत्नी सूरजा देवी के साथ बाइक से धनारा घाट जंगल मार्ग के रास्ते घर वापस लौट रहे थे। जंगल के अंदर रास्ते पर खड़े बाइक सवार तीन बदमाशों ने दंपति को तमंचे से धमकाते हुए कान के कुंडल और गले का मंगलसूत्र लूट लिया था। विरोध पर मारपीट भी की गई थी।

एसओजी सर्विलांस सहित पुलिस की तीन टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। बदमाश लूटे गए माल को नेपाल बेचने की फिराक में लगे हुए थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों बदमाशों को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम अर्जुन सिंह पुत्र पूरन सिंह, जशनदीप सिंह उर्फ सन्नी पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम अर्जुन पुर थाना माधोटांडा, संदीप सिंह पुत्र गुरविंदर सिंह ग्राम कजरी निरंजनपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी का निवासी बताया। पकड़े गए बदमाशों के पास से लूटा गया पेंन्डिल, बाइक, कान के टप्स, अवैध तमंचा, कारतूस, बरामद किया। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि लालच में आकर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रकाश सिंह थाना अध्यक्ष, सौरभ कुमार उप निरीक्षक, संजीव कुमार, अमित कुमार, सर्वजीत सिंह, रोविन्द्र सिंह, सोहनवीर, रिसव नागर, सचिन कुमार शामिल रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस सीआरओ की अध्यक्षता में आयोजित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी भू राजस्व गणेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों ने कुल 87 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें मौके पर 14 का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप दिया। इस दौरान सख्त तेवर से अधिकारी हलकान रहे। चेताया दिवस पर आने वाले शिकायत कों समय बद्व निष्पक्षता पूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया, तहसीलदार आशीष कुमार, नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, शैलेन्द्र कुमार, नपा अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरि, चिकित्सा अधीक्षक डा.रफीक फारुकी, एक्सईएन बिजली संतोष कुमार, एसडीओ धमेंद्र गुप्ता, मंडी सचिव गुलाब सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्रा समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व राजस्व कर्मी सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हिन्दू महासभा की बरखेड़ा नगर इकाई का किया गया गठन



जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने बरखेड़ा ब्लाक सभागार में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें नगर इकाई का गठन कर संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई एवं संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत करने की बात कही गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से आकाश कुमार शर्मा को बरखेड़ा नगर अध्यक्ष, अखिलेश वर्मा को नगर महामन्त्री, अविनाश वर्मा को वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष एवं गुलजारी, ओमकार सिंह, माखन लाल वर्मा, विनोद वर्मा को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया एवं नगर कोषाध्यक्ष नरेश कुमार वर्मा बनाए गए। हिमांशु मिश्री, जवाहर लाल वर्मा, निजा नन्द शर्मा, रमेश कुमार भारती को नगर मंत्री का दायित्व दिया गया और अतुल द्विवेदी, विवेक कुमार वर्मा को नगर मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

साथ ही साथ युवा नगर टीम का भी गठन किया गया। जिसमें युवा टीम में अरविंद वर्मा को युवा नगर अध्यक्ष, विनोद वर्मा को युवा नगर महामन्त्री एवं अवनीश कुमार, रविन्द्र राजपूत, इन्द्र जीत वर्मा युवा नगर मंत्री बनाए गए। गौरव वर्मा युवा वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष एवं मनीष वर्मा, अशोक वर्मा, सुमित वर्मा, आकाश वर्मा को युवा नगर उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। आलोक पाल को युवा नगर कोषाध्यक्ष एवं अंकुर दास, महेन्द्र पाल को युवा नगर मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस सभा का मंच संचालन बीसलपुर नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी ने किया। जिसमे अध्यक्षता बरखेड़ा ब्लाक प्रमुख कमलेश गंगवार ने की। सभा का समापन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार कश्यप ने किया।

बैठक में अखिल भारत हिन्दू महासभा जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जयसवाल, कोषाध्यक्ष संजीव मिश्रा, बीसलपुर नगर महामन्त्री मंहत अवनीश रत्न, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा मंच आसीन रहे जिन्होने अपने अपने माध्यम से हिन्दुत्व को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार संगठन के नए दायित्व वान लोगो के सामने रखे।

# स्कूल वाहन ने कुचला : बहन की मौत, भाई गंभीर





जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मुंगराबादशाहपुर।** क्षेत्र के जयपालपुर गांव के पास स्कूली वाहन से कुचलकर स्कूल जा रहे बहन की मौत होगी जबकि हादसे में भाई की हालत गम्भीर बनी हुई है।जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के बनवीरपुर निवासी आशीष बिंद (12) पुत्र कर्मराज बिंद व आंचल बिंद (11) पुत्री धर्मराज बिंद शनिवार की सुबह दोनों चचेरे भाई बहन एक ही साइकिल से अपने घर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय जयपालपुर अपने विद्यालय को जा रहे थे।दोनो चचेरे भाई बहन कक्षा 8 के छात्र थे। इस लिए हमेशा दोनों ही स्कूल एक साथ ही जाते थे।जैसे ही वह जयपालपुर गांव के निकट पहुँचे वैसे ही सामने से आ रही एक इंग्लिश मीडियम की स्कूली वैन ने सामने से साईकिल में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी की साइकिल के परखच्चे उड़ गए। दोनो भाई-बहन वाहन के नीचे आ गए गए जिसमें बहन आँचल की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की सहायता से घायल आशीष को मुंगरा बादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गम्भीर हालत देखते हुए आशीष को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है।इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया कि एक स्कूल वाहन के चपेट में आने छात्रा की मौत हुई है जबकि दूसरे छात्र की हालत गंभीर है। जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# डांडिया महोत्सव का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज नगर के हनुमान गढ़ी स्थित लक्ष्मी नारायण वाटिका में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम राजेश चौरसिया, सीओ अजीत सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल, अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट अध्यक्ष उर्वशी सिंह, डा देवी प्रसाद पुष्पजीवी, सुभाषचंद्र यादव चंदू, विनोद अग्रहरि आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संचालन धीरज पाटिल एवं अनुपमा अग्रहरि ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन वेद प्रकाश जायसवाल ने व्यक्त किया।

महोत्सव में विधायक रमेश सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से ईश्वर के प्रति आस्था जागृत होती है। धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक उत्थान हेतु ऐसे आयोजन अनवर होने चाहिए। भव्यतापूर्ण, सुसंस्कृति आयोजन हेतु आयोजकों को बधाई दिया। उन्होंने महिलाओं के बीच जाकर जमकर डांडिया नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में आयोजक अनुपमा अग्रहरि, वेद प्रकाश जायसवाल, धीरज पाटिल, संगीता अग्रहरि, शिवा जी पाटिल, रानी अग्रहरि, पूजा जायसवाल, नीतू मिश्रा, प्रीति, मंगल देवी, बलराम अग्रहरि, संजय गुप्ता, नूपुर, नीलम, प्रगति, नवीन, पूजा जायसवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर धीरज पाटिल और वेद प्रकाश ने आए हुए सभी अतिथियों और मातृशक्ति बहनों व बंधुओ का आभार प्रकट किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्रा दल बल के साथ जुटे रहे।

# तालाब की वजह से चौरा माता मंदिर का चबूतरा गिरा, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

* मामला गम्भीर होते देख हरकत में आई पुलिस।

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**जफराबाद।** नगर पंचायत में स्थित मोहल्ला चक महमूद ने मछली पालन के लिए खोदे गए तलाब से गांव के चौरा माता मंदिर का चबूतरा ध्वस्त हो गया। गांव वालो ने तालाब खोदवाने वाले व्यक्ति से कई बार शिकायत किया। कोई सुनवाई न होने पर शनिवार को गांव के दर्जनों महिला पुरुष क्रोधित होकर शनिवार को सुबह विरोध प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंची जफराबाद पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर तालाब को पटवाने तथा पक्की नाप कराकर जगह को सुरक्षित करने की मांग किया। चौकी इंचार्ज के आश्वासन पर गांव वाले शांत हुए। उक्त मोहल्ला निवासी अजहर शाह ऊर्फ रिंकू नाम का युवक कुछ वर्ष पहले गांव के चौरा के चबूतरे के किनारे मछली पालने के लिए तालाब खुदवा दिया। उक्त तालाब से चौरा माता का चबूतरा इस बरसात में टूट कर गिर गया। गांव के लोग इसकी शिकायत उक्त युवक से कई बार किया। गांव वालों ने कहा कि पिछले कई पीढ़ी से उक्त स्थान पर चौरा माता का पूजन किया जाता है। उक्त युवक चौरा माता के मंदिर के बगल में जबरदस्ती मछली पालन हेतु तालाब खुदवा दिया। उक्त तालाब उसके स्वयं के जमीन में नहीं है। गांव के आस्था के केंद्र को प्रभावित होते देख अंत में गांव वालों का गुस्सा फूट गया। शनिवार को सुबह उक्त स्थान पर पूजन अर्चन करने वाले दर्जनों ग्रामीण महिला, पुरुष, बच्चे इकट्ठे होकर प्रदर्शन करने लगे। मामले की जानकारी जाफराबाद चौकी इंचार्ज मनोज राय को हुई। तत्काल उन्होंने अपने हमराहियों को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचे पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। उक्त स्थान की पक्की पैमाइश की मांग किया। जबरदस्ती तालाब व कब्जा से बेदखल करने की मांग किया।

तालाब को तत्काल पटवाने की मांग किया।

मंदिर के ध्वस्त चबूतरे की मरम्मत की मांग किया। मामले में चौकी इंचार्ज मनोज राय ने कहा कि तालाब खोदवाने वाले युवक की तलाश की जा रही है। गांव वालों को समझा बूझकर शांत कराया गया है। मामले की जानकारी उच्च अधिकारी तथा लेखपाल को दे दी गई है।

नाप करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पैसे के लेन-देन को लेकर हुआ समझौता, फिर किया इंकार

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

पैसे के लेन-देन को लेकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया था लेकिन बाद में दूसरा पक्ष पैसे वापस करने से मुकर गया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव दियोराजपुर निवासी रामबहोरन लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि हमारे लड़के चमन प्रकाश के साथ गांव के ही रामदुलारे का बेटा पवन कुमार बाहर रहकर काम कर रहे थे वहीं पर रुपए के लेन-देन को लेकर बातचीत कहा-सुनी हो गई थी। दोनों पक्षों में घर पर आकर समझौता हो गया था कि रामदुलारे रामबहोरन के 18 हजार रुपए दीपावली से पहले वापस लौटा देंगे। तभी रामदुलारे ने कहा कि जब पवन कुमार वापस आएगा तभी पैसे दे देंगे पवन कुमार के वापस लौटने पर जब रामबहोरन लाल ने अपने पैसे वापस मांगे तभी रामदुलारे उनकी पत्नी, बेटा संतोष कुमार व पवन कुमार गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि जो करना है कर लो पैसे नहीं देंगे। पीड़ित द्वारा बताया गया कि सारा पैसा मोबाइल द्वारा निकाला गया है। जिसके साक्ष्य मौजूद हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर मिली है। दूसरे पक्ष को थाने बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कन्नौज के अग्निवीर सौरभ का भरतपुर में निधन



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

### परिवार शव लेने भरतपुर रवाना

सौरभ की मौत की सूचना मिलते ही गांव में सन्नाटा छा गया। उनके परिजन तुरंत भरतपुर के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे शव लेने गए हैं। शनिवार दोपहर तक सौरभ का शव गांव लाया जाएगा और अंतिम संस्कार किया जाएगा। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने इस घटना की पुष्टि करते हए बताया कि सौरभ पाल के बलिदान की जानकारी मिली है और उनके परिवार ने शव लेने के लिए भरतपुर का रुख किया है।

### मां का निधन लगभग 8 साल पहले हो चुका था

सौरभ के परिवार में उनके पिता राकेश पाल, छोटा भाई उत्कर्ष उर्फ गोलू और दो बहनें हैं। सौरभ की मां का निधन लगभग 8 साल पहले हो चुका था। इसके बाद से पिता ने अपने चारों बच्चों का पालन-पोषण अकेले ही किया। सौरभ के बलिदान की खबर सुनकर परिवार के लोग बदहवास हो गए हैं। उनके गांव में शोक की लहर है और सभी सौरभ के बलिदान को सलाम कर रहे हैं।

जिले के भखरा गांव के 30 वर्षीय युवक सौरभ पाल ने, जो अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में चयनित हुए थे, राजस्थान में एक गैस सिलेंडर विस्फोट के दौरान घायल होने के बाद दम तोड़ दिया। उनकी अचानक मौत से गांव में शोक का माहौल है।
इंदरगढ़ थाने के उमर्दा चौकी क्षेत्र के भखरा गांव के निवासी राकेश पाल के बेटे सौरभ पाल (30) का बलिदान राजस्थान में हुआ। सौरभ का चयन पिछले वर्ष अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में हुआ था। बीती शाम, वह भरतपुर स्थित आर्मी के ट्रेनिंग कैम्प में थे, जहां एक गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में तेज धमाका हुआ, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय, सौरभ अपने साथियों के साथ खाना बना रहे थे। जब सिलेंडर में आग लगी, तो उसे बुझाने का प्रयास करते हुए वह चपेट में आ गए। उनके साथियों ने आग पर काबू पाया और तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन, दुर्भाग्यवश, रात करीब 10 बजे इलाज के दौरान सौरभ ने दम तोड़ दिया।

# बेसिक शिक्षा कार्यालय का लिपिक हुआ जहरखुरानी का शिकार



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात एक लिपिक बृजेन्द्र कुमार जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गए। वह दिल्ली से लौट रहे थे, जब रोडवेज बस में किसी ने उन्हें नशीला पदार्थ खिला दिया और लूट लिया। बेहोश होने के बाद बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने उन्हें कन्नौज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### विभाग के कर्मचारी अस्पताल पहुंचे

शनिवार सुबह जब बस कन्नौज रोडवेज स्टैंड से आगे बढ़ी तो कंडक्टर रोहित सैनी ने देखा कि बृजेन्द्र कुमार बेहोश हैं। उसने ड्राइवर सुनील कुमार को बताया। फिर वे उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। होश में आने पर बृजेन्द्र ने बताया कि उनके करीब ढाई लाख रुपये के सामान की चोरी हो गई। इस घटना की जानकारी होने पर उनके विभाग के अन्य कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे।

### किसी ने नशीला पदार्थ खिला दिया

बृजेन्द्र कुमार कन्नौज के सरायमीरा चौकी क्षेत्र के देविन टोला मोहल्ला के निवासी हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली गए थे। परिवार को वहीं छोड़कर वापस कन्नौज लौट रहे थे। आजाद नगर डिपो की रोडवेज बस में रात के समय किसी ने उन्हें नशीला पदार्थ खिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गए। इस दौरान गिरोह के लोगों ने उनके पास से 2 सोने की अंगूठी, 1 सोने की चेन, 15 हजार रुपये नगद और 2 मोबाइल फोन चुरा लिए।

## डीएम को अस्पताल में नहीं मिले सीएमएस सहित आठ डॉक्टर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव । मौरावां। डीएम ने मौरावां स्थित सौ शैया अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें सीएमएस सहित छह डॉक्टर और सात स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। इस पर डीएम ने अनुपस्थित डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन रोक दिया। साथ ही सभी से स्पष्टीकरण तलब किया। मौरावां के रामलीला मैदान स्थित सौ शैया अस्पताल का निर्माण 39.10 लाख रुपये की लागत कराया गया है। अस्पताल में सीएमएस सहित 14 डॉक्टर, 14 पैरामेडिकल स्टाफ और तीन स्टाफ नर्स की भी तैनाती है लेकिन संसाधन न होने से लोगों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, सीबीसी, लिवर और किडनी सहित अन्य जांच मशीनें नहीं हैं। इससे डॉक्टर केवल संभावना के आधार पर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। वहीं महिला डॉक्टर न होने से स्टाफ नर्स प्रसव कराने से कतरा रही हैं और गर्भवतियों को पीएचसी या सीएचसी रेफर कर दिया जाता है। इन खामियों को उजागर करते हुए अमर उजाला ने शुक्रवार के अंक में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया।

# नारी को सशक्त बनाओ, समृद्धि की राह अपनाओ : लवली

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आज तहसील छिबरामऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से संबंधित कानूनो एवं लैंगिक समानता के प्रावधानों, के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला जज/सचिव लवली जायसवाल की देख रेख में पराविधिक स्वयं सेवक मोसमीन बानो, साजिब, रिया व सीमा बानो द्वारा किया गया।
तहसील कन्नौज में आयोजित शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक रिया व सीमा बानो द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया गया कि महिलाओं के कानूनी अधिकार के प्रति महिला को ही सजग रहना होगा महिलाये, माता बहने परिवार की अग्रणी सदस्य है उनके बिना परिवार अधूरा है उनका सम्मान करना अनिवार्य है। महिलाओं के लिये संवैधानिक तौर पर कानून बनाये गये है, महिलाओं को समान कार्य का समान वेतन कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन कानून, महिला उत्पीडन, भरण पोषण महिलाओं के मदद के लिये महिला थाना, महिला हेल्पडेस्क, महिला हेल्प लाईन इत्यादि और महिलाओं को रात में गिरफ्तार न करने का कानून बनाये गये है। महिलाओं के कानूनी अधिकार जैसे कामकाजी महिलाओं का मातृत्व संबंधी अधिकार कार्यस्थल पर छेड़छाड़ यौन उत्पीड़न से सरंक्षण का अधिकार पुरुषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार पर विस्तृत चर्चा करते हुये बताया कि महिलाओं के मदद के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्पर है।
प्राधिकरण में किसी मामले की पीडित महिला अथवा बच्चे द्वारा एक सादे कागज पर भी अपनी समस्या को लिखित तौर पर प्रस्तुत करने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये विधिक सहायता प्रदान की जाती है।
इसी कम में पराविधिक स्वयं सेवक अनेश सुभा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई की प्रक्रिया एवं उसके लाभो के सम्बन्ध में तथा सरल जुर्मना योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

## मौरावां की 150 साल पुरानी रामलीला का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**फतेहपुर चौरासी।** कस्बे के रामलीला मैदान में 150 साल पुराने पारंपरिक मेले व रामलीला का शुभारंभ डीएम गौरांग राठी व मेला प्रबंधक विवेक सेठ ने फीता काटकर किया। डीएम मौरावां मेला व रामलीला ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष हैं, जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ मेला प्रबंधक हैं। मेला का शुभारंभ करने के बाद स्टॉलों का अवलोकन कर रहे डीएम से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा शुभी ने ऑटोग्राफ मांगा तो उन्होंने डायरी में हस्थाक्षर करके उत्साह बढ़ाया। वहीं पुरवा के कस्टोलवा में आयोजित रामलीला में पहुंचे पूर्व विधायक उदयराज यादव ने राम दरबार की आरती उतारी। इससे पहले गुरुवार रात राम वन गमन लीला का मंचन किया गया। सीता हरण के साथ लीला का समापन हुआ।

# एफएसडीए ने लिए सिंघाड़े के आटे के नमूने, चलाया जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने नवरात्र के मौके पर उपभोक्ताओं की सेहत को सुरक्षित रखने के लिए कन्नौज में सक्रियता दिखाई है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम ने तिर्वा रोड पर स्थित विभिन्न दुकानों पर छापेमारी की।
छापेमारी के दौरान मेसर्स पीताम्बरा स्टोर पर सिंघाड़े के आटे में मिलावट पाई गई, जिसके बाद विभाग ने 900 रुपये कीमत का आटा सीज कर दिया। इसके बाद टीम ने तिर्वा रोड पर स्थित नाइन टू नाइन स्टोर पर छापा मारकर वहां कुटू और सिंघाड़े के आटे के सैंपल लिए। टीम ने तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुआ भट्ठा स्थित प्रिंस किराना स्टोर और उमरायपुरवा के राठौर किराना स्टोर से भी साबूदाना का सैंपल लिया, जिसे आगे की जांच के लिए भेजा जाएगा।
मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि नवरात्र के दौरान सिंघाड़े और कुटू के आटे की मांग काफी बढ़ जाती है, जिससे मिलावट की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनकी टीम द्वारा उठाए गए कदमों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।
टीम छापेमारी तक सीमित नहीं रहकर जागरूकता अभियान भी चलाया
खाद्य सुरक्षा टीम ने केवल छापेमारी तक सीमित नहीं रहकर जागरूकता अभियान भी चलाया है। उन्होंने रंगीन खाद्य पदार्थों, खुले खाद्य पदार्थों और खुले तेल के उपयोग के संभावित नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक किया है। इस संबंध में जगह-जगह लोगों को जानकारी दी जा रही है ताकि वे सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों का चयन कर सकें।
फगुहा भट्ठा स्थित प्रिंस किराना से साबूदाना एवं उमराई पुरवा स्थित राठौर किराना से साबूदाना का नमूना संग्रहित किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, साथ ही टीम द्वारा आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति, रंगीन खाद्य पदार्थों, खुले खाद्य पदार्थों, खुला तेल आदि के विषय में जागरूकता अभियान भी चलाया जिसमे लगभग 150 लोग उपस्थित रहे।
अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी के खिलाफ उनकी मुहिम जारी रहेगी।

# युवा नेता तिर्वा की समस्याओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष से मिले

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



तिर्वा नगर की प्रमुख समस्याओं एवं बंद पड़े कैंसर व कार्डियोलॉजी अस्पताल को चालू कराने के लिए के लिए समाजवादी पार्टी के नेता अंशुल गुप्ता ने विधानसभा भवन लखनऊ में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से मुलाकात करके उनको अवगत कराया एवं संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव के लिए पत्र लिखकर एवं टेलीफोन वार्ता कराकर समाधान कराने के लिए अनुरोध किया।
तिर्वा की जर्जर विद्युत व्यवस्था को ठीक करने एवं लो वोल्टेज की समस्या के लिए पांच नए ट्रांसफार्मर रखवाने, नगर के वैकल्पिक बाईपास के लिए ठठिया रोड मनीपुरवा बंबे से तिर्वा वेला रोड अहेर पुलिया बंबे तक कच्ची रोड को चौड़ी करते हुए डामरीकरण कराने और बंद पड़े कैंसर एवं कार्डियोलॉजी अस्पताल में सरकर द्वारा पद सृजित करवा कर दोनों अस्पतालों को पूर्ण रूप से चालू कराने की माग की गई है। अंशुल की सभी मांगों को न्यायोचित मानते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सभी सम्बंधित मंत्रियों और विभागाध्यक्षो को पत्र भेजकर तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## स्कूल वाहन की टक्कर से साइकिल सवार सेल्समैन की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सफीपुर।** उन्नाव-हरदोई मार्ग नौबतपुर गांव के पास स्कूल वाहन की टक्कर से साइकिल सवार सेल्समैन की मौत हो गई। सफीपुर कोतवाली के नौबतपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार (20) पुत्र सोनेलाल सेल्समैन था। शुक्रवार सुबह वह साइकिल से दुकान जा रहा था। उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित नौबतपुर गांव के पास कस्बे की तरफ से आ रहे स्कूली वाहन ने टक्कर मार दी। इससे साइकिल वाहन में फंस गई। घटना में सेल्समैन 50 मीटर तक घिसटता चला गया। राहगीरों ने घायल को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल श्यामनारायण सिंह ने बताया कि वाहन के चालक की तलाश की जा रही है।

# मिशन शक्ति के तहत एक दिन की डीएम बनी शाम्भवी और मुस्कान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के आदेश पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-05 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आज तहसील दिवस में एक दिन की जिलाधिकारी नायिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जिलाधिकारी की पहल पर सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट पास छात्रा शांभवी मिश्रा और एसएसपी इंटर कॉलेज तिर्वा से इंटरमीडिएट पास छात्रा मुस्कान ने प्रतीकात्मक रूप से जिले की कमान संभाली और लोगों की समस्याओं को सुनते हुए किस प्रकार से जिला अधिकारी के पद का निर्वहन किया जाता है इसकी सीख ली। प्रतीकात्मक रूप से बनी एक दिन की जिलाअधिकारी शांभवी मिश्रा ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके अधिकारी बनना चाहती है उसके पिताजी कोर्ट में कर्मचारी हैं। प्रतीकात्मक रूप से बनी एक दिन की जिलाधिकारी मुस्कान ने कहा कि उसके पिता एक किसान है और वह भविष्य में एक डॉक्टर बन के अपने पिता का नाम रोशन करना चाहती है। आज प्रतीकात्मक रूप से इस पद पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है और इससे बाकी छात्रों को भी सीख लेने की जरूरत है और शिक्षा के महत्व को बताते हुए इसे बढ़ावा दिया जाना चहिए। तहसील सदर कन्नौज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता की समस्याओं से संबंधित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी और एसपी कन्नौज, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिला कॉलेज की छात्राओं ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की सावित्रीबाई फूले छात्रा इकाई के तत्वाधान में प्राचार्य रीतू सिंह के निर्देशन एवं संरक्षण में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत आज जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बीए की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा को अपनाएं, जीवन को खुशहाल बनाएं, आपका भविष्य आपके हाथ, हेलमेट सदा रखें साथ, एवं सुरक्षा के साथ समझौता, दुर्घटनाओं को न्योता, आदि अन्य नारे लगाते हुए आम जनमानस को जागरूक किया। इस जागरूकता रैली में नेहा, अनुष्का, समरीन, सबा, नंदिनी, साक्षी, आकांक्षा, पायल, प्रतिमा, अंजलि, सलोनी, काजल, कशिश, शिवांगी, रिया, मानसी आदि छात्राओं ने प्रमुख भूमिका निभाई। छात्राओं ने लोगों के समक्ष यातायात के नियम तथा वाहन चलाते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी होती है, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने से लेकर, नशे में वाहन न चलाने, अधिक सवारी न बिठाने आदि बिंदुओं पर अपनी बात रखी।
कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में मिशन शक्ति फेज 5 के तत्वावधान में आज निबंध प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में बी ए तृतीय वर्ष की आंचल ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की रिया ने द्वितीय स्थान, बीए तृतीय वर्ष की शिवांगी ने तृतीय स्थान एवं सांत्वना में बीए प्रथम वर्ष की प्रतिमा एवं बी ए प्रथम वर्ष की अंजलि ने स्थान प्राप्त किया।
निबंध प्रतियोगिता में बी ए तृतीय वर्ष की कोमल प्रथम, बी ए तृतीय वर्ष की शिवांगी द्वितीय एवं बी ए प्रथम वर्ष की आकांक्षा एवं द्वितीय वर्ष की नंदिनी तृतीय स्थान पर रही।
इसी के साथ भारतीय वीरांगना पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### इसके अंतर्गत

छात्राओं ने महारानी लक्ष्मी बाई, प्रतिभा पाटिल, साइना नेहवाल, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, सावित्रीबाई फुले, मदर टेरेसा, पीटी उषा, सरोजिनी नायडू, अहिल्याबाई, जीजाबाई, आदि विदुषियों पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का संयोजन शैलेन्द्र कुमार एवं डॉक्टर नेहा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# जल जीवन मिशन के तहत फर्जी सत्यापन रिपोर्ट लगाने वालों पर डीएम ने एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी




**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जहां पर भी सत्यापन करने में प्रधान सचिव आदि के फर्जी हस्ताक्षर कर सत्यापन रिपोर्ट लगाई गई है अथवा गलत सत्यापन रिपोर्ट दी गई है इनकी जांच कर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। कहा कि ऐसी ग्राम पंचायत में जिनका शतप्रतिशत कार्य पूर्ण दिखाकर शत प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है, उनकी भी जांच की जाए तथा जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही/अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन बुंदेलखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण योजना है इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता/ लापरवाही पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतो में खंड विकास अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से पुनः सत्यापन कराया जाए तथा उसकी सत्यापन रिपोर्ट लेकर 15 दिवस के अंदर जल जीवन मिशन की पुनः बैठक की जाए। जहां पर भी रोड/सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया गया है उसको तत्काल करा लिया जाए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है इसमें किसी स्तर पर लापरवाही न की जाय। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत बिना कार्य पूर्ण कराए किसी भी दशा में पेमेंट नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी निर्देश दिए की जहां पर भी कार्य पूर्ण हो चुका है वहां पर सभी घरों में पानी पहुंच रहा है अथवा नहीं इसकी भी जांच की जाए। जिन गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं वहां पर रोस्टर के अनुसार पेयजल सप्लाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों के सुचारू ढंग से संपादित किया जाय इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। एवं संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्य को पूर्ण कर जल्द से जल्द पेयजल की सप्लाई का लाभ सभी ग्रामीणों को दिलाने के निर्देश दिये। इस दौरान सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, एडीएम नमामि गंगे, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ठेकेदार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग को जो दायित्व दिए गए हैं उनका सही ढंग से निर्वहन किया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं यथा पेयजल शौचालय लाइट फर्नीचर जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।
जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए तथा विद्यालय में शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। स्कूलों की छोटी-मोटी कमियों को दूर किया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्धारित 19 पैरामीटर यथा पुरुष व महिला हेतु अलग- अलग शौचालय, टाइलीकरण, फर्नीचर आदि पैरामीटर में प्रभावी ढंग से प्लान बनाकर सभी स्कूलों में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने कहा कि विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स की नियमित रूप से बैठक आयोजित किया जाय। अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की जाय। बीएसए व एबीएसए द्वारा स्कूलों का अच्छे ढंग से पर्यवेक्षण किया जाय। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, बीएसए आलोक सिंह,समस्त बीडीओ तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# स्व घोषित विधायक प्रतिनिधि ने विधायक की दबंगई दिखाकर बेच ली ग्रामीणों की भैसें, एसपी मौन

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



आरोपी विधायक का करीबी होने की वजह से जाँच का हवाला देते पुलिस कार्यवाही करने से बचते नजर आ रही है
थाना सुमेरपुर क्षेत्र में स्व घोषित विधायक प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की भैसे बेच ली जिसमे ग्रामीणों ने अपनी भैसे वापिस लेने एवं आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के लिये पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा से की फरियाद।
आपको बता दे की 2 सितम्बर को भगवानदीन प्रजापति एवं बतलुन बानो एवं जहरीन बानो निवासीगण ग्राम कम्हरिया मौदहा की 4 भैसे कम्हरिया हार में हरी घांस चरते चरते इंगोहठा हार पहुच गई जिसके बाद इंगोहठा के राम प्रकाश यादव ने चारो भैसों को अपने घर में बांध लिया और अपने पड़ोसी राकेश यादव के माध्यम से सोशल मीडिया में जानकारी साझा करते सुचना डलवाई की किसी की चार भैसे आवारा घूम रही थी जिनको उन्होंने बांध लिया है जिसकी भी भैसे हो वो दिये गये मोबाइल न0 पर सम्पर्क करे जिसके बाद गाव के बीडी प्रजापति जो पेशे से कोटेदार है और वर्तमान विधायक मनोज कुमार प्रजापति का बहुत करीबी मना जाता है उन्होंने चारो भैसे अपने रिश्तेदार की कहते राम प्रकाश यादव के यहाँ से लेगये और उन भैसों को चोरी से बेच लिया जिसकी सुचना कुछ दिनों बाद वास्तविक भैसों के मालिको को पता चला तो उन्होंने सम्पर्क किया तब ज्ञात हुआ की भैसे विधायक के करीबी बीडी प्रजापति लगाये है और जब उन्होंने बीडी प्रजापति से अपनी भैसे वापिस मांगी तो उन्होंने विधायक का पॉवर दिखाते भैसे देने से मना कर दिया और उल्टा पीडतो को धमका कर भगा दिया जिसके बाद पीडत चौकी गये तो पुलिस प्रशासन ने भी विधायक का प्रभाव बताते भगा दिया जिसके बाद पीड़ित पक्ष थाना सुमेरपुर गये जंहा उनको निराशा मिली और फिर क्षेत्रीय अधिकारी से लगाकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई जिसमे परन्तु पिछले एक माह पीड़ित पक्ष को थाने के चक्कर लगवाये जा रहे है वंही पीड़ित पक्ष का कहना है की पुलिस प्रशासन बार बार विधायक के पास जाने की बात करते है और विधायक के प्रभाव के चलते पुलिस भी जाँच करने का हवाला देते कार्यवाही से बचते नजर आ रही है वंही सदर विधायक मनोज कुमार प्रजापति ने पुरे प्रकरण में अनभिज्ञता नजर दिखाते मामले से बचते नजर आये और उन्होंने बताया की बीडी प्रजापति को वो जानते है पर उन्होंने किसी को अपना प्रतिनिधि नही बनाया और मैंने किसी पुलिस पर कोई दबाव नही बनाया पुलिस स्वतन्त्र है कार्यवाही के लिए।

